रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 25 अगस्त 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-05 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### सोपोर मुठभेड़ में आतंकवादी ढेर, जवान घायल



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के सोपोर उप जिले में एक मुठभेड़ के दौरान एक अज्ञात आतंकवादी मारा गया और एक जवान घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि राफियाबाद में वाटरगाम पॉइंट पर सतर्क सुरक्षा बलों को आसपास संदिग्ध हलचल महसूस हुई। सुरक्षा बलों द्वारा चुनौती दिए जाने पर आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी शुरु कर की। सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की और मुठभेड़ शुरू हो गयी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, इलाके को तुरंत घेर लिया गया और तलाशी शुरू की गई। बाद में तलाशी के दौरान हथियार गोला बारूद के साथ आतंकवादी का शव बरामद किया गया। आतंकवादी की पहचान की जा रही है।

### सरकार की युवा विरोधी नीति के कारण देश में नौकरियों का आकाल : खड़गे



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार की नीतियां युवा विरोधी हैं जिसके कारण कंपनियों में रोजगार के अवसर घटे हैं और मुट्ठी भर सरकारी नौकरियों के लिए लाखों युवक आवेदन कर रहे हैं। खड़गे ने कहा कि इंश्योरेंस आदि क्षेत्रों में नौकरियां बहुत घट गई हैं। वर्ष 2022-23 में 375 कंपनियों में 3.45 लाख नौकरियां घटी हैं और इसकी वजह से देश में बेरोजगारी तेजी से बढ़ी है। मोदी सरकार चीन को 'लाल आंख' दिखाने की बजाय 'चीनी कंपनियों' के लिए लाल कारपेट बिछा रही है।

### राजस्थान में करीब 196 करोड़ की लागत की 332 किलोमीटर सड़कों की स्वीकृति

**जयपुर।** राजस्थान की उपमुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री दिया कुमारी ने बजट घोषणा 2024 -25 की क्रियान्विति में 195.68 करोड़ रुपए की लागत की 332.10 किलोमीटर सड़कों की मंजूरी प्रदान की है। दिया कुमारी ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को तत्काल टेंडर कर इन कामों को पूरा करने के निर्देश दिए। इस राशि से सड़क निर्माण, नवीनीकरण, चौड़ाईकरण एवम् सड़क मय पुलिया निर्माण के कार्य किए जायेगे।

# छत्तीसगढ़ में पहली बार महुआ बचाओ अभियान

## धार्मिक, आर्थिक और सामाजिक रूप से आदिवासियों के बीच महुआ का है विशेष महत्व

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

पायनियर जनसरोकार









गांवों के आस-पास दिखाई देने वाले ज्यादातर महुआ के पेड़ काफी पुराने नजर आते है। आप देखेंगे तो नए पेड़ों की संख्या ना के बराबर है। ऐसे में आदिवासियों के रोजगार और धर्म से जुड़ा महुआ का पेड़ कुछ समय बाद विलुप्त होने के कगार पर पहुंच जाएगा। जिसकों ध्यान में रखते हुए गांवों के आस-पास खाली जमीन, मेड़ और खेतों पर महुआ के नए पौधे रोपे जा रहे है। और पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री-गार्ड भी प्रदान किया जा रहा है। जिसके कारण ग्रामीणों में पौधे के प्रति खासी रूचि दिख रही है। इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य आदिवासियों के रोजगार के साथ-साथ उनकी संस्कृति को बचाना है।

**मनीष कश्यप**
**वनमण्डलाधिकारी, मनेन्द्रगढ़**

महुआ के पेड़ों की घटती संख्या चिंता का विषय है। सबसे बड़ी समस्या इनकी पुर्नउत्पादन की है। जंगल में तो महुआ पर्याप्त है पर आदिवासियों के द्वारा अधिकतर महुआ का संग्रहण गाँव के ख़ाली पड़े ज़मीन और खेत के मेड़ो पर लगे महुआ के पेड़ों से होती है। आदिवासी बाहुल्य बस्तर और सरगुज़ा के ज्यादातर गाँव और उनके खेतों के पार और ख़ाली ज़मीन में सिर्फ बड़े महुआ के पेड़ ही बचे दिखाई देते है। छोटे और मध्यम आयु के पेड़ लगभग नगण्य होते दिख रहे हैं। आमतौर पर ग्रामीणों के द्वारा महुआ संग्रहण से पहले ज़मीन साफ करने के लिए आग लगाई जाती है उसी के कारण एक भी महुआ के छोटे पौधे ज़िंदा नहीं रहते। ग्रामीण महुआ के सभी बीज का भी संग्रहण कर लेते है, यह भी एक कारण है महुआ के नए पेड़ बिलकुल दिखाई नहीं देते। आखिर बड़े महुआ पेड़ कब तक जीवित रह पायेंगे? छत्तीसगढ़ के अधिकतर महुआ पेड़ बूढ़े हो रहे है। महुआ पेड़ की औसत आयु 60 वर्ष है। अगर जंगल के अंदर और बाहर इनके पुर्नउत्पादन पर ध्यान नहीं दिया गया तो ये जल्द ही समाप्त हो जाएँगे। राज्य में महुआ के पेड़ों का सीधे तौर पर धार्मिक, आर्थिक और सामाजिक रूप से जुड़ाव है। इसी को देखते हुए मनेंद्रगढ़ वनमण्डल में इस वर्ष पहली बार गाँव के बाहर ख़ाली पड़ी ज़मीन और खेतों में महुआ के पौधे लगाये जा रहे है। जिसकी सुरक्षा ट्री गार्ड से की जा रही है। मिली जानकारी अनुसार अब तक 30,000 महुआ के पौधे लगाये जा चुके है। ग्रामीणों में पौधे के साथ ट्री गार्ड मिलने से इस योजना में ज़बरदस्त उत्साह दिख रहा है। बिना सुरक्षा के महुआ लगाने का कोई फायदा नहीं है। छत्तीसगढ़ में आदिवासियों के रोजगार को देखते हुए संभवतः पहली बार इस तरह का अभियान चलाया जा रहा है। 10 वर्ष में ही महुआ परिपक्व हो जाता है। एक महुआ के पेड़ से आदिवासी परिवार औसतन 2 क्विंटल फूल और 50 किलो बीज प्राप्त करते है, जिसकी बाजार क़ीमत लगभग 10 हज़ार से ऊपर है। निश्चित ही विभाग की यह पहल आदिवासियों और उनकी संस्कृति के लिए हितकर साबित होगी।

### छत्तीसगढ के 'खनिज ऑनलाईन' पोर्टल को एक्सीलेंस अवार्ड

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ के खनिज ऑनलाईन पोर्टल को एक्सीलेंस अवार्ड मिलने पर खनिज विभाग के अधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। प्रदेश में खान एवं खनिजों के समग्र प्रबंधन हेतु छत्तीसगढ़ के खनिज साधन विभाग द्वारा विकसित वेब बेस्ड पोर्टल खनिज ऑनलाईन को इण्डियन एक्सप्रेस ग्रुप द्वारा इंटरप्राईज एप्लीकेशन्स कैटेगरी अंतर्गत टेक्नोलॉजी सभा एक्सीलेंस अवार्ड से नवाजा गया है। उत्तर प्रदेश के लखनऊ में 23 अगस्त को आयोजित कार्यक्रम में खनिज विभाग की ओर से यह अवार्ड ज्वाइंट डायरेक्टर एवं खनिज ऑनलाईन के नोडल ऑफिसर अनुराग दीवान ने ग्रहण किया। किसी शासकीय प्रक्रिया को ऑनलाईन करने की यह योजना छत्तीसगढ़ के खनन क्षेत्र में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की दिशा में एक प्रमुख कदम साबित हुआ है। खनिज ऑनलाईन की सफलता से विभाग अब खनिज ऑनलाईन 2.0 योजना पर प्रयासरत है। जिसमें खानों का जियोफेंसिंग, व्हीकल ट्रेकिंग सिस्टम, मोबाईल एप्प आदि के साथ-साथ आरटीओ. रेलवे आदि से इंटीग्रेशन सहित निगरानी एवं नियंत्रण हेतु एक सेन्ट्रल कमाण्ड एंड कंट्रोल सेंटर की स्थापना की योजना पर कार्य कर रही है।

### राष्ट्रीय सुरक्षा पर सवालिया निशान है कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधनः योगी

पायनियर संवाददाता < लखनऊ
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस का गठबंधन राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर कई सवाल पैदा कर रहा है। योगी ने कहा कि नफरत की फसल काटने वाली कांग्रेस व नेकां की सियासी जमीन सदा के लिए बंजर हो गई है। आतंकवाद और अलगाववाद का मुद्दा वहां चिनाब की जलधारा में सदा के लिए विलीन हो चुका है। उन्होने कहा कि जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35ए का कलंक मिटाने के साथ ही भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की थी। अब जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की तिथियां घोषित हो चुकी हैं। यह चुनाव न केवल वहां के लोगों, बल्कि लोकतंत्र में आस्था रखने वाले हर भारतीय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। दुनिया भर की निगाह इस ओर लगी हुई है। ऐसे महत्वपूर्ण चुनाव में इंडी गठबंधन का नेतृत्व करने वाली कांग्रेस ने अब्दुल्ला एंड संस फैमिली प्राइवेट लिमिटेड की नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन करके फिर से राष्ट्रविरोधी मंसूबों को देश के सामने रख दिया है। उन्होने कहा कि हाल ही में नेशनल कॉन्फ्रेंस ने अपना घोषणापत्र जारी किया है।

### राजनाथ और अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने भू-राजनीतिक स्थिति और क्षेत्रीय सुरक्षा पर चर्चा की

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



अमेरिका की यात्रा पर गए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार देर रात वाशिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन से मुलाकात कर उभरती भू-राजनीतिक स्थिति और कुछ प्रमुख क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सिंह ने भारत और अमेरिका के बीच रक्षा औद्योगिक सहयोग परियोजनाओं और संभावित क्षेत्रों के बारे में भी चर्चा की जहां दोनों देशों के उद्योग मिलकर काम कर सकते हैं। रक्षा मंत्री ने वाशिंगटन में 'यूएस इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम' द्वारा आयोजित एक गोलमेज सम्मेलन में अमेरिकी रक्षा उद्योग के वरिष्ठ नेताओं के साथ भी बातचीत की। गोलमेज बैठक में बड़ी संख्या में अमेरिकी रक्षा और प्रौद्योगिकी कंपनियों ने भाग लिया। रक्षा मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि अमेरिकी निवेश और प्रौद्योगिकी सहयोग का भारत स्वागत करता है और एक कुशल मानव संसाधन आधार, मजबूत एफडीआई समर्थक, व्यापार समर्थक पारिस्थितिकी तंत्र और बड़े घरेलू बाजार के साथ तैयार है।

## केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महाप्रभु वल्लभाचार्य जी के मुख्य प्राकट्य बैठक स्थल और चम्पेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना की






केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नया रायपुर स्थित होटल मेफेयर में 'नए भारत का नया कानून' पुस्तक का विमोचन किया। यह पुस्तक '2023 के नए आपराधिक कानून' का छत्तीसगढ़ की छह प्रमुख स्थानीय भाषाओं–हल्बी, गोंडी, भतरी, कुडुख, छत्तीसगढ़ी और हिंदी में रूपांतरित संस्करण है।

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ के पवित्र धाम चंपारण पहुंचे। यहां उन्होंने महाप्रभु वल्लभाचार्य जी के मुख्य प्राकट्य बैठक स्थल और चम्पेश्वर महादेव की पूजा अर्चना की और देशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी उनके साथ थे। चंपारण में महाप्रभु वल्लभाचार्य आश्रम पहुंचने पर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का परम्परागत् ढंग से स्वागत किया गया। इस मौके पर द्वारिकेश लाल जी महाराज द्वारा उन्हें महाप्रभु वल्लभाचार्य जी की प्रतिमा भेंट की गई। वल्लभाचार्य निधि ट्रस्ट की ओर से भी उनका स्वागत किया गया छत्तीसगढ़ में महाप्रभु वल्लभाचार्य जी के जन्मस्थली चंपारण में देशभर से पुष्टिमार्ग के अनुयायी जुटते हैं। बनारस-दक्षिण प्रवास के दौरान वल्लभाचार्य जी की माता को प्रसव पीड़ा हुई और चंपारण में चम्पेश्वर महादेव मंदिर के निकट उन्होंने बालक को जन्म दिया। वल्लभाचार्य जी ने पुष्टि मार्ग का प्रवर्तन किया और देशभर में कृष्ण भक्ति की अलख जगाई। भारत में हमेशा से उत्तर से दक्षिण भारत की ओर तथा दक्षिण भारत से उत्तर की ओर तीर्थ यात्रा की परंपरा रही है और यह तीर्थ यात्रा महानदी के बहुत से तीर्थ स्थलों के निकट से गुजरती है। चंपारण की कहानी अपने आप में भारत की विशिष्ट सांस्कृतिक समृद्धि को दर्शाती है।

### मार्च 2026 तक देश नक्सल समस्या से मुक्त हो जाएगा : अमित शाह

पत्रकारों से चर्चा करते हुए अमित शाह ने कहा कि मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ के साथ अन्य राज्य नक्सल मुक्त हो जायेंगे। पूरा देश नक्सल मुक्त होगा। छत्तीसगढ़ में नई सरकार आने के बाद नक्सल मोर्चे पर बेहतर काम हुए है। शाह ने कहा मैं सीएम और गृह मंत्री को हृदय से बधाई देता हूं, गृह मंत्री ने हिड़मा के गांव जाकर लोगों को आयुष्मान कार्ड दिया। यह तमाम सुरक्षा बलों से संभव हुआ, यह एक बड़ी विजय है। शाह ने कहा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में केंद्र और राज्य की योजनाओं को पहुंचने में जो बाधा आ रही है, उसे दूर करने पर आज चर्चा की गई है। नक्सलियों पर अंतिम प्रहार करने का समय आ गया है। नक्सली लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ी चुनौती हैं।

### छुट्टी का बहाना कर चुनाव टालने की भाजपा की हरियाणा में 'छुट्टी' तय : कांग्रेस

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस ने कहा है कि भाजपा की हरियाणा में एक अक्टूबर को चुनाव टालने की कोशिश से स्पष्ट है कि राज्य में उनकी पार्टी का जनाधार खत्म हो गया है और वह चुनाव हार रही है इसलिए विधानसभा चुनाव की तिथि आगे बढ़ने का अनुरोध किया जा रहा है। हरियाणा कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि प्रदेश भाजपा ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर कहा है कि मतदान की तिथि एक अक्टूबर है और उस समय का माहौल अवकाश का है इसलिए मतदान की तिथि आगे बढ़ाई जानी चाहिए। कांग्रेस का कहना है कि यह भाजपा का डर है इसलिए छुट्टी का बहाना कर चुनाव टालने का प्रयास किया जा रहा है। पार्टी की वरिष्ठ नेता कुमारी सैलजा ने कहा, छुट्टी होना तय है, इसलिए छुट्टी का बहाना बना रहे हैं। वरिष्ठ नेता दीपेन्द्र सिंह हुड्डा ने कहा, हरियाणा भाजपा ने चुनाव आयोग को चुनाव टालने के लिए पत्र लिखा है, जो यह दर्शाता है कि भाजपा चुनाव से किस कदर घबराई है। अपनी हार सामने देख सत्ताधारी पार्टी द्वारा बचकाने तर्क दिये जा रहे हैं। क्योंकि उसके पास न कोई मुद्दा है, न जनता को बताने लायक कोई काम या उपलब्धि और न ही टिकट देने लायक 90 उम्मीदवार। इसलिए भाजपा छुट्टियों का बहाना बनाकर चुनाव टालने की साजिश कर रही है। उन्होंने कहा, हरियाणा के मतदाता बेहद जागरुक हैं। वो कहीं छुट्टी मनाने नहीं जाएंगे, बल्कि भाजपा की छुट्टी करने के लिए भारी संख्या में मतदान केंद्र आकर वोट देंगे।

### औसत वेतन के 50 प्रतिशत के बराबर पेंशन मिलेगी

## सरकार ने एनपीएस के विकल्प के तौर पर पेश की नयी यूपीएस पेंशन योजना

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



सरकार ने केन्द्रीय कर्मचारियों के लिये नयी पेंशन योजना (एनपीएस) के विकल्प के रूप में शनिवार को एक नयी एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) लागू करने के एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी दी जिसमें कर्मचारी को 25 वर्ष की सेवा के बाद आखिरी वर्ष के औसत वेतन के 50 प्रतिशत के बराबर पेंशन मिलेगी। यूपीएस के लिये सरकार 18.5 प्रतिशत का योगदान करेगी और इसमें फैमिली पेंशन, गारंटी शुदा न्यूनतम पेंशन और सेवानिवृत्ति के बाद एकमुश्त भुगतान के भी प्रावधान किये गये हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिये गये फैसलों की जानकारी देते हुये सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कहा, यह योजना पूर्ण रूप से वित्तीय व्यवस्था के साथ लागू की जा रही है। यह कांग्रेस शासित कुछ राज्यों की योजनाओं के तहत कोई खोखला वादा नहीं है। उन्होंने बताया कि इस योजना से 30 लाख केन्द्रीय कर्मचारियों को फायदा होने की उम्मीद है और राज्य सरकारें यूपीएस को लागू करती हैं तो कुल 90 लाख कर्मचारियों को इसका फायदा हो सकेगा। उन्होंने बताया कि एनपीएस में सरकार अपनी ओर से 14 प्रतिशत अंशदान करती है, इसे बढ़ाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को एनपीएस से यूपीएस से चुनने का विकल्प केवल एक बार के लिये होगा। वैष्णव ने कहा कि यह योजना कर्मचारियों की यूनियनों और विशेषज्ञ संस्थाओं के साथ पूरे विचार-विमर्श के साथ लायी गयी है। उल्लेखनीय है कि सरकारी कर्मचारियों के लिये एनपीएस एक चुनावी मुद्दा बन गया था, कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने पिछले कुछ चुनावों के दौरान इस योजना को खत्म कर पुरानी योजना लागू करने का वादा किया था। वैष्णव ने स्पष्ट किया कि एनपीएस और यूपीएस दोनों ही में कर्मचारियों का अंशदान शामिल होगा। यूपीएस में सरकारी कर्मचारियों को अपनी ओर से कोई अतिरिक्त अंशदान नहीं करना पड़ेगा। इसमें केवल सरकार का अंशदान बढ़ाया जा रहा है।

### मध्यप्रदेश की लखपति दीदियां मोदी से करेंगी संवाद

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मध्यप्रदेश की लखपति दीदियों से संवाद करेंगे और उन्हें सम्मानित करेंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार सम्मान कार्यक्रम 25 अगस्त रविवार को महाराष्ट्र राज्य के जलगांव में हो रहा है। मध्यप्रदेश की पांच लखपति दीदियां कार्यक्रम में शामिल होने जलगांव पहुंच गई हैं। पीएम मोदी मध्यप्रदेश की लखपति दीदियों को सम्मान-पत्र देंगे। इनमें गुना जिले की लखपति दीदी गंगा अहिरवार को सम्मान-पत्र दिया जायेगा। केन्द्र सरकार के सौ दिनों में लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य मिलने के बाद मध्यप्रदेश में 96 हजार 240 बहनें लखपति दीदी बन गईं। इनको मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की ओर से वित्तीय सहायता, बाज़ार सहायता एवं तकनीकी सहायता दी गई है। इनके स्व-सहायता समूहों के उत्पादों की पहुंच बड़े बाजारों तक बनाने के लिये डिजीटल प्लेटफार्म पर लाकर ऑनलाईन मार्केटिंग की जा रही है। मध्यप्रदेश में गठित लगभग पांच लाख महिला स्व-सहायता समूहों से गांवों के लगभग 62 लाख गरीब परिवार जुड़ गये हैं और वे सामाजिक-आर्थिक रूप से सशक्त बन रहे हैं। लखपति दीदी बनने की संभावना वाली स्व-सहायता समूह की सदस्य बहनों की पहचान लखपति सीआरपी (सामुदायिक स्त्रोत व्यक्ति ) दीदियां कर रही है।

### भारत ने किया पहला पुनः प्रयोज्य हाइब्रिड रॉकेट रुमी का सफल प्रक्षेपण

वार्ता < चेन्नई
www.dailypioneer.com

तमिलनाडु में मोबाइल लॉन्चपैड से देश का पहला पुनः प्रयोज्य हाइब्रिड रॉकेट रुमी का प्रक्षेपण शनिवार सुबह सफलतापूर्वक हुआ। सुबह 07.07 बजे तीन क्यूब सैटेलाइट और 50 पिको सैटेलाइट ले जाने वाले रुमी रॉकेट का प्रक्षेपण ईसीआर पर चेंगलपेट के थिरुविदंधई तटीय गांव में मोबाइल लॉन्च पैड से हुआ जो भारत की अंतरिक्ष अन्वेषण यात्रा में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। मिशन के लिए सरकार, नागरिक उड्डयन, आईएएफ तांबरम और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण से सभी आवश्यक मंजूरी मिलने के बाद एक ट्रक पर लगे हाइड्रोलिक लॉन्चर का उपयोग करके प्रक्षेपण किया गया। तमिलनाडु की उभरती हुई एयरो-टेक कंपनी स्पेस ज़ोन इंडिया ने मिशन रुमी 2024 को तैयार किया है जो भारतीय एयरोस्पेस उद्योग में अपनी तरह का पहला मील का पत्थर साबित हुआ है। इस मिशन के माध्यम से कंपनी ने मोबाइल लॉन्चपैड पर भारत का पहला पुनः प्रयोज्य हाइब्रिड रॉकेट लॉन्च किया, जो दक्षता में सुधार और परिचालन लागत को कम करने के लिए तरल ऑक्सीडाइज़र और ठोस ईंधन प्रणोदक प्रणालियों दोनों के लाभों को मिलाकर प्रौद्योगिकी की शक्ति का उपयोग करेगा। स्पेस ज़ोन इंडिया के संस्थापक और सीईओ डॉ. आनंद मेगालिंगम ने कहा, यह मोबाइल लॉन्च सिस्टम हमें किसी भी स्थान से आसानी से विभिन्न लॉन्च परिदृश्यों के सटीक नियंत्रण की अनुमति देता है।' उन्होंने कहा कि रुमी 1 रॉकेट तीन क्यूब उपग्रहों को लेकर गया, जिन्हें ब्रह्मांडीय विकिरण तीव्रता, यूवी विकिरण तीव्रता, वायु गुणवत्ता और अधिक सहित वायुमंडलीय स्थितियों पर डेटा की निगरानी और संग्रह करने के लिए डिज़ाइन किया गया था। उन्होंने बताया कि रॉकेट ने 50 अलग-अलग पिको उपग्रहों को तैनात किया जिनमें से प्रत्येक कंपन, एक्सेलेरोमीटर रीडिंग, ऊंचाई, ओजोन स्तर, विषाक्त सामग्री और फाइबर के प्राकृतिक और सिंथेटिक आणविक बंधन जैसे वायुमंडलीय स्थितियों के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करने के लिए समर्पित है।

### नेशनल कान्फ्रेंस के घोषणा पत्र पर धामी ने पूछे राहुल से 10 सवाल

एजेंसी < देहरादून
www.dailypioneer.com



जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस व इंडिया समूह के सदस्य नेशनल कान्फ्रेंस के घोषणा पत्र पर भाजपा राष्ट्रीय स्तर पर मुखर हो गई है। इसी क्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज कसे। साथ ही, उनसे दस सवाल भी पूछे। धामी ने कहा कि सत्ता के लालच में बार-बार देश की एकता और सुरक्षा के साथ खेलने वाली कांग्रेस ने जम्मू कश्मीर चुनाव में अब्दुल्ला परिवार की 'नेशनल कांफ्रेंस' के साथ गठबंधन कर, फिर से अपने मंसूबों को देश के सामने रखा है। धामी ने कहा कि नेशनल कांफ्रेंस के घोषणा पत्र के वादों पर कांग्रेस पार्टी और राहुल गाँधी से यह देश जानना चाहता है कि क्या कांग्रेस चाहती है कि शंकराचार्य पर्वत 'तख्त-ए-सुलिमान' और हरि पर्वत 'कोह-ए- मारन' के नाम से जाने जाएँ? उन्होंने सवाल किया कि क्या कांग्रेस 'नेशनल कांफ्रेंस' के जम्मू-कश्मीर में फिर से अलग झंडे के वादे का समर्थन करती है? धामी ने सवाल किया कि क्या राहुल गाँधी और कांग्रेस पार्टी धारा 370 और आर्टिकल 35ए को वापस लाकर, जम्मू- कश्मीर को फिर से अशांति और आतंकवाद के युग में धकेलने के जम्मू कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस के निर्णय का समर्थन करती है? उन्होंने उनसे यह भी पूछा है कि क्या कांग्रेस कश्मीर के युवाओं के बदले पाकिस्तान के साथ वार्ता करके फिर से अलगाववाद को बढ़ावा देने का समर्थन करती है? उन्होंने यह भी पूछा है कि क्या कांग्रेस पार्टी और राहुल गाँधी, पाकिस्तान के साथ 'एलओसी ट्रेड' शुरू करने के नेशनल कांफ्रेंस के निर्णय से फिर से बॉर्डर पार से आतंकवाद और उसके इकोसिस्टम का पोषण करने का समर्थन करते हैं? मुख्यमंत्री ने गांधी से पूछा कि क्या कांग्रेस आतंकवाद और पत्थरबाजी की घटनाओं में शामिल लोगों के परिजनों को फिर से सरकारी नौकरी में बहाल करके आतंकवाद, दहशतगर्दी और बंद के दौर को फिर से लाने का समर्थन करती है?

# नियद नेल्लानार से राजधानी का सफर, जिला प्रशासन की अभिनव पहल

## माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में नियद नेल्लानार योजना के तहत बुनियादी सुविधाओं के विस्तार से स्थानीय युवाओं में उत्साह







पायनियर संवाददाता ‹ बीजापुर
www.dailypioneer.com

बीजापुर जिले में समाजिक समावेशी विकास हो रहा है जिसमें सभी वर्ग जुड़कर विकास में अपनी सहभागिता दे रहे हैं जिससे बीजापुर अब निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना है नियद नेल्लानार जिसका अर्थ है आपका अच्छा गांव। नियद नेल्लानार योजना के तहत बीजापुर जिले के 33 गांवों को बुनियादी सुविधाओं के साथ विकास के मुख्य धारा में लाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष पहल की गई। नियद नेल्लानार योजना से सुरक्षा कैम्प के स्थापना के साथ ही 5 किलोमीटर के दायरे में सड़क, बिजली पानी राशन, स्कूल, अस्पताल, आंगनबाड़ी सहित सभी प्रकार की बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करने के साथ ही जिला प्रशासन द्वारा उन गांवों के युवाओं को प्रदेश की राजधानी रायपुर का भ्रमण कराया गया जिसमें जिले के अत्यंत सुदूर और माओवाद प्रभावित युवा जो कभी बीजापुर जिला मुख्यालय एवं जगदलपुर भी नहीं गए थे उन्हें रायपुर में औद्योगिक विकास सहित रोजगार के क्षेत्र में नए नए अवसर एवं विकास की सभी गतिविधियों से परिचित कराया जा रहा है। बीजापुर से निकलकर जगदलपुर में मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट का भ्रमण किए उसके बाद जगदलपुर में राईस मिल में धान से चांवल बनाने और धान के अन्य अपशिष्ट कोढ़ा, कनकी से बनने वाले उत्पादों के बारे में जानकारी ली। वहीं रायपुर के स्टील प्लांट में होने वाले सभी गतिविधियों को सूक्ष्मतापूर्वक जानकारी दी गई। स्टील प्लांट में कार्यरत कर्मचारियों को संस्थान द्वारा दी जाने वाली सभी सुविधाओं को विस्तार से बताया गया शिक्षा स्वास्थ्य बीमा जैसे सुविधाएं कर्मचारियों के परिजनों दिया जाता है। युवाओं का स्टील प्लांट परिसर स्थित अस्पताल में स्वास्थ्य जांच किया गया। इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया गया जिसमें बीजापुर के युवाओं ने सहभागिता दी।इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी किशन कुमार, सहायक महाप्रबंधक महेन्द्र सिंह प्रबंधक विभूति भूषण पुनीत शुक्ला मौजूद थे। इसके पश्चात नया रायपुर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और मंदिर हसौद के औद्योगिक क्षेत्रों का भ्रमण कराया गया।इसके साथ ही नया रायपुर में मंत्रालय इन्द्रावती भवन, शैक्षणिक संस्थानों एवं पुरखौती मुक्तांगन का भी भ्रमण कराया जाएगा।

### राजधानी भ्रमण से युवाओं में उत्साह

नियद नेल्लानार मनवा नेल्ला प्रदेश योजना के तहत राजधानी भ्रमण से युवाओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला जो युवां कभी जिला मुख्यालय नहीं देखे आज प्रदेश की राजधानी पहुंचकर उनमें उत्साह का नया संचार हो रहा है और विकास की नए आवाम और रोज़गार मूलक गतिविधियों से जुड़कर अपने नए और सुंदर भविष्य के लिए आशान्वित नजर आ रहे है।

# कांग्रेस के प्रदर्शन पर भाजपा का बड़ा हमला

### सतनामी समाज के न्याय की लड़ाई में बाधा बन रही कांग्रेस : गुरु खुशवंत

### आरोपी के लिए कांग्रेस का प्रदर्शन शर्मनाक कृत्य



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी को लेकर कांग्रेस के प्रदर्शन को अराजकता फैलाने के लिए किया जा रहा प्रलाप बताया है। गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि दरअसल बलौदाबाजार के हिंसक घटनाक्रम में निरे एक प्यादे प्रतीत हो रह देवेन्द्र यादव की गिरफ्तारी को लेकर कांग्रेस के पूरे ईको सिस्टम की बौखलाहट यही है कि उसका सारा षड्यंत्र पर्दाफाश हो जाएगा और इसलिए इस तरह की फ्लॉप सियासी नौटंकियों के जरिए कांग्रेसी प्रदेश की जनता का ध्यान भटकाने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस सतनामी समाज के न्याय की लड़ाई के बाधा बन रही है,यह शर्मनाक कृत्य है। भाजपा विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि एक ऐसा व्यक्ति, जिसने सफेद झंडे का अपमान किया, जो सतनामी समाज की भावनाओं को आहत करने वालों को प्रेरित करने का आरोपी है, ऐसे आरोपी का साथ देकर कांग्रेस सतनामी समाज के न्याय की लड़ाई में बाधा बन रही है। समाज की भावनाओं को आहत कर रही है और हमेशा से कांग्रेस ने कभी यह नहीं चाहा कि सतनामी समाज को कभी न्याय मिले। ऐसे संवेदनशील विषयों पर आरोपियों का साथ देना कहीं-न-कहीं ऐसे गंभीर मामलों में संलिप्तता दिखता है, कांग्रेस जो कर रही है। उसे लगता है कि देवेंद्र यादव को समर्थन देना उसकी मजबूरी है। शायद सभी लोग इस घिनौने काम में लिप्त हैं। गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि अगर कांग्रेस संविधान को हाथ में लेकर घूमती है और संविधान को मानती है तो न्यायिक प्रक्रिया का सामना करने से क्यों डरती है? अगर देवेंद्र यादव निर्दोष हैं तो क्यों इतने प्रदर्शन करने की जरूरत पड़ रही है? कांग्रेस की हर एक हरकतें बताती है कि कुछ-न-कुछ गलत हुआ है। सतनामी समाज के भावनाओं को कांग्रेस लगातार आहत कर रही है। आरक्षण समेत अनेक मामले इस बात के गवाह हैं।

# स्व. कुंदन लाल जैन की स्मृति में राष्ट्र गौरव का पुनर्जागरण विषय पर आयोजित होगी व्याख्यानमाला

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर महानगर के पूर्व संघचालक स्व. कुंदन लाल जैन की पुण्य स्मृति में राजधानी रायपुर के मेडिकल कॉलेज सभागार में स्मृति विचार माला के द्वितीय पुष्प का आयोजन होने जा रहा है। कुंदन लाल जैन स्मृति विचार मंच के बैनर तले आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में राष्ट्र गौरव का पुनर्जागरण विषय पर जैन समाज के गुरु पावन निश्रा परमपूज्य विराग मुनिश्री, सुप्रीम कोर्ट के सुप्रसिद्ध अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय संघचालक डॉ. पुर्णेन्दु सक्सेना अपना उद्बोधन देंगे। कार्यक्रम रविवार को आयोजित है।

प्रातः 11:00 बजे से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में आधे घंटे का प्रश्नकाल रखा गया है। जिसमें उपस्थित गणमान्य जन अपने सवाल मुख्य अतिथियों से पूछ सकेंगे। राष्ट्रभक्ति और सनातन की सेवा से ओतप्रोत इस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को राम जन्मभूमि, कृष्ण जन्मभूमि और ज्ञानवापी मंदिर केस के हिन्दू पक्ष के सुप्रसिद्ध अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन के उद्बोधन को सुनने का अवसर मिलेगा। 9 अक्टूबर 1986 को जन्मे विष्णु शंकर जैन ने बचपन से ही अपने पिता हरिशंकर जैन को हिंदू धर्म और सनातनी मूल्यों के लिए लड़ते देखा है। उन्होंने 2010 में अपनी कानून की पढ़ाई पूरी की और अपने पिता के सानिध्य में कानून का अभ्यास शुरू किया। विष्णु शंकर जैन ने अपने करियर की शुरुआत अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि मामले से की, इस मामले में अपने पिता हरि शंकर जैन की सहायता करते हुए 2011 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 2010 के फैसले को चुनौती दी। 2016 में उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड की परीक्षा पास की और 2016 में ही अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मामले में सुप्रीम कोर्ट में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज कराई। ऐसे 102 मामले हैं जिनमें पिता-पुत्र में से कोई एक या दोनों हिंदू पक्षों की ओर से अदालत में पेश हुए। सबसे पुराना मामला 1990 का है। उनमें से कई मामले निर्णायक रूप से जीते गए हैं। कुछ अन्य पर अभी भी विभिन्न अदालतों में मामला चल रहा है। मथुरा में श्री कृष्ण जन्मभूमि का मामला उन प्रमुख मामलों में से एक है जिसमें वे हिंदू पक्ष का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। ज्ञानवापी जैसे जटिल मामलों की लड़ाई भी विष्णु शंकर जैन लड़ रहे हैं। बता दें कि विष्णु शंकर जैन का आगमन सायं 07:00 बजे रायपुर के माना विमानतल में होगा। गौरतलब है कि आदर्शवादी व्यक्तित्व, मातृभूमि को समर्पित राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विचारों से ओत प्रोत माँ भारती के सपूत, रायपुर महानगर के पूर्व संघचालक स्व. कुंदन लाल जैन का जन्म सन् 1947 में हुआ था। स्व. कुंदन लाल जैन ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के तृतीय वर्ष शिक्षित स्वयंसेवक थे। उन्होंने 2 वर्ष तक संघ में प्रचारक जैसे महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन किया। उन्होंने जीवनपर्यंत संघ द्वारा सौंपे गए विभिन्न दायित्वों का निष्ठा के साथ निर्वहन किया। वे उड़ीसा में रहने के दौरान प्रांत कार्यवाह स्व. कुंदन लाल जैन जी ने अपने सानिध्य में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का मार्गदर्शन एवं सहयोग किया। मिलनसार, सरल और सहयोगी व्यक्तित्व के कारण जो भी उनके संपर्क में आया उसने शांति और आनंद की अनुभूति प्राप्त की। स्व. कुंदन लाल जैन का पूरा संपूर्ण जीवन समाज के लिए प्रेरणादायी है। महान व्यक्तित्व के धनी स्व. कुंदन लाल जैन के जीवन से प्रेरणा लेकर विभिन्न सामाजिक आयोजन इस मंच के माध्यम से समय-समय पर किए जा रहे हैं।

## हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जज इंदर सिंह उबोवेजा बने प्रमुख लोक आयुक्त

रायपुर। छत्तीसगढ़ लोक आयोग में खाली पड़े प्रमुख लोक आयुक्त के पद पर राज्य सरकार ने नियुक्ति का आदेश जारी कर दिया है। बिलासपुर हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जज इंदर सिंह उबोवेजा को प्रमुख लोक आयुक्त बनाया गया है। बता दें कि राज्य में प्रमुख लोक आयुक्त का पद लंबे समय से खाली था। इससे पहले प्रमुख लोक आयुक्त रहे टीपी शर्मा का कार्यकाल बीते सितंबर में खत्म हो गया था, तब से यह पद खाली था।

# कमरछठ का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी के पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर, रिंग रोड नंबर 01 में स्थित प्रतिष्ठित आवासीय परिसर डिडवानिया रिजेंसी की धर्मप्रेमी महिलाओं ने आज 24 अगस्त को बड़े ही धूमधाम से हलषष्ठी का पर्व मनाया। इस पर्व को कमरछठ भी कहते हैं। इस पर्व पर माताएं अपने संतान की दीर्घायु और कुशलता की कामना के लिए व्रत रखती हैं। डिडवानिया रिजेंसी समिति की सचिव गुरुदेवी वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि, इस आवासीय परिसर की धर्मप्रेमी महिलाओं द्वारा सामूहिक रूप से एकत्रित होकर कमरछठ का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें बड़ी संख्या में कॉलोनी की महिलाएं सम्मिलित हुई।

## संतान की लंबी आयु और समृद्धि की कामना के साथ कैलाश पुरी विकास परिषद ने मनाया कमरछठ



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

कैलाशपुरी विकास परिषद की ओर से कैलाशपुरी में आयोजित हलषष्ठी व्रत अवसर पर महिलाएं सगरी खोदकर उसके चारों तरफ बैठकर, कथा सुनकर संतान की लंबी आयु और समृद्धि की कामना के साथ विधि विधान से पूजा संपन्न किए। उक्त अवसर पर पूजा में शामिल डॉ सविता मिश्रा ने बताया कि इस व्रत को कृषि के देवता बलराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाते हैं। बिना हल चले खेत का चावल जिसे पसहर कहा जाता है, इसी के साथ बिना हल चले भाजी को भैंस के घी में छोक कर तैयार करके भैंस के दही और दूध का भोग लगाते हैं। पूजा में शामिल महिलाओं ने फूली हुई काशी का मंडप सजाकर भगवान शिव पार्वती की मूर्ति स्थापना करके विधि विधान से पूजन संपन्न किया। कथा का वाचन दीप्ति चंद्रा ने किया। पूजा के पश्चात माताएं सगरी के पानी से कपड़े को भीगा कर अपने बच्चों के पीठ में लगाकर दीर्घायु की कामना की। उक्त अवसर पर डॉ सविता मिश्रा, शीला गोस्वामी, डॉ जयभारती चंद्राकर, श्यामलता साहू, दीप्ति चंद्रा, प्रमिला साहू, सुनीता पांडे, विजयलक्ष्मी साहू, राधिका वर्मा, भारती साहू, आयुषी पांडे, विनीता साहू सहित श्रद्धालु महिलाएं शामिल थी।

## एससीईआरटी में अनोखा आयोजन: अधिकारी और प्राध्यापक बने छात्र

### राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर हुआ प्रेरणादायक कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) रायपुर में एक अनोखा दृश्य देखने को मिला जब संस्था के उच्च अधिकारी और सहायक प्राध्यापक विज्ञान और गणित विषयों के विशेषज्ञ कक्षा दसवीं के छात्र बने। जब उन्होंने अंतरिक्ष 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' पर विज्ञान कक्षा अटेंड की और जाना कि खगोल विज्ञान क्या है? 23 अगस्त 2023 को चंद्रयान-3 चांद पर कैसे लैंड किया? जब भारत के चंद्रायन 3 को लैंड करते हुए फिर से देखा तो सभी भाव विभोर हो गए। सबके मुंह से एक ही आवाज निकली भारत माता की जय। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' पर छात्रों के साथ मिलकर खगोल विज्ञान की बारीकियों को समझना था। कार्यक्रम की शुरुआत में एससीईआरटी के डायरेक्टर राजेंद्र कुमार कटारा के निर्देशन में कक्षा 10 के संस्कृत पाठ्यक्रम पर आधारित वीडियो का प्रदर्शन किया गया, जिसमें डॉ. लुनेश वर्मा ने खगोल विज्ञान के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। इसके बाद, भारत सरकार और एनसीईआरटी द्वारा विकसित पोर्टल 'भारत ऑन द मून' का प्रदर्शन किया गया, जिसमें चंद्रयान-3 की लैंडिंग का वीडियो दिखाया गया। इस अवसर पर इसरो की गतिविधियों और पोर्टल पर उपलब्ध सामग्री की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित एससीईआरटी के अतिरिक्त संचालक जे.पी. रथ ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बताया और कहा कि इसरो की उपलब्धियों के पीछे हमारे गुरुओं का महत्वपूर्ण योगदान है।

# नेशनल कांफ्रेंस से गठबंधन करने वाली कांग्रेस बताए की क्या वो जम्मू कश्मीर में दो झंडे चाहती है : अरुण साव

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के एक देश में दो प्रधान दो निशान दो विधान नहीं चलेगा के मुद्दे पर त्याग, तपस्या और बलिदान को सच्ची श्रद्धांजलि देते हुए धारा 370 व 35-ए को समाप्त कर एक भारत श्रेष्ठ भारत और अखंड भारत के निर्माण का एक बहुत बड़ा और ऐतिहासिक काम किया। धारा 370 के बाद जिस प्रकार से जम्मू कश्मीर में वातावरण बदला है, जम्मू कश्मीर विकास के रास्ते पर आगे बढ़ा है, वहां के लोगों के जीवन में परिवर्तन आया है, खुशहाली आई है, समृद्धि, आई है। उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि जम्मू कश्मीर की जनता मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के काम और निर्णय से बहुत प्रसन्न है पर आज जिस प्रकार से चुनाव की दृष्टि से नेशनल कांफ्रेंस से कांग्रेस पार्टी ने जो गठबंधन किया है तो अब कांग्रेस पार्टी को जवाब देना पड़ेगा कि नेशनल कांफ्रेंस से गठबंधन के बाद क्या कांग्रेस नेशनल कांफ्रेंस के अलग झंडा की मांग का भी समर्थन करती है? कांग्रेस और राहुल गांधी को यह भी बताना पड़ेगा कि नेशनल कांफ्रेंस का 370 और 35 ए को फिर से वापस लाकर जम्मू कश्मीर में फिर अशांति और आतंक के युग में धकेलने के एजेंडा का क्या कांग्रेस इसका भी समर्थन करती है? कांग्रेस पार्टी को यह भी बताना पड़ेगा कि नेशनल कांफ्रेंस के इस वादे का भी क्या कांग्रेस समर्थन करती है कि कश्मीर के युवाओं के बजाय पाकिस्तान से वार्ता करके फिर से अलगाववाद को बढ़ावा दे? क्या कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी एलओसी को शुरू करके फिर से बॉर्डर पर आतंकवाद और उनके इकोसिस्टम के समर्थ पोषण का समर्थन करती है? कांग्रेस पार्टी को यह भी बताना पड़ेगा कि आतंकवाद और पत्थर बाजी की घटनाओं में शामिल लोगों को परिजनों को फिर से नौकरी में बहाल कर आतंकवाद और दहशतगर्दी को फिर से कश्मीर में लाना चाहते हैं? उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि इस गठबंधन से कांग्रेस पार्टी का आरक्षण विरोधी चेहरा एक बार फिर से सामने आया है। धारा 370 व 35 ए समाप्त होने के बाद दलित, गुर्जर, बकरवाल और पहाड़ियों को जो आरक्षण मिल रहा है, वह भी समाप्त करने की इनकी मानसिकता है। कांग्रेस को इस पर भी अपना रुख स्पष्ट करना पड़ेगा। जम्मू कश्मीर की अर्थव्यवस्था को क्या फिर से पाकिस्तान समर्पित परिवारों के हाथों में सौंप कर जम्मू कश्मीर के आम लोगों के हकों पर डाका डालने का समर्थन करते हैं। कांग्रेस पार्टी को यह भी बताना पड़ेगा कि नेशनल कांफ्रेंस के कश्मीर को ऑटोनॉमी देने के फायदे का भी समर्थन करते हैं जो विभाजनकारी मानसिकता का परिचायक है। कांग्रेस पार्टी जम्मू कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस के साथ गठबंधन करके फिर से जम्मू कश्मीर को उसी आतंकवाद, पत्थरबाजी, दहशतगर्दी के दौर में लाकर जम्मू कश्मीर को फिर बर्बाद करने की जो मानसिकता है उसके साथ जुड़कर काम कर रही है। कांग्रेस पार्टी इस देश की जनता और जम्मू कश्मीर की जनता के सामने कांग्रेस पार्टी को स्पष्ट करना पड़ेगा। जम्मू कश्मीर के लोगों के जीवन में वहां पर जो शांति बहाली हुई है।



# राष्ट्रीय सदस्यता अभियान की जिला स्तरीय कार्यशाला हुई संपन्न

पायनियर संवाददाता कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



1 सितंबर से भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान आरंभ होगा। शनिवार को भाजपा कार्यालय में सदस्यता अभियान को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान की जानकारी से अवगत कराते हुये अधिक से अधिक भाजपा के सदस्य बनाने को कहा गया। सदस्यता अभियान कार्यशाला में यशवंत जैन प्रभारी ने सदस्यता अभियान के रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, भाजपा कार्यकर्ता के रूप में हम अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कार्य करें यह लक्ष्य जब संगठन व सत्ता के सामने होता है तब वह आगे बढ़ता है संग्रणात्मक दृष्टि से सदस्यता अभियान हमें दो माह में पूर्ण करना हैं। 1 सितंबर को प्रत्येक बूथ पर सदस्य बनाने का लक्ष्य हैं ऐसे भी कई बूथ हैं जहां भाजपा कार्यकताओं को ज्यादा ध्यान देना हैं ताकि पार्टी को नुकसान ना हो और पार्टी के वैचारिक सदस्यता अभियान की लक्ष्य जनप्रतिनिधियों धरातल को हमें मजबूत बनाना हैं। 1 सितंबर को प्रधानमंत्री दिल्ली से सदस्यता ग्रहण कर अभियान शुरू करेंगे अगले दिन 2 सितंबर को प्रदेश में मुख्यमंत्री और 3 सितंबर को जिला मुख्यालय में और फिर मंडल मुख्यालयों को समारोह पूर्वक सदस्यता अभियान की शुरुआत होगी। जैन ने आगे कहा कि जन प्रतिनिधियो भी सदस्यता का लक्ष्य दिया गया है, उन्होंने आगे कहा कि कागजी और ऑनलाइन सदस्यता का अपडेट केंद्र तक जाएगा इसलिए सदस्यता फॉर्म और ऑनलाइन डाटा अपडेट रखना हैं। सदस्यता अभियान सुगम जानकारी के लिए मंडल स्तर पर भी कार्यशाला होगी जिसमें सभी प्रमुख पदाधिकारी जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। उन्होंने सदस्य अभियान के प्रचार प्रसार पर भी जोर दिया और कहा कि, सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी निर्धारित किये लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सदस्य अभियान पूरे परिश्रम से कार्य करें कोई कार्य कठिन नहीं है हल्के कार्य को वजन समझ कर करेंगे तो नहीं होगा पर भारी कार्य को हल्के वजन समझ कर करेंगे तो कार्य पूर्ण हो जावेगा। इस लिए विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने लिए कार्य करे। कार्यशाला को जिलाध्यक्ष दिपेश अरोड़ा व विधायक केशकाल नीलकंठ ने भी सदस्यता अभियान के रूप रेखा से उपस्थित भाजपा कार्यकताओं को अवगत कराये। कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री तरुण साना ने किया। इस दौरान जिला प्रभारी महेश जैन, बृज मोहन देवांगन, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोज जैन, प्रवीर बदेशा, आकाश मेहता, गोपाल दीक्षित, जसकेतु उसेंडी, संगीता पोयम, संतोष पात्रे, विक्की रवानी, अविरल अरोरा, बिट्टू पाणिग्रही, संजू पोयाम, संजू ग्वाल, प्रशांत पात्र, अविनाश सोरी, प्रदीप नाग, सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष व पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# किरन्दुल में महिलाओं द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया छत्तीसगढ़ का लोकपर्व हलषष्ठी



पायनियर संवाददाता किरंदुल
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश का लोकपर्व हलषष्ठी (कमरछठ) का पर्व शनिवार को लौह नगरी किरंदुल के लक्ष्मणपुर कैम्प, रामपुर कैम्प, धरमपुर कैम्प, भटटीपारा, गजराज कैम्प, वोरा कैम्प साहू समाज एवं पुराना डबल स्टोरी कॉलोनी में महिलाओं द्वारा अपने अपने बच्चों के साथ एकत्रित होकर सामूहिक रूप से बड़े ही हर्षोल्लास सहित मनाया गया। यह पर्व माताओं का संतान के लिए किया जाने वाला, छत्तीसगढ़ राज्य की अनूठी संस्कृति का एक ऐसा पर्व है जिसे हर वर्ग हर जाति मे बहूत ही सदभाव से मनाया जाता है। जिसे हलषष्ठी को हलछठ,कमरछठ या खमरछठ भी कहा जाता है। बता दें इस दिन श्री कृष्ण जी के दाऊ बलराम जी का जन्मदिवस भी माना जाता है।राघव मंदिर के प्रधान पुजारी सत्येंद्र प्रसाद शुक्ल ने बताया कि यह पर्व भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाता है। संतान प्राप्ति व उनके दीघार्यू सुखमय जीवन की कामना रखकर माताएँ इस व्रत को रखती है।

## शशिभूषण महापात्र ने किरन्दुल मुख्य नगर पालिका अधिकारी का संभाला पदभार

**किरंदुल।** नगरीय प्रशासन विभाग में हाल ही में विभिन्न स्थानों के लिए स्थानांतरण सूची जारी हुई जिसमे शशिभूषण महापात्र ने नगर पालिका परिषद किरंदुल का पद भार संभाला।आज समस्त निकाय कर्मचारियों ने पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका स्वागत अभिनन्दन किया।



# खेलों में डीएवी पब्लिक स्कूल किरंदुल का उत्कृष्ट प्रदर्शन



पायनियर संवाददाता किरंदुल
www.dailypioneer.com

डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स क्लस्टर मीट के कलस्टर 3 के आयोजन का प्रभार इस वर्ष डीएवी पब्लिक स्कूल किरंदुल के प्राचार्य के दिशा निर्देशन में संपन्न हुआ इस संदर्भ में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन क्रमशः डी ए वी पब्लिक स्कूल किरंदुल डी ए वी पब्लिक स्कूल बचेली एवं डी ए वी पब्लिक स्कूल करमरी में प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। विभिन्न 15 विद्यालयों से आए हुए प्रतिभागियों ने अपने खेल कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया तथा इन प्रतियोगिता का परिणाम निम्नलिखित रहा।बालक वर्ग में अंडर-19 में व्यक्तिगत चैंपियनशिप निहाल रंजन तिवारी व रोहित गुप्ता डीएवी पब्लिक स्कूल किरंदुल को मिला बालक वर्ग में अंडर-17 में व्यक्तिगत चैंपियनशिप दिवाकर बैरागी डी ए वी पब्लिक स्कूल किरंदुल को मिला, बालक वर्ग अंडर 14 में व्यक्तिगत चैंपियनशिप भविष्य खिलो डीएवी पब्लिक स्कूल किरंदुल को मिला। बालिका वर्ग अंडर 14 में व्यक्तिगत चैंपियनशिप लक्ष्मी हरिजन डी ए वी स्कूल किरंदुल को मिला और साथ ही सारे खेल प्रतिस्पर्धा में ओवरऑल चैंपियनशिप भी डीएवी पब्लिक स्कूल किरंदुल को मिला खेलकूद प्रतियोगिता में चयनित छात्र राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जो दिनांक 31 अगस्त से 4 सितंबर 2024 तक रायपुर, बिलासपुर, भिलाई एवं कुस्मुंडा में संपन्न होगा उपरोक्त छात्र खेल प्रभारी मनोज सिंह एवं तृप्ति श्रीवास्तव के निर्देशन में भाग लेंगे उपरोक्त सफलता पर प्राचार्य ने सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को शुभकामनाएं दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

# हायर सेकेण्डरी स्कूल मुरडोंगरी में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताएं

पायनियर संवाददाता कांकेर
www.dailypioneer.com



हायर सेकेण्डरी स्कूल मुरडोंगरी में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। इस अवसर पर चंद्रयान 3 मून मिशन से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम मिथलेश दुग्गा, द्वितीय गरिमा चौहान, तृतीय देविका जैन और पूनम चौहान रही। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम मिथलेश दुग्गा, द्वितीय पूनम चौहान और तृतीय अमन उईके रहे। पोस्टर निर्माण में प्रथम विक्की कुंजाम रहा। भाषण के प्रतिभागी अनुराग चौहान, पूनम कोडोपी, प्रियंका कोड़ोपी, आरती कुंजाम, देविका जैन, मिथलेश दुग्गा रहीं। विज्ञान क्लब की छात्राओं समीक्षा कोड़ोपी, सानिया कांगे, रागिनी सिन्हा, लियांशी राजपूत द्वारा विज्ञान पहेली का आयोजन किया गया जिसमें 80 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विश्वनाथ मंडावी तथा विशिष्ट अतिथि मनोज नेताम रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्था के प्राचार्य हरीश कुमार साहू द्वारा सभी बच्चों को विभिन्न भगौलिक घटनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता पुष्पांजलि ठाकुर द्वारा करते हुए अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भारत की उपलब्धि तथा अंतरिक्ष दिवस मनाने के उद्देश्य बताया गया। आभार व्यक्त व्याख्याता भगवती साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी 203 विद्यार्थियों को एनसीईआरटी के पोर्टल यू ट्यूब में उपलब्ध चंद्रयान की सफल यात्रा का वीडियो आई टी विषय शिक्षक प्रवीण बंजारे द्वारा दिखाते हुए रॉकेट लॉन्चिंग के प्रोसेसिंग सिस्टम और रॉकेट के पार्ट्स की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में व्याख्याता नरेन्द्र दुग्गे, मनीष मंडावी, दिनेश सिन्हा, पूजा साहू एवं समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

## पदभार ग्रहण करते ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने किया वार्ड भ्रमण



पायनियर संवाददाता किरंदुल
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद किरंदुल में नव पदस्थ मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशिभूषण महापात्र ने आज नगर के वार्ड क्रमांक 04 बंगाली कैंप का निरीक्षण किया। उक्त वार्ड में पूर्व दिनों में बाढ़ आया था।जिसमें प्रभावित लोगों और वार्ड में हुई समस्या की जानकारी प्राप्त करने घर घर पहुंचे और वहां की समस्या को जाना तथा जल्द से जल्द निराकरण करने की बात कही गई।इस दौरान वार्ड पार्षद, राजस्व उप निरीक्षक डीएस साहू सहायक राजस्व निरीक्षक गौरीशंकर तिवारी एवम वार्ड वासी मौजूद थे।

# सेजेस बडेराजपुर में मनाया गया कृष्ण जन्माष्टमी






पायनियर संवाददाता कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बडेराजपुर में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चे राधा - कृष्ण की वेशभूषा में नजर आए। जन्माष्टमी पर प्राचार्य सी.एल. मरकाम ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार, हर साल भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को जन्माष्टमी का त्योहार मनाया जाता है और धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान कृष्ण का जन्म अष्टमी तिथि की मध्य रात्रि में हुआ था तभी से जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाता है। जन्माष्टमी पर्व पर विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों जैसे मटका फोड़,गीत संगीत तथा रास लीला करवाया गया। स्कूल में भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा, मित्रता, जीवन दर्शन और सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिए बच्चों को उनकी लीला का दर्शन कराया गया। इस त्योहार को लेकर बच्चों में खास उत्सुकता देखी गयी। छोटे बच्चों को श्रीकृष्ण के रूप में तैयार किया गया। कई छोटी लड़कियों को राधा-रानी के रूप में तैयार किया गया।बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ जन्माष्टमी पर्व का आनंद लिया। इस अवसर पर समस्त स्कूली छात्र छात्राएं तथा कर्मचारी उपस्थित थे।

# राजनैतिक द्वेष से काम कर रही भाजपा सरकार : लालू राठौर

पायनियर संवाददाता बीजापुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार, जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर ने आज जिला मुख्यालय बीजापुर में शनिवार को भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया है। काँग्रेस भवन के सामने आयोजित धरना प्रदर्शन में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर के अध्यक्ष लालू राठौर ने कहा है कि प्रदेश की भाजपा सरकार राजनैतिक द्वेष से काम कर रही है भाजपा की साय सरकार अपनी नाकामी और पूरे देश में हुई बदनामी को छुपाने विपक्ष के नेताओं को परेशान कर रही है।कांग्रेस के विधायक देवेन्द्र यादव की गिरफ्तारी भाजपा की नाकामी और बौखलाहट को दशार्ती है। यह विपक्ष को बदनाम करने की साजिश है। भिलाई के विधायक देवेन्द्र यादव ने बलौदाबाजार में न भाषण दिये और न ही कलेक्टर ऑफिस प्रदर्शन में शामिल हुये। वे भीड़ में पांच मिनिट रूक कर वापस आ गये कही भी किसी हिंसक घटना में उनके संलिप्तता का कोई भी साक्ष्य नहीं और न ही वे किसी भी प्रकार की घटना में शामिल थे। पुलिस ने भाजपा सरकार के दबाव में उनको गलत तरीके से गिरफ्तार किया है। जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर के अध्यक्ष लालू राठौर ने विधायक देवेन्द्र यादव की गिरफ्तारी की निंदा करते हुए कहा है कि भाजपा की यह कारवाई बताती है कि उसका भरोसा समाज एवं संस्थाओं के प्रति नही है। विधायक यादव के खिलाफ पुलिस ने राज्य सरकार के निर्देश पर यह कारवाई की है। बलोदाबाजार में सतनामी समाज के आंदोलन से घबराकर यह कदम उठाया गया है जिसकी सर्वत्र निंदा हो रही है। विधायक के खिलाफ कारवाई कर भाजपा सरकार ने बता दिया है कि लोकतंत्र व संवैधानिक संस्थाओं के प्रति उसकी जवाबदेही नहीं है। भाजपा के दमन के खिलाफ देश-प्रदेश की जनता जिस प्रकार से प्रतिकार कर रही है भाजपा उससे घबरा गई है।

# होनावंडी में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस एवं सह नेवता भोजन का आयोजन



पायनियर संवाददाता कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार विकासखंड बड़ेराजपुर, जिला-कोंडागांव के संकुल होनावंडी के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक शाला होनावंडी में चंद्रयान-3 मिशन की सफलता का पर्व राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा से जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन में प्राथमिक शाला होनावंडी के बच्चों ने चंद्रयान मिशन-3 प्रतियोगिता के तहत विभिन्न चित्रकारी एवं मॉडल तैयार कर प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया एवं इसी अवसर पर प्राथमिक शाला होनावंडी के समस्त स्टाफ के द्वारा न्यौता भोजन का आयोजन किया गया। जिसमें पौष्टिक स्वादिष्ट खीर पूरी खिलाया गया जिसमें प्राथमिक शाला के प्रधान अध्यापक निरूपा नायक,सहायक शिक्षक सुनीता नेताम, प्रीति रानी वैष्णव, माध्यमिक शाला के प्रधान अध्यापक सुखदेव मंडावी, शिक्षक रीना यादव, सुशीला चांदेकर, प्रेमलाल मरकाम एवं समस्त प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के अध्ययनरत बच्चे उपस्थित थे।

## स्वयं के नाम से आबंटित दुकानों को अन्य लोगों को किराए पर दिए जाने की मिली थी जानकारी

# कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने किया नगर पालिका द्वारा आबंटित दुकानों का औचक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता बीजापुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने पुराना बस स्टेण्ड के सामने नगरपालिका द्वारा आबंटित दुकानों का औचक निरीक्षण किया जिसमें 20 दुकाने एवं लाज संचालित है नगरपालिका के उक्त दुकानों में अब तक 40 लाख रूपए के बकाया राशि शेष है। इसके अलावा कई दुकानदार स्वयं के नाम से आबंटित होने के बाद ऊंचे दर पर अन्य लोगों को किराए पर दे रखा है जिनकी शिकायत कलेक्टर को लगातार मिल रही थी। निरीक्षण के दौरान कई दुकाने बंद पाया गया। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित एसडीएम, तहसीलदार एवं सीएमओ को कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए तथा बकाया राशि शीघ्र वसूलने के निर्देश देते हुए अवैध रूप से दुकान संचालित करने वालों के दुकानों पर लोक परिसर बेदखली अधिनियम तथ आरसीसी के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं कई दुकानों में बिना किसी वैध विद्युत कनेक्शन के सीधे ग्रिड/मीटर से विद्युत कनेक्शन लेने वाले दुकान संचालको के ऊपर भी कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिया गया। इस दौरान एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल, तहसीलदार डीआर ध्रुव सीएमओ बीजापुर पालदास सहित जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे।

**GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER MAHANADI PROJECT, RAIPUR (CHHATTISGARH)**

**e-PROCUREMENT TENDER NOTICE**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**(First Call)**

**System Tender No. 157681/ NIT No.: 08/SAC/24-25** **Dated: 22.08.2024**

Online Tenders are invited for the following work up to 12.09.2024 at 17.30 Hours.

**Name of work Construction of Singarbhata Stopdam in Block Abhanpur, District Raipur.**

Probable Amount of Contract :- **Rs. 251.94 Lakhs**

**(As per S.O.R dated 01.08.2010 and amended upto dated 22.08.2022).**

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal **(https://eproc.cgstate.gov.in) from Date 29.08.2024, at 17.31 Hours (IST) onwards**

**NOTE:-** All eligible/intrested contractors/bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e-procurement portal **(https://eproc.cgstate.gov.in)** and get approval on specific vendor class from PWD under Centralized Contractor Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process.

**Executive Engineer**
**Water Management Division No. 1. Raipur**
**For, Chief Engineer, Mahanadi Project**
**Raipur (C.G.)**

**G-242501985/4**

# हलषष्ठी व्रत-संतान की लंबी उम्र के लिए माताओं ने रखा व्रत, किया पूजन

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



बच्चों की लम्बी उम्र के लिए हलषष्ठी व्रत यानी कमरछट का पर्व मनाया गया। छत्तीसगढ़ की माताएं अपनी संतान की समृद्धि और लम्बी उम्र के लिए ये व्रत रखती है। वैसे तो हिन्दू धर्म में कई व्रत और त्यौहार हैं पर छत्तीसगढ़ अंचल में दो ही व्रत ऐसे हैं जिन पर महिलाओं की सबसे ज्यादा आस्था है। एक तीजा और दूसरा कमरछट जिसमें तीजा सुहाग के लिए और कमरछट संतान के लिए रखा जाता है। अपने अपने मोहल्ले के मंदिरो तके पूजन सम्पन्न कराया गया जहां व्रती महिलाओं ने पूजा अर्चना कर कथा सुनी। हलषष्ठी के दिन महिलाएं खम्हार पेड की लकडी का दातुन करती हैं खम्हार ग्रामीण अंचल व जंगलों में पाया जाने वाले पेड़ की एक प्रजाति है। सभी महिलाएं एक जगह एकत्रित होती हैं वहां पर आंगन में एक गड्ढा खोदा जाता है जिसे सगरी कहा जाता है। महिलाएं अपने.अपने घरों से मिटटी के खिलौने, बैल, शिवलिंग, गौरी- गणेश इत्यादि बनाकर लाती हैं जिन्हें उस सगरी के किनारे पूजा के लिए रखा जाता है। उस सगरी में बेल पत्र, भैंस का दूध, दही, घी, फूल, कांसी के फूल, श्रृंगार का सामान, लाई और महुए का फूल चढ़ाया जाता है। महिलाएं एक साथ बैठकर हलषष्ठी माई के व्रत की कथाएँ सुनती हैं। उसके बाद शिव जी की आरती व हलषष्ठी देवी की आरती के साथ पूजन समाप्त होता है। हलषष्ठी पूजा के बाद माताएं नए कपडे का टुकड़ा सगरी के जल में डुबाकर घर ले जाती हैं और अपने बच्चों के कमर पर से छह बार छुआति हैं इसे पोती मारना कहते हैं। पूजा के बाद बचे हुए लाई, महुए और नारियल को महिलाएं प्रसाद के रूप में एक दूसरे को बांटती हैं और अपने. अपने घर लेकर जाती हैं। घर पहुंचकर महिलाएं फलाहार की तैयारी करती हैं। फलाहार के लिए पसहर का चावल भगोने में बनाया जाता है इस दिन कलछी का उपयोग खाना बनाने के लिए नहीं किया जाता, खम्हार की लकड़ी को चम्मच के रूप में प्रयोग में लाया जाता है। छह प्रकार की भाजियों को मिर्च और पानी में पकाया जाता है। इस भोजन को पहले छह प्रकार के जानवरों के लिए जैसे कुत्ते, पक्षी, बिल्ली, गाय, भैंस और चींटियों के लिए दही के साथ पत्तों में परोसा जाता है। फिर व्रत करने वाली महिला फलाहार करती है। नियम के अनुसार सूर्यास्त से पहले फलाहार कर लेना चाहिए।

# महिलाओं ने संतान के लंबी उम्र की कामना की

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

बलौदा बाजार में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में कमर छठ व्रत उल्लास के साथ बनाया गया कॉलोनी की महिलाएं एक जगह एकत्रित होकर पूजा की पर्वों में से एक पर्व कमरछठ व्रत, जो भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष के षष्ठी तिथि के दिन मनाया जाता है. आज भाद्रपद माह की षष्ठी तिथि है और यह त्यौहार देश भर में मनाया जा रहा है. आज के दिन माताएं अपनी संतान की लंबी उम्र एवं सुख-समृद्धि के लिए हलषष्ठी माता की पूजा-अर्चना करती है. मान्यता है कि इस दिन व्रत रखने से संतान को सभी कष्टों से मुक्ति मिलती है. इसे कमरछठ के नाम से भी जानते हैं.



## सूर्यास्त से पहले कर लेना चाहिए फलाहार

हलषष्ठी के दिन घर पहुंचकर, महिलाएं फलाहार की तैयारी करती हैं। फलाहार के लिए पसहर का चावल भगोने में बनाया जाता है, इस दिन कलछी का उपयोग खाना बनाने के लिए नहीं किया जाता, खम्हार की लकड़ी को चम्मच के रूप में प्रयोग में लाया जाता है. छह प्रकार की भाजियों को काला मिर्च और पानी में पकाया जाता है, भैंस के घी का प्रयोग छौंकने के लिए किया जा सकता है पर आम तौर पर नहीं किया जाता. इस भोजन को पहले छह प्रकार के जानवरों के लिए जैसे कुते, पक्षी, बिल्ली, गाय, भैंस और चींटियों के लिए दही के साथ पत्तों में परोसा जाता है. फिर व्रत करने वाली महिला फलाहार करती हैं। नियम के अनुसार सूर्यास्त से पहले फलाहार कर लेना चाहिए।

## माता देवकी ने बलराम के लिए रखी थी ये व्रत

मान्यता है कि माता देवकी के छह पुत्रों को जब कंस ने मार दिया तब पुत्र की रक्षा की कामना के लिए माता देवकी ने भादो कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को षष्ठी देवी की आराधना करते हुए व्रत रखा था। जिसके फलस्वरूप भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम का जन्म हुआ था। इसी मान्यता के चलते महिलाएं अपने पुत्र की खुशहाली के लिए छठ का व्रत रखती हैं।

## हल षष्ठी पूजा की विधि

हल षष्ठी व्रत में महुआ की दातुन और महुआ खाने का विधान है। हल षष्ठी के दिन माताएं सुबह स्नान करके व्रत का संकल्प लेती हैं. महिलाएं घर में या सामूहिक स्थान पर एक जगह एकत्रित होती हैं. वहां पर आंगन में दो गड्ढा खोदा जाता है, जिसे सगरी कहा जाता है. महिलाएं अपने-अपने घरों से मिटटी के खिलौने, बैल, शिवलिंग, गौरी- गणेश इत्यादि बनाकर लाते हैं, जिन्हें उस सगरी के किनारे पूजा के लिए रखा जाता है। उस सगरी में बेल पत्र, भैंस का दूध, दही, घी, फूल, कांसी के फूल, श्रृंगार का सामान, लाई और महुए का फूल चढ़ाया जाता है. महिलाएं एक साथ बैठकर हलषष्ठी माई के व्रत की कथाएं सुनती हैं। उसके बाद शिव जी की आरती व हलषष्ठी देवी की आरती के साथ पूजन समाप्त होता है। इस में बिना जुते हुए अनाज या खाद्य पदार्थ अर्पित करती हैं।

## भैंस का दूध और बिना जूते पैदा हुवे अन्न को किया जाता है ग्रहण

हल षष्ठी गाय के दूध व दही का सेवन नहीं किया जाता. हल षष्ठी व्रत में विशेष रूप से भैंस के दूध और उससे बनी चीजों का ही इस्तेमाल किया जाता है. माता की पूजा-अर्चना में पसहर चावल और छह प्रकार की भाजियों का जो बिना जुते हुवे हो का भोग लगाया जाता है. पसहर चावल को खेतों में उगाया नहीं जाता। यह चावल बिना हल जोते अपने आप खेतों की मेड़, तालाब, पोखर या अन्य जगहों पर उगता है। भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलदाऊ के जन्मोत्सव वाले दिन हलषष्ठी मनाए जाने के कारण बलदाऊ के शस्त्र हल को महत्व देने के लिए बिना हल चलाए उगने वाले पसहर चावल का पूजा में इस्तेमाल किया जाता है।

# संतान की दीर्घायु व सुख समृद्धि की कामना को लेकर महिलाओं ने किया व्रत

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



अंचल हलषष्ठी पर्व लेकर सामूहिक रुप से महिला एकत्रित होकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर संतान के दीर्घायु और सुख- समृद्धि के लिए भगवान से मन्नतें मांगी। माताएं अपने घर पहुंच कर बच्चों के पीठ पर पोता मारकर लंबी उम्र के लिए आशीर्वाद दी गई। हलषष्ठी (कमरछठ) का पर्व अंचल में आस्था और उमंग के साथ मनाया गया। माताएं उपवास रहकर अपने संतान की दीर्घायु और सुख-समृद्धि की कामना की गई। शाम के समय बेटे के पीठ पर ममता की थाप मारकर आशीर्वाद दी गई। गौरतलब है कि, हलषष्ठी का व्रत भादो महीना के कृष्ण पक्ष के षष्ठी तिथि को भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम जी के जन्मोत्सव के रूप में मनाया गया। इस पूजा में तालाब नुमा गढ्ढा सगरी खोद कर उसमें पानी भरकर , कांशी के फूल,पलाश, गूलर आदि पेड़ के टहनियों से आकर्षक सजावट किया गया महिलाएं भगवान शिव, गौरी, गणेश, कार्तिकेय, नंदी के मूर्ति बनाकर सगरी के चारों तरफ खड़े होकर पूजा पाठ कर पूजा में चना,जौ, गेहूं,मक्का, अरहर, तिंवरा,राहेर, लाई, महुआ,आदि चढ़ाया गया। हलषष्ठी पर बिना हल लगे अन्न और भैंस के दूध, दही का उपयोग किया गया। महुआ का दातुन कर पलाश के पत्तल में पसहर चावल का भोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाएं पूजा के लिए सगरी कुंड में परिक्रमा लगाकर सामूहिक रूप से गीत भी गाये । उपवास रहने वाली महिलाएं 6 प्रकार के भोग चढ़ा के 6 प्रकार के खिलौना अर्पित कर 6 प्रकार के कथा भी श्रवण कर सगरी में 6 बार पानी डाला गया। 6 प्रकार के भाजी खाकर व्रत तोड़ा गया।

# अतिक्रमणकारी दो दिन के अंदर खुद से नही हटाये कब्जा तो चलेगा बुलडोजर

## नगर में हो रहे अतिक्रमण पर होने वाली है बड़ी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◄ खरोरा
www.dailypioneer.com



नगर में बढ़ते अतिक्रमण पर अंकुश लगाने स्थानीय प्रशासन बड़ी कार्यवाही के मुड में है, जिसका ट्रेलर शनिवार को देखने को मिला प्रशासन द्वारा नगर के सभी अतिक्रमणकारियों को दो-टूक में चेतावनी दी गई कि दो दिन के भीतर अपने द्वारा किये गये अतिक्रमण को स्वयं से हटा ले गौरतलब हो कि नगर में धीरे धीरे शासकीय भूमियों पर अतिक्रमणकारियों द्वारा कब्जा किया जा रहा है, जिसकी शिकायतें नगर पंचायत व तहसील कार्यालय को बारंबर मिल रही थी, इसके साथ ही नगर में बेतरतीब ढंग से आम मार्ग तथा नालियों के ऊपर समान रखकर व्यापार कर रहे व्यापारियों को नगर पंचायत द्वारा अनेको बार नोटिस दिया गया था किन्तु उनमे सुधार नहीं आया, बिते दिनों नगर पंचायत परिषद की बैठक में अतिक्रमणकारियों पर कार्यवाही तथा नगर में बेतरतीब ढंग से व्यापार करे रहे व्यापारियों पर कार्यवाही के साथ-साथ आम मार्ग में ठेला, गुमटी लगाकर व्यापार कर रहे छोटे व्यापारियों को व्यवस्थित किये जाने सर्वसम्मत्ति से संकल्प पारित किया गया है, जिसके तहत तहसीलदार बी.एल.कुर्रे, मुख्य नगरपालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर और थाना प्रभारी सुरेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा शनिवार को अतिक्रमणकारियों पर कार्यवाही हेतु दबीश दी गई, वार्ड क्रमांक 10 के शासकीय भूमि में ठेला लगाकर कर व्यापार कर रही कोमिन साहू, वार्ड क्रमांक 07 में गौ-शाला के आड़ में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर रहे योगेष द्विवेदी, नगर पंचायत के दुकान को अतिक्रमण करने वाले यशवंत चन्द्रवंशी तथा नगर के प्रमुख मार्गो, चौक-चौराहों पर दुकान के बाहर समान रखकर व्यापार कर रहे व्यापारियों पर कार्यवाही की गई और संबंधितों को दो दिवस के भीतर स्वयं से अपने द्वारा किये गये अतिक्रमण को हटा लिये जाने चेतावनी दी गई अगर दो दिन में अतिक्रमणकारी नहीं मानते तो प्रशासन द्वारा बुलडोजर से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाएगी।

# मेहनतकश आदिवासी समाज विकास पथ पर तेजी से है अग्रसर: राजस्व मंत्री वर्मा

## राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा आदिवासी महोत्सव में हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर शनिवार को नगर भवन बलौदाबाजार में सर्व आदिवासी समाज के तत्वधान में आयोजित आदिवासी महोत्सव में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर आदिवासी समाज के प्रतिभावान छात्र -छात्राओं को सम्मानित किया गया तथा समाज के लोगों को फलदार पौधे वितरित की गई। मंत्री वर्मा ने सर्व आदिवासी समाज के द्वारा सामजिक भवन के लिए ग्राम कुकुरदी में जमीन आवंटन की माँग पर पहले जमीन चिन्हाकित करने तथा प्रक्रिया के साथ जमीन आवंटन करने की बात कही। मंत्री वर्मा ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि आदिवासी समाज की संस्कृति, रहन- सहन, वेशभूषा, खान-पान सब बिलकुल सहज और सरल है। यह समाज मेहनतकश है जो जल, जंगल और जमीन का रक्षक, प्रकृति की गोद में खेलने वाला तथा उसकी रक्षा करने वाला है। उन्होंने कहा कि पहले यह समाज पिछड़ा था लेकिन अब शैक्षणिक, व्यापारिक सहित सभी क्षेत्रों में अन्य समाज के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी क सपना है कि आदिवासी समाज जब तक तरक्की नहीं करेगा देश का विकास आगे नहीं बढेगा। प्रधानमंत्री ने समाज की चिंता करते हुए बुनियादी सुविधा पहुँचाने उन क्षेत्रों को चिहांकित किया है। समारोह को पूर्व संसदीय सचिव डॉ सनम जांगड़े, नगर पंचायत अध्यक्ष पलारी यशवर्धन मोनू वर्मा,सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग प्रांताध्यक्ष सुभाष परते, सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र ध्रुवंशी ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, जनपद उपाध्यक्ष ईशान वैष्णव, स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, बंशी लाल नेताम, भागमणि ध्रुव, प्रताप नाथ, राकेश नेताम सहित समाज के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

# पूर्व न्यायाधिपति उबोवेजा को छत्तीसगढ़ प्रमुख लोकायुक्त नियुक्त किए जाने पर दी गई बधाई

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जज इंदर सिंह उबोवेजा को छत्तीसगढ़ लोक आयोग का प्रमुख लोक आयुक्त नियुक्त किया गया है । ज्ञातव्य हो कि छत्तीसगढ़ लोक आयोग में खाली पड़े प्रमुख लोक आयुक्त के पद पर राज्य सरकार द्वारा नियुक्ति का आदेश जारी कर दिया गया है। विदित हो कि नवनियुक्त लोक आयुक्त का गृह निवास सरायपाली में ही है । बचपन से ही मेघावी रहे उबोवेजा ने वकालत करते हुए सिविल जज बने व विभिन्न न्यायालयों में अपनी सेवाएं देते हुए छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के जज बनने के बाद वहीं से वे सेवानिवृत हुए । अनुशासन प्रिय व काफी हँसमुख व शालीनता के प्रतीक उबोवेजा की छवि एक निष्पक्ष व कठोर निर्णय लेने वाले जजों में माने जाते हैं। उनके इस नियुक्ति पर नगरवासियों , शुभचिंतकों, परिजनों ने बधाई व शुभकामनाएं दीं है ।

# सहारा पीड़ित जमाकर्ता कल्याण संघ ने सांसद बृजमोहन अग्रवाल को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



सहारा पीड़ित जमाकर्ता व कार्यकर्ता कल्याण संघ रायपुर के प्रदेश प्रतिनिधियो ने रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल से उनके गृहनिवास जाकर सहारा भुगतान से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा । इस अवसर पर प्रदेश पदाधिकारियों को आश्वस्त जरते हुवे सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि वे दिल्ली में केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह से व्यक्तिगत तौर पर अलग से मिलकर वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुवे इस पर संज्ञान लिए जाने का अनुरोध करेंगे । यह प्रतिनिधिमंडल उपमुख्यमंत्री अरुण साव को ज्ञापन देने उनके गृहनिवास भी गये थे उनकी अनुपस्थिति में संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया । इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को अपना पक्ष देते हुवे प्रदेश प्रवक्ता पंकज सोनी ने कहा कि केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा सभी सहारा निवेशकों को भुगतान मिलने में आसानी हो इस हेतु 18 जुलाई 2023 को पोर्टल लांच किया गया था व कहा गया था कि 45 दिनों में भुगतान मिलना प्रारम्भ हो जायेगा । निवेशकों में भुगतान प्राप्त हो सकेगा को लेकर काफी उत्सुकता भी जागी थी । इस प्रयास के लिए संघ द्वारा बधाई भी दी गई थी । किंतु जिस उद्देश्य को लेकर इस पोर्टल को लांच किया गया था वह पूरी तरह विभिन्न कमियों व जटिल प्रक्रियाओं के चलते असफल सिद्ध हुवा । पोर्टल में अनावश्यक चीजो को हटाकर इसे सरल व सुगम तरीके से सुधार कर बनाये जाने की मांग की गई । छत्तीसगढ़ में 1 त्र निवेशकों को भी भुगतान नही हो सका । मोदी जी की गारंटी के 17 वें नम्बर में इस भुगतान के गारंटी का उल्लेख किया गया है । मोदी की गारंटी पर निवेशकों को भी विश्वास है कि उन्हें जरूर जमाराशि मिलेगी। पत्रकारों के माध्यम से संघ ने पत्रकारों से अनुरोध किया कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह 3 दिवसीय प्रवास पर रायपुर में आगमन हो रहा है । उनके आगमन के समय सहारा पीड़ितों की मांगों को उनके समक्ष रखकर राज्य के 25 लाख निवेशकों को हो रही परेशानी व आर्थिक नुकसान की जानकारी देते हुवे निवेशकों को उनका भुगतान दिलाये जाने का अनुरोध किया जाकर उनके संज्ञान में देना चाहिए । उक्त जानकारी संघ के प्रदेश संगठन सलाहकार दिलीप गुप्ता द्वारा देते हुवे बताया गया कि इस अवसर पर विनय सिंह राजपूत ( प्रदेश अध्यक्ष ), विमल जैन (उपाध्यक्ष), टेकुराम साहू ( कोषाध्यक्ष), ओंकार नाथ ताम्रकार ( महासचिव ) ,दिलीप गुप्ता व बिजेंद्र पांडे ( प्रदेश संगठन सलाहकार ), जिनेंद्र जैन ,शेष नारायण देवांगन , महेश वाधवानी सहित सदस्य उपस्थित थे ।

# ऋण प्रकरण तैयार करने शिविर 11 से 25 सितम्बर तक

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लिए स्वरोजगार हेतु ऋण प्रकरण तैयार करने के लिए जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास द्वारा 11 से 25 सितम्बर तक शिविर आयोजित किया जाएगा। कार्यपालन अधिकारीए जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति धमतरी ने बताया कि 11 सितम्बर को ग्राम पंचायत तेलीनसत्तीए 19 सितम्बर को ग्राम पंचायत देमार और 25 सितम्बर को ग्राम पंचायत डाही में दोपहर 12.30 से 3.30 बजे तक शिविर लगाए जाएंगे। उन्होंने इच्छुक आवेदकों को राशन कार्डए आधार कार्डए बैंक पासबुक की दो.दो फोटो कॉपी और तीन पासपोर्ट साईज फोटो लेकर शिविर में उपस्थित होने कहा है। इसके साथ ही संबंधित सरपंचए सचिव को शिविर के संबंध में एक दिन पूर्व गांव में मुनादी कर जानकारी देने कहा गया है।

# भोयना में आयोजित किया गया सुप्रजा कार्यक्रम



पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देशानुसार जिले में सुप्रजा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ शिशु की प्राप्ति, जो संस्कारित एवं बुद्धिमता से युक्त हो। इसके अलावा गर्भवस्था के दौरान होने वाली मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना है। सुप्रजा कार्यक्रम में गर्भ संस्कार को विशेष रूप से जोडा गया है। इसके अंतर्गत गर्भवस्था के अनुसार योगए आहारए विहारए के साथ ही गर्भ सवांद एवं मंत्र चिकित्सा कराए जाते हैं। इसके अलावा गर्भावस्था में गर्भरक्षक औषधियों की पहचान कराकर उनकी उपयोगिता की भी बारिकी से जानकारी दी जाती है। इसी कडी में आज धमतरी विकासखण्ड के ग्राम भोयना स्थित पंचायत भवन में सुप्रजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें गर्भवती माताओं को योगासन, पेंटिंग्स, धार्मिक पुस्तकों का वाचनए मंत्रों का उच्चरण इत्यादि क्रियाएं कराई गईं। साथ ही उपस्थित महिलाओं को औषधीय पौधों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गयाए जिसमें आयुष विभाग द्वारा आयुर्वेद के 307, युनानी के 132 और होम्योपैथी के 150 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया गया। इस मौके पर डॉ अवध पचौरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# योग भवन में 26 अगस्त को कृष्णा जन्माष्टमी मनाया जाएगा

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com

स्वामी शिवानन्द सरस्वती योग भवन में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जाएग। जो कि 18 घंटे का द्वादश मंत्रों नमो भगवते वासुदेवाय के उच्चारण के साथ संकीर्तन स्वामी विद्यानन्द सरस्वती के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित है। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व 26 अगस्त सोमवार को मनाया जाएगा। दिव्य जीवन संघ के दौलत चन्द्राकर एवं तारेंद्र चन्द्राकर ने बताया कि उसी दिन कार्यक्रम योग भवन कचहरी चौक में प्रातः 06:00 से बजे से संध्याकाल 06:00 बजे तक नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का सामुहिक संकीर्तन।संध्याकाल 06:00 बजे से 09:00 बजे तक भजन संध्या एवं बच्चों की झांकी रात्रि 09:00 बजे से 12:00 बजे तक नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का सामुहिक संकीर्तन एवं आरती पश्चात समापन होगा ।

# धमतरी पुलिस की बडी सफलता, 5-5 लाख के दो ईनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



शासन की पुनर्वास एवं आत्मसर्पण नीति से प्रभावित होकर एवं पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर अमरेश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में चलाये जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान के दौरान नगरी एरिया कमेटी, गोबरा एलओएस सदस्य टिकेश उर्फ टिकेश्वर वट्टी एवं सीता नदी एरिया कमेटी, एसीएम सदस्य, प्रमिला उर्फ गणेशी नेताम दोनों पति पत्नी ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक धमतरी आंजनेय वार्ष्णेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार नायक के समक्ष माओवादियो की खोखली विचारधारा, भेदभाव-पूर्ण, व्यवहार उपेक्षा व प्रताडना से तंग आकर आत्मसमर्पण किया। टिकेश उर्फ टिकेश्वर वट्टी पिता पतिराम उम्र 38 वर्ष ग्राम एकावारी थाना बोराई जिला धमतरी, धारित हथियार- 303 रायफल, पद- नगरी एरिया कमेटी, गोबरा एलओएस सदस्य, शासन व्दारा घोषित ईनाम- 05 लाख रूपये यह वर्ष 2009 में सीतानदी एरिया कमेटी के सदस्य के पद पर संगठन में भर्ती हुआ, वर्ष 2010 में गोबरा एलओएस में सदस्य के पद पर कार्य कर रहा था। टिकेश इन बडी घटनाओं में रहा शामिल उक्त आत्मसमर्पित नक्सली ने जिला धमतरी व सरहदी जिला गरियाबन्द एवं कांकेर के वनांचल क्षेत्रों में हत्या व हत्या का प्रयास जैसे कई बडी वरदात को अंजाम दिया है। आत्मसमर्पित नक्सली के विरूद्ध जिला धमतरी में कुल 18 अपराध पंजीबद्ध है। इसी प्रकार सरहदी जिला गरियाबन्द में 12 तथा जिला कांकेर में 02 अपराध पंजीबद्ध है। वर्ष 2013 में यह दो घटना में शामिल रहा जिसमें खल्लारी माता मन्दिर के पीछे जंगल में पुलिस.नक्सली मुठभेए हुई थी और फायरिंग के दौरान सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमाण्डेट को गोली लगने से शहीद हो गये थे। दूसरी घटना खल्लारी के जंगल में पुलिस5नक्सली मुठभेढ़ के दौरान एक पुलिस जवान को गोली लगने से घायल हो गया था। जोगीबिरदो के ग्रामीण की हत्या। वर्ष 2018 मांदागिरी 5 तेंदूडोंगरी में पुलिस नक्सली मुठभेढ़ वर्ष 2019 में ग्राम कट्टीगांव जिला धमतरी में एसटीएफ टीम के साथ हुई नक्सली मुठभेढ़ जिस दौरान एक महिला नक्सली सीमा मण्डावी मारी गई थी जिसके शव के पास इंसास रायफल मिला था। संदबाहरा मांदागिरी पहाडी के मध्य जंगल एसटीएफ टीम के साथ हुई नक्सली मुठभेढ चार नक्सली मारे गये थे, जिसमें तीन महिला नक्सली व एक पुरूष नक्सली का शव तथा 315 बोर हथियार अन्य विस्फोटक सामग्री को जप्त की गई थी। वर्ष 2020 में लिलांज नदी के किनारे सांकरा-मेचका मुख्य मार्ग पर पेड काटकर रास्ता अवरूद्ध कर आईडी लगाया गया था जिसे सुरक्षा बल के बीडीएस टीम के द्वारा डिफ्यूज किया गया था। उजरावन से रिसगांव जाने वाले कच्ची रोड से लगे खेत के पास एक ग्रामीण को पुलिस का मुखबिर बताकर हत्या कर दी गई। ग्राम घोरागांव जंगल में पुलिस पार्टी पर सर्चिंग के दौरान फायरिंग की गई जिस दौरान पुलिस नक्सली मुठभेढ में एक पुरूष नक्सली रवि मारा गया। वर्ष 2021 में अलग-अलग घटनाओं को अंजाम देते हुए तीन ग्रामिणों ग्राम घोरागांव निवासी अमरदीप मरकाम, ग्राम चंदनबाहरा के ग्रामीण केसर सोरी, ग्राम रिसगांव गादुलबाहरा के ग्रामीण प्रहलाद नेताम को पुलिस का मुखबिर बताकर हत्या कर दी गई। वर्ष 2023 में ग्राम चमेदा के ग्रामीण नारद मरकाम को रात्रि में घर अन्दर से बाहर बड़ेपारा से लाल भठौली उडीसा जाने के मार्ग पर ले जाकर हत्या कर दी गई। माह 04/2024 को हुई पुलिस नक्सली मुठभेढ में भी शामिल रही, जिसमें महिला नक्सली मांगो उर्फ सिंधु को गोली लगी थी जिसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। वहीं प्रमिला उर्फ गणेशी नेताम उम्र 32 वर्ष ग्राम गोना नयापारा जिला गरियाबंद धारित हथियार-12 बोर बंदूक, धारित पद-सीता नदी एरिया कमेटी,एसीएम सदस्य, शासन व्दारा घोषित ईनाम 05 लाख रूपये, यह 2009 से संघम सदस्य के पद पर संगठन में भर्ती हुआ। प्रमिला इन बडी घटनाओं में रही शामिल- थाना मेचका के मादागिरी-तेंदुडोगरी जंगल में पुलिस नक्सली मुठभेड़ में गोबरा एलओएस कमांडर जयसिंह मारा गया जिसके कब्जे से एक नग पिस्टल चार नग कारतूस बरामद किया।

# इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा प्रथम राज्य स्तरीय जूनियर रेड क्रॉस कार्यक्रम का किया जाएगा आयोजन

- रेड क्रॉस सोसायटी हेतु प्रबंध समिति का किया जाएगा गठन-एम.के. राउत
- रेड क्रॉस सोसायटी के अंतर्गत युवाओं को दिया जाएगा प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com




इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एमके राउत की अध्यक्षता में विगत दिवस कलेक्टोरेट सभाकक्ष में रेड क्रॉस सोसायटी के कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर एवं अध्यक्ष इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी दुर्ग ऋचा प्रकाश चौधरी ने बैठक में जिले में संचालित रेड क्रॉस सोसाइटी के गतिविधियों के विषय में जानकारी दी। इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा राज्य के माध्यम से प्रथम राज्य स्तरीय जूनियर रेड क्रॉस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न विभागों के माध्यम से विभिन्न गतिविधियां की जाएगी। रेड क्रॉस सोसायटी के संबंध में शिविर लगाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी राऊत ने रेड क्रॉस सोसायटी का बेहतर प्रबंधन करने के निर्देश दिए। उन्होंने रेडक्रॉस सोसायटी अंतर्गत प्रबंध समिति गठित करने और एक राज्य स्तरीय अधिकारी को समिति में नियुक्त करने को कहा। रेड क्रॉस सोसायटी के अंतर्गत शहरी तथा ग्राम पंचायत स्तर पर अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने के साथ ही उन्हें फर्स्ट एड (प्राथमिक चिकित्सा) की जानकारी व रेड क्रॉस से संबंधित कार्यों से अवगत कराने कहा। कलेक्टर सु चौधरी ने संचालित रेड क्रॉस सोसाइटी के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की गतिविधियां जैसे ब्लड बैंक, वृद्ध आश्रम का संचालन, फिटनेस ट्रेनिंग सेंटर, संचालकों का प्रशिक्षण, जूनियर रेड क्रॉस सोसाइटी, पोस्टमार्टम केंद्र, शव वाहन का संचालन, आकस्मिक दुर्घटना में आहट परिवार जनों को चिकित्सीय उपकार हेतु आर्थिक सहायता, रक्तदान शिविर, वृद्ध आश्रम में स्वास्थ्य परीक्षण एवं जल वितरण, जूनियर रेड क्रॉस द्वारा फल एवं जल वितरण, आयकर अधिनियम की धारा 12 यू के तहत पंजीकृत प्रधानमंत्री जन औषधि मेडिकल स्टोर व अन्य उपलब्धियां के बारे में बताया। बैठक के दौरान रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, अपर कलेक्टर अरविंद एक्का, जिला पंचायत सीईओ अश्विनी देवांगन, सीएमएचओ मनोज दानी तथा अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

**राउत द्वारा लैब का किया गया निरीक्षण**-इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के सीईओ राउत द्वारा जिला अस्पताल के रेड क्रॉस सोसायटी के माध्यम से संचालित लैब का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लैब संबंधी जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सोसायटी द्वारा संचालित एंबुलेंस का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीम हरवंश सिंह मिरी, डिप्टी कलेक्टर मुकेश राउटे तथा स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# शिवरीनारायण में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महापर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है

## श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर परिसर को रंग बिरंगे फूलों से सजाया गया है

- महापर्व मनाने 23 अगस्त से झूला झांकी का आयोजन प्रारंभ हुआ है

पायनियर संवाददाता ∢ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



गुप्त प्रयाग माता शबरी की तपोभूमि भगवान जगन्नाथ जी का मूल निवास स्थान प्राचीन और पुरातात्विक मंदिरो को समेटे हुए धर्म नगरीय शिवरीनारायण मे भगवान श्री कृष्ण जी का जन्म उत्सव श्री कृष्ण जन्माष्टमी का महापर्व धूमधाम और भक्तिमय वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है इसी तारतम्य में नगर के मुख्य मंदिर श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महापर्व मानने 23अगस्त से झूला, झांकी का भव्य आयोजन प्रारंभ हुआ है श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर की साफ सफाई कर रंग रोगन का कार्य किया गया है और मंदिर के गर्भ गृह के साथ पूरे मंदिर परिसर को रंग बिरंगे फूलों से आकर्षक सजाया गया है। श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर के मुख्य पुजारी पं. हरीश तिवारी भोगहा ने बताया इस वर्ष भगवान श्री कृष्ण जी का जन्म उत्सव भव्य तरीके से मनाया जाएगा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर मंदिर को आकर्षक सजाने के साथ ही झूला झांकी और झूलन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। श्री कृष्ण जी की बाल लीलाओं की आकर्षक झांकी लगाया गया है और श्री राधाकृष्ण जी की मनभावन प्रतिमा को सजाकर झूला में बिठाकर झूला झुलाया जा रहा है। 23अगस्त की शाम को झूला, झांकी आरंभ हुआ है जो 29 अगस्त 2024 तक चलेगा। श्री राधा कृष्ण जी की मूर्ति को झूला में झूलाने से श्रद्धालुओं की सभी प्रकार की मनोकामनाएं पूर्ण होकर मनोवांछित फलों की प्राप्ति होती है। साथ ही 25 अगस्त 2024 को मंदिर परिसर में महिलाओं और युवतियों के द्वारा निशुल्क मटकी सजाओ प्रतियोगिता और तीन वर्ष से 10 वर्ष तक के बच्चों के लिए निशुल्क श्री राधा कृष्ण फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है दोनों प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले प्रतिभागी को 5100 द्वितीय प्रतिभागी?2100 और तृतीय प्रतिभागी को 1100 का इनाम के साथ श्री शिवरीनारायण भगवान जी का छायाचित्र प्रदत किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी को सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। 26अगस्त श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर श्री शिवरीनारायण भगवान जी का मनमोहक आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा दिन भर श्रद्धालुओं को प्रसाद के वितरण किया जाएगा शाम 6:00मंदिर परिसर में 1100 दीप प्रज्वलित कर आसमान में आकाश दीप छोड़े जाएंगे। 26 अगस्त 2024 की रात्रि को ठीक 12:00 बजे ढोल नगाड़ों और शंख की मधुर ध्वनि के मध्य भगवान श्री कृष्ण जी का जन्म महोत्सव मनाया जाएगा इसके पूर्व भगवान जी का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक किया जाएगा श्री शिवरीनारायण भगवान जी की महाआरती की जाएगी सभी श्रद्धालुओं को पंजरी और पंचामृत का विशेष प्रसाद वितरण किया जाएगा।

# यूटीडी, सीएसवीटीयू, भिलाई में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com



यूटीडी, सीएसवीटीयू, भिलाई में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के यूटीडी के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता एवं स्पीच प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। यूटीडी के निदेशक डॉ पी के घोष ने कार्यक्रम का प्रारम्भ अंतरिक्ष विज्ञान के विषय पर ज्ञानवर्धक भाषण से किया। उन्होंने कहा, अंतरिक्ष विज्ञान की सफलता हमारे वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। हमें अपने वैज्ञानिकों पर गर्व होना चाहिए जिन्होंने अंतरिक्ष में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। समकुलपति डॉ संजय अग्रवाल ने इस दिवस की सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस हमें अपने वैज्ञानिकों की उपलब्धियों को याद दिलाता है। हमें अपने वैज्ञानिकों की सफलता से प्रेरणा लेनी चाहिए और नए कीर्तिमान स्थापित करने के लिए प्रयास करना चाहिए। कुलपति प्रो एम के वर्मा ने अपने सन्देश में कहा कि प्राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज का दिन हमारे देश के वैज्ञानिकों की उपलब्धियों को याद करने और उनकी सफलता से प्रेरणा लेने का दिन है। अंतरिक्ष विज्ञान में हमारे देश ने बहुत प्रगति की है और हमें इस पर गर्व होना चाहिए। हमारे वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं और हमें उनकी मेहनत का परिणाम देखने को मिल रहा है। प्रतियोगिता में कुल 25 प्रतिभागी शामिल हुए, जिसमें पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान -अनुराग चक्रधारी (तृतीय सेमेस्टर -एआई), द्वितीय-गरिमा साहू (पंचम सेमेस्टर -एआई) एवं युवराज डहरिया (पंचम सेमेस्टर -एआई) तथा स्पीच कॉम्पीटिशन में द्वितीय- हर्ष शर्मा (तृतीय सेमेस्टर -एआई), तृतीय - आशीष वैद्य (सप्तम सेमेस्टर -एआई) एवं कार्तिक पाण्डेय के साथ सभी विजेताओं को पुरस्कृत एवं सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति, समकुलपति, यूटीडी के निदेशक, सीएसवीटीयू-फोर्टे के निदेशक, प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# श्री रामलला दर्शन योजनाः दुर्ग और बस्तर संभाग के 822 श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या धाम हुआ रवाना

## तीर्थ यात्रियों को सांसद विजय बघेल ने हरी झण्डी दिखाकर दुर्ग रेल्वे स्टेशन से किया रवाना

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com

राज्य सरकार की रामलला दर्शन योजना के तहत राम भक्तों का जत्था लगातार अयोध्या धाम पहुंच रहा है। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में समाज कल्याण विभाग के उप संचालक अमित परिहार के द्वारा श्रद्धालुओं को यात्रा में सुविधा हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं की गई। दुर्ग संभाग और बस्तर संभाग के 822 श्रद्धालुओं को आज दुर्ग स्टेशन से रामलला दर्शन अयोध्या धाम की यात्रा के लिए रवाना किया गया। रामलला दर्शन पश्चात् तीर्थयात्रियों का दल 25 अगस्त 2024 को मध्य रात्रि स्पेशल ट्रेन से ही दुर्ग वापस पहुंचेगा। तीर्थ यात्रा में दुर्ग जिले के 180 श्रद्धालु शामिल है। सांसद विजय बघेल, विधायक दुर्ग शहर गजेन्द्र यादव एवं कमिश्नर सत्यनारायण राठौर ने दुर्ग रेल्वे स्टेशन से दोपहर एक बजे ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर अयोध्या धाम के लिए रवाना किया। राम भक्तों को फूल माला पहनाकर दुर्ग स्टेशन से रवाना किया गया। श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान भोजन तथा अयोध्या में रूकने एवं अन्य सभी प्रकार से बेहतर व्यवस्था की गई है, ताकि सभी श्रद्धालुगण खुशी-खुशी दर्शन कर सके। वही सभी तीर्थ यात्रियों ने रामलला दर्शन योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हर वर्ग के लोगों को इसका लाभ मिल रहा है। दुर्ग जिले के रिसाली सेक्टर में रहने वाली मती ललिता देवी ने कहा कि वह पहली बार रामलला के दर्शन को जा रही हैं। यह उनके लिए सौभाग्य की बात हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का धन्यवाद कर रामलला दर्शन योजना के लिए उनकी सराहना की। इसी प्रकार बोरसी निवासी घनश्याम दास साहू ने भी अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि योजना के माध्यम से रामलला दर्शन की यात्रा के दौरान प्रदेश के अलग अलग स्थानों से आए हुए श्रद्धालुओं को एक साथ एक ही ट्रेन से सफर कर रहे है। इससे उन्हे भी नए-नए लोगों से मिलने का अवसर मिला है। जो कि सामाजिक दृष्टिकोण से समाजिक एकता के लिए एक अच्छी पहल है। विधायक दुर्ग शहर गजेंद्र यादव ने अपने मोबाईल से गौरमाटी, बोड़ला, पंडरिया एवं कवर्धा के रामलला दर्शणार्थियों की उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से बात कराई। दर्शनार्थियों ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# राशनकार्ड से संबंधित सुविधाओं का लाभ लेने के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com

राज्य शासन द्वारा राशनकार्ड के सभी सदस्यों का शत प्रतिशत ई-केवाईसी किये जाने के निर्देश दिये गये है। खाद्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में कुल 4,74,440 राशनकार्ड प्रचलित है, जिसमें 17,05,027 सदस्य सम्मिलित है। जिले में प्रचलित राशनकार्डों से संलग्न 3,79,942 सदस्यों द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान में उपलब्ध ई-पॉस मशीन में अब तक ई केवाईसी नहीं कराने के कारण विभागीय डाटाबेस में ऐसे सदस्यों का ई-केवाईसी अपूर्ण प्रदर्शित हो रहा है। सभी कार्डधारियों एवं राशनकार्ड के सदस्यों से अपील की जाती है कि विभागीय माडयूल में अपूर्ण प्रदर्शित हो रहे मुखिया/सदस्य राशनकार्ड एवं राशनकार्ड से संबंधित अन्य सुविधाओं का आगे भी लाभ प्राप्त करने के लिए आवश्यक रूप से शा.उ.मू. दुकान में उपलब्ध ई-पॉस मशीन के माध्यम से अपना ई-केवाईसी दर्ज करा सकते है। अपने निकटतम शा.उ.मू. दुकान में राशनकार्ड एवं आधार कार्ड के साथ जाकर अपने ई-केवाईसी के पूर्ण/अपूर्ण होने के संबंध में जानकारी भी प्राप्त कर सकते है। जिले की शासकीय उचित मूल्य दुकानों द्वारा अब तक लगभग 80 प्रतिशत राशनकार्डों पर खाद्यान्न वितरण किया जा चुका है। अतः अपूर्ण ई-केवाईसी वाले सदस्यों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शा.उ.मू. दुकान संचालकों को प्रथम पहर में खाद्यान्न का वितरण एवं द्वितीय प्रहर में ई-केवाईसी संबंधी कार्य करने के निर्देश दिये गये है।

# जिले के ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवतियों हेतु 05 जुलाई से निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण आयोजित

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com

बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान दुर्ग भारत सरकार द्वारा संचालित एक प्रशिक्षण संस्थान है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करता है। इसी उद्देश्य की प्राप्ति हेतु संस्थान द्वारा दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले के ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवतियों को निःशुल्क आवासीय (भोजन व्यवस्था के साथ) प्रशिक्षण दिया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण हेतु दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले के ग्रामीण क्षेत्र के 18 से 45 वर्ष के युवक-युवतियों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। प्रशिक्षण हेतु आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, राशन कार्ड, नरेगा जॉब कार्ड, पासपोर्ट फोटो, मार्कशीट की छायाप्रति लाना अनिवार्य होगा। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार युवक-युवतियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार विकास को सुगम बनाना है। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम आत्म उत्पादकता, सशक्तिकरण, कौशल विकास, उद्यमिता, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं के बारे में शिक्षण प्रदान करते हैं। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रां में आत्मनिर्भरता को बढ़ाने में मदद मिलती है। निदेशक बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान से प्राप्त जानकारी अनुसार 21 अगस्त को मोबाईल रिपेयिरिंग का प्रशिक्षण (30 दिन तक), 03 सितम्बर को सीसीटीवी कैमरा इंस्टालेशन का प्रशिक्षण (13 दिन तक), 16 सितम्बर को कम्प्यूटर हार्डवेयर नेटवर्किंग का प्रशिक्षण (45 दिन तक) दिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए फोन नम्बर 0788-2961973 व ऑनलाईन लिंक पता-शंकराचार्य हॉस्पिटल के पास जुनवानी भिलाई जिला दुर्ग से सम्पर्क किया जा सकता है।

# बचपन प्ले स्कूल में मनाया गया श्री कृष्ण जन्मोत्सव

पायनियर संवाददाता ∢ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com




शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय बचपन प्ले स्कूल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार बड़े ही धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम में पूजा अर्चना एवं रासलीला के माध्यम से भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ एवं भगवान श्री कृष्ण से जुड़ी हुई समस्त लीलाओं का विस्तार से वर्णन किया गया कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को भगवान श्री कृष्णा के बाल रूप से संबंधित समस्त क्रियाकलापों एवं उनकी लीलाओं को विस्तार से बताया गया कक्षा यूकेजी के छात्राओं के द्वारा नाती की प्रस्तुति दी गई और मटकी फोड़ का आयोजन किया गया कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं पजामा कुर्ता एवं लहंगा चोली पहनकर बालकृष्ण के रूप में एवं राधा जी के रूप में आए हुए थे। नन्हे - नन्हे बच्चों को देखकर सभी मंत्र मुक्त हो गए थे कार्यक्रम में विद्यालय की डायरेक्टर ज्योति ताम्रकार ने बच्चों को श्री कृष्णा की बाल लीलाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी साथ ही विद्यालय की डायरेक्ट आशी कक्कड़ ने भी श्री कृष्णा एवं उनके मामा कंस के युद्ध युद्ध के बारे में भी विस्तार से समझाया। साथ ही संस्था की डायरेक्टर तोशी अग्रवाल ने महाभारत युद्ध के समय श्री कृष्णा की भूमिका के बारे में भी बच्चों को विस्तार से बताया। संस्था की काउंसलर सोनाली दास ने बच्चों को बताया कि हमें भगवान श्री कृष्णा के बताएं मार्गो पर चलना चाहिए। एवं हमें हमेशा सत्य एवं धर्म की राह पर चलना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में भगवान श्री कृष्ण की आरती धूमधाम से की गई। एवं सभी छात्र-छात्राओं को प्रसाद वितरण किया गया। एवं सभी छात्राओं ने रास गरबा का नृत्य कर आनंद उठाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिकाओं वैष्णवी जायसवाल, राशि गुप्ता आरिका खान ,साधना सिंह, रश्मि प्रसाद, शिल्पी सिन्हा, नेहा मिश्रा, प्रियंका सिंह, रेखा दोहरे ,पुष्पा सिंह, राधा पांडे, प्रतिमा वर्मा, रुचि सेन ,पूजा सोंधिया, नंदिनी साहू, सबा परवीन आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# हाथियों के दल ने गांव में घुसकर कई किसानों के घरों और फसलों को पहुंचाया नुकसान

पायनियर संवाददाता ∢ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



वनांचल क्षेत्र में हाथियों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाल ही में पार्क परिक्षेत्र जनकपुर के नारायणपुर गांव में 11 हाथियों के एक दल ने जमकर तांडव मचाया, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया है।

**किसानों के घरों और फसलों को पहुंचाया नुकसान**-हाथियों के इस दल ने गांव में घुसकर कई किसानों के घरों को नुकसान पहुंचाया। उनके घरों की दीवारें तोड़ दीं और सामान को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके साथ ही, खेतों में खड़ी धान की फसल को भी हाथियों ने बर्बाद कर दिया। किसानों के महीनों की मेहनत को चंद घंटों में हाथियों ने तहस-नहस कर दिया, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा है।

**वन विभाग की टीम मौके पर, ग्रामीणों को दी जा रही है समझाइश**-घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। पार्क रेंजर राजराम ने बताया कि स्थिति को काबू में करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांव वालों को हाथियों से सुरक्षित रहने के उपाय बताए जा रहे हैं। ग्रामीणों से संयम बरतने की अपील की गई है और उन्हें समझाइश दी जा रही है कि हाथियों को छेड़ने से बचें और उनके रास्ते से दूर रहें। वन विभाग की टीम लगातार क्षेत्र में निगरानी कर रही है और जल्द ही हाथियों के इस दल को जंगल की ओर खदेड़ने के प्रयास किए जाएंगे। वन विभाग की ओर से ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया है कि इस मामले में जितनी जल्दी हो सके, राहत के उपाय किए जाएंगे।

**ग्रामीणों में दहशत का माहौल**-हाथियों के इस तांडव के बाद नारायणपुर और आसपास के गांवों में दहशत का माहौल है। ग्रामीण अपने घरों और फसलों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। हाथियों के इस दल के गांव में दुबारा लौटने की आशंका ने उन्हें और भी ज्यादा भयभीत कर दिया है। वन विभाग से उचित कदम उठाने की मांग की जा रही है ताकि हाथियों के इस आतंक से उन्हें राहत मिल सके। वन विभाग की ओर से हाथियों के इस दल की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है और उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही स्थिति पर काबू पा लिया जाएगा।

## अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही से चार साल से नहीं पटा बिजली बिल

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का बुरा हाल

पायनियर संवाददाता ∢ एमसीबी
www.dailypioneer.com



जिले में केल्हारी तहसील अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केल्हारी में आसपास के 55 गांवों के ग्रामीणों इलाज के लिए आते हैं, लेकिन इन दिनों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का बुरा हाल है। अस्पताल में गंदगी का आलम है जगह जगह सीढ़ियों के पास गुटखा और पान के दाग-धब्बे देखा जा सकता है। अस्पताल में पुरुषों और महिलाओं के अलग-अलग वार्ड बने हुए हैं, लेकिन महिला और पुरुष को एक ही वार्ड में भर्ती किया जाता है। तो क्या अलग अलग वार्ड सिर्फ देखने के लिए बना है। भर्ती मरीजों को बेड पर बिना बेड सीट के लिटा दिया गया है जो अस्पताल प्रबंधन की भारी लापरवाही को दिखा रहा है। हमने जब अस्पताल के मरीजों से बात की तो उन्होंने बताया बेड सीट नहीं दी गई है। अब इस माहौल में मरीजों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा ये कहना बेइमानी ही होगी। चार साल से नहीं पटाया बिजली का बिल, एक साल से आ रहा दोनों अस्पताल का बिल। आपको बता दें अस्पताल प्रबंधन की उदासीनता इतनी है कि पिछले चार वर्षों से अभी तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केल्हारी (जोकि अभी बंद हो चुका है) का बिल नहीं चुकाया गया है, वहीं एक साल से संचालित नए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी तीन महीने से बिल बकाया है। जब हमने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ महेश सिंह से बात कि तो उन्होंने बताया जिले के अधिकारियों से बात हो गई है 10-12 दिन में बकाया भुगतान करवा दिया जाएगा। अब बडा सवाल यही है कि बीते एक वर्ष से बंद पड़े प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र केल्हारी का बिल भुगतान भी करना पड़ेगा और जब अस्पताल संचालित था तब तीन वर्षों से बिजली बिल भुगतान क्यूं नहीं किया गया।यह अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही को उजागर करता है। जब पुराने अस्पताल की सेवाएं नए अस्पताल में संचालित होने लगी तो बंद पड़े प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की बिजली कनेक्शन को कटवाने के लिए बिजली विभाग को आवेदन नहीं देना अस्पताल प्रबंधन की गैर जिम्मेदाराना रवैए को दिखाता है।

**क्या नए सीएचएमओ करेंगे लापरवाही पर कोई कार्यवाही!**-एमसीबी जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अविनाश खरे नवीन प्रभार ग्रहण करते ही बीते दिनों में ताबड़तोड़ पैथालॉजी जांच लैबों पर छापामार निरीक्षक किया था। केल्हारी में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बुरे हालात को देखते हुए लापरवाह अस्पताल प्रबंधन केल्हारी पर क्या कोई कार्यवाही करेंगे यह देखना दिलचस्प होगा।

**विद्युत विभाग केल्हारी के अधिकारी ने क्या कहा इसे भी पढ़ें**-जब हमने बिजली विभाग केल्हारी के अधिकारी जेई से जानकारी ली तो पता चला हमें पुराने अस्पताल की बिजली कनेक्शन कटाने का कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।लगभग बीते चार सालों से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का दो लाख सोलह हजार (2,16,000) रूपए और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का 7500 रूपए तीन महीने से बकाया है। अस्पताल प्रबंधन को 15 दिनों का नोटिस देकर बकाया बिल भुगतान करने को कहा है।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य हेतु नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा प्राप्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण का विस्तृत कार्यक्रम 20 अगस्त 2024 से प्रारंभ कर 10 अक्टूबर 2024 तक किया जाना है, जिसके लिए बूथ लेवल अधिकारी डोर-टू-डोर जाकर मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य संपादित करेंगे। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने दुर्ग जिले में सर्वेक्षण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर नियत समयावधि में संपन्न कराए जाने हेतु नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी एवं समन्वयक नियुक्त किया है। कलेक्टर के आदेशानुसार ग्रामीण क्षेत्र हेतु जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नोडल अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत (सर्व), तहसीलदार (सर्व), परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग (सर्व), विकासखंड शिक्षा अधिकारी (सर्व) को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नगरीय क्षेत्र हेतु संबंधित क्षेत्र के आयुक्त नगर पालिक निगम/मुख्य नगर पालिका अधिकारी को नोडल अधिकारी तथा तहसीलदार/अति तहसीलदार (सर्व), परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग (सर्व), विकासखंड शिक्षा अधिकारी (सर्व), निकाय का एक राजस्व अधिकारी (आयुक्त न.नि./मु.न.पा.अधि. द्वारा नामित व्यक्ति) को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## संपादकीय

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पोलैंड यात्रा

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** की पोलैंड यात्रा 45 साल बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा है। महत्वपूर्ण राजनयिक कदम के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 अगस्त को पोलैंड पहुंचे। यह इस देश में 45 साल बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा है। इस ऐतिहासिक यात्रा से भारत-पोलैंड संबंधों का बढ़ता महत्व रेखांकित होता है। लगभग 70 वर्ष पहले स्थापित हुए इन संबंधों ने काफी प्रगति की है। भारत और पोलैंड के बीच समृद्ध राजनयिक इतिहास है जिसकी शुरुआत 1950 के दशकारंभ में भारत की स्वतंत्रता प्राप्ति तथा पोलैंड के द्वितीय विश्व युद्ध की विभीषिका से उबरने के बाद हुई थी। दोनों देशों ने 1954 में औपचारिक राजनयिक संबंध स्थापित कर परस्पर सम्मान, साझा मूल्यों तथा समान हितों पर आधारित साझेदारी की नीव रखी थी। शीतयुद्ध के दौरान भी भारत और पोलैंड के बीच हार्दिक संबंध बने रहे जिनको गुटनिरपेक्ष आंदोलन में उनकी सदस्यता से बल मिलता था। इस कालखंड में द्विपक्षीय व्यापार, सांस्कृतिक आदान-प्रदान तथा राजनीतिक संवाद में स्थाई प्रगति हुई। लेकिन शीतयुद्ध समाप्त होने के बाद इन संबंधों में थोड़ी 'सुस्ती' आई क्योंकि दोनों देश घरेलू सुधारों तथा आर्थिक परिवर्तनों पर ज्यादा ध्यान दे रहे थे। इसके बावजूद दोनों देशों के बीच संबंधों की गरमाहट बनी रही। हालिया वर्षों में भारत-पोलैंड संबंधों में तेजी से प्रगति हुई। यह परस्पर आर्थिक हितों, वैश्विक सुरक्षा के प्रति साझा सरोकारों तथा बहुपक्षीयता के प्रति प्रतिबद्धता से संचालित हैं। यूरोपीय संघ के सदस्य के रूप में पोलैंड की मध्य यूरोप में प्रमुख भूमिका है और वह इस क्षेत्र से संपर्क करने में भारत का महत्वपूर्ण साझीदार बना हुआ है। इस बीच भारत की तेज आर्थिक प्रगति तथा एशिया में उसकी रणनीतिक स्थिति ने उसे पोलैंड के लिए आकर्षक साझीदार बना दिया है।



प्रधानमंत्री मोदी की पोलैंड यात्रा द्विपक्षीय संबंधों को गहरा बनाने व पुन: ऊर्जान्वित करने के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। यह तथ्य खासकर उल्लेखनीय है कि किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने 1979 के बाद पहली बार पोलैंड यात्रा की है। इस यात्रा से अनेक प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ने की उम्मीद है जिनमें व्यापार एवं निवेश, रक्षा, प्रौद्योगिकी और सांस्कृतिक आदान-प्रदान शामिल हैं। भारत और पोलैंड के बीच व्यापार लगातार बढ़ रहा है और द्विपक्षीय व्यापार पिछले वर्षों में लगभग 3 बिलियन डालर तक पहुंचा है। पोलिश कंपनियों ने भारतीय बाजार व खासकर रक्षा, ऊर्जा और ढांचागत संरचना क्षेत्रों में काफी दिलचस्पी दिखाई है। इसी प्रकार भारतीय उद्यमी पोलैंड में खासकर सूचना प्रौद्योगिकी, फार्मास्यूटिकल्स और विनिर्माण में अवसर खोज रहे हैं। रक्षा सहयोग परस्पर हित का एक और महत्वपूर्ण क्षेत्र है। इस दृष्टिकोण से बढ़ते रक्षा उद्योग वाला देश भारत पोलैंड का महत्वपूर्ण साझीदार बन सकता है। प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। पोलैंड में बड़ी संख्या में अनिवासी भारतीय हैं और दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान बढ़ रहा है। पोलैंड में भारतीय फिल्में, भोजन और त्योहार लगातार लोकप्रिय होते जा रहे हैं जिससे दोनों देशों की जनता के बीच बढ़ते संपर्कों का पता चलता है। भारत और पोलैंड एकसाथ अनेक साझा चुनौतियों को संबोधित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं जिनमें वैश्विक सुरक्षा से लेकर जलवायु परिवर्तन तक शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यह पोलैंड यात्रा ज्यादा गतिशील व परस्पर लाभदायक साझेदारी बढ़ाने में अपना योगदान करेगी।

# शहरों में बाढ़ की समस्या

भावी मानसून की विभीषिका से जीवन और संपत्ति बचाने के लिए नगरों एवं महानगरों में तत्काल समग्र आपदा प्रबंधन व ढांचागत सुधारों की आवश्यकता है। इसमें स्थानीय निकायों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।



**बी. के. सिंह**
(लेखक, सेवानिवृत्त वन अधिकारी हैं)



अत्यधिक वाष्पीकरण तथा इसके कारण बादलों में जमा नमी से दुनिया भर में अचानक भारी बरसात के साथ ही समुद्रों का सतही तापमान बढ़ रहा है। ऐसे में अनुकूल परिस्थितियों में भारी बरसात होती है। कई बार पूरे साल भर में होने वाली बरसात 24 से 48 घंटों में हो जाती है। शहरी ढांचागत संरचनायें इस चुनौती का सामना नहीं कर पाती हैं जिसके कारण इमारतों के भूतल व बेसमेंट में पानी भर जाना सामान्य हो गया है। इसके साथ ही रेल, सड़क व विमान परिवहन प्रभावित होता है जिससे बिजनेसों को नुकसान होता है। ग्रामीण क्षेत्रों में भारी बरसात के कारण फसलें नष्ट होती हैं, भूस्खलन होते हैं तथा पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन के कारण जीवन और आजीविका का नुकसान अर्थव्यवस्था को पटरी से उतार देता है। इससे बजट पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है क्योंकि सार्वजनिक धन को नुकसान पहुंची ढांचागत संरचनाओं के निर्माण पर खर्च करना पड़ता है। इसके अलावा निजी संपत्तियों के नुकसान का मुआवजा भी देना पड़ता है।

30 जुलाई को वायनाड में आई ऐसी विभीषिका में 400 लोगों की जान गई तथा लगभग इतने ही लोग घायल हुए। यह हाल में सबसे बड़ी विभीषिका बन गई है। समुद्र सतह से 1550 मीटर ऊंचे पहाड़ की चोटी से बड़े बोल्डर और पत्थर 8.26 हेक्टर क्षेत्र में गिरे। 7 किलोमीटर लुढ़कने के बाद इन्होंने इमारतों, सड़कों व पुलों, आदि को तीन-चार गांवों में भारी नुकसान पहुंचाया। एक टन के बोल्डरों ने 9 मेगाजूल की ऊर्जा प्राप्त कर ली जो ग्रामीण क्षेत्र में आरसीसी इमारत को ध्वस्त करने के लिए काफी है। मानसून की विभीषिका ने पश्चिमी घाटों तथा हिमालय क्षेत्र में अन्य स्थानों पर भी भारी तबाही मचाई। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भूस्खलनों और सड़कों व पुलों के टूटने से आम जनता व पर्यटकों के लिए भारी मुसीबतें पैदा कीं। हालांकि, प्राकृतिक आपदाओं और जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाली भारी बरसात तथा बादल फटने जैसी घटनाओं को रोका नहीं जा सकता है, पर शहरों की ढांचागत संरचनाओं में समुचित परिवर्तन व सुधार के माध्यम से लोगों की संपत्ति व उनके जीवन को होने वाले नुकसान को बड़ी सीमा तक कम किया जा सकता है। इस संबंध में नगर निगमों को कार्रवाई करने के साथ ही जनता में जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत भी है।

मैं यहां महानगरों के मुद्दों पर गौर करते हुए कुछ सुझाव देना चाहता हूं। दिल्ली के राजेंद्रनगर में पिछले महीने राव कोचिंग के बेसमेंट में तीन सिविल सर्विस की तैयारी करने वाले छात्रों की मौत तथा एक और छात्र की बिजली का करेंट लगने से होने वाली मौत ने स्थानीय संस्था की लापरवाही प्रकट की। हमें उन सावधानियों की जानकारी होनी चाहिए जिसका प्रयोग कर एजेंसियां और इमारतों में रहने वाले लोग यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि ऐसी घटनायें फिर न हों। मुंबई नगर निगम ने पहले ही 'स्टार्मवाटर ड्रेन' तथा ऐसी ही ढांचागत संरचनायें तैयार की थीं जो एक घंटे में 25 एमएम बरसात से निपट सकती हैं। पिछले वर्षों में बार-बार आने वाली बाढ़ ने उनको अपनी जलनिकासी व्यवस्था सुधारने के लिए मजबूर किया है जिससे वह 50एमएम प्रति घंटे की भारी बरसात से निपट सकती है। लेकिन मुंबई, रत्नागिरि, सतारा, महाबलेश्वर व अन्य स्थानों पर प्रति घंटे 80 से 100 एमएम बरसात तक हुई। इसी प्रकार देश के कुछ अन्य क्षेत्रों में अक्सर बादल फटने के कारण प्रति घंटे तीन से चार घंटे तक 80 से 100 एमएम बरसात दर्ज की गई। वायनाड त्रासदी का कारण भी 48 घंटे में 570 एमएम बरसात थी। इसे देखते हुए मुंबई, चेन्नै, हैदराबाद, बैंगलुरू, दिल्ली, गुरुग्राम आदि के नगर निगमों को अपनी जल निकासी व्यवस्था ऐसी बनानी चाहिए जो कम से कम प्रति घंटे 100 एमएम बरसात से निपट सके। स्टार्मवाटर ड्रेनों तथा झील की तलहटी वाले स्थानों से अवैध कब्जे फौरन हटाने चाहिए।

इसके साथ ही नालों से मिट्टी नियमित रूप से निकाली जानी चाहिए और उनकी सफाई होनी चाहिए ताकि प्लास्टिक, पालीथीन बैग, सिल्ट आदि हटा कर उनको बहुत दूर स्थानों पर फेंका जा सके। शहरों में झीलें जल प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इनका जल स्तर नियंत्रित करने के लिए सेल्यूस गेट होने चाहिए। झीलों से मिट्टी तथा वनस्पतियां निकालने का काम समय-समय पर होना चाहिए। इसके साथ ही जल भंडारों को अधिकतम स्तर तक स्वच्छ रखने का प्रयास होना चाहिए। झीलों में जल प्रवेश के सभी स्थानों की नियमित निगरानी यह सुनिश्चित करने के लिए होनी चाहिए कि उनमें अशोधित सीवेज न पहुंचने पाए। इस बात की संभावना है कि तेजी से बाढ़ आने के समय झील का पानी लोगों के घरों में घुस जाए। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि सीवेज का पानी लोगों के घरों में न घुसे। महानगरों में स्टार्मवाटर ड्रेनों पर अक्सर आंशिक रूप से कब्जे हो जाते हैं और लोग मकान या छोटी झोंपड़ियां वहां बना लेते हैं।

ऐसे कब्जादारों का दूसरी जगह पुनर्वास कर नालों को जल प्रवाह के लिए पूरी तरह खुला रखा जाना चाहिए। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि वर्तमान स्टार्मवाटर ड्रेनें प्रति घंटे 25 एमएम से अधिक बरसात से निपटने में सक्षम नहीं हैं। अनेक शहरी झीलों के जलग्रहण क्षेत्र पर कब्जे हो गए हैं। यह क्षेत्र भारी बाढ़ को रोकने तथा जल संरक्षण में सहायक होता है। भंडारण सुविधाओं में कमी के कारण पानी बेसमेंट तथा इमारतों के भूतल में भर जाता है जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नवंबर, 2015 में 24 घंटे में लगभग 483 एमएम बरसात से चेन्नै में अब तक की एक भयावहतम आपदा आई थी। इसमें 500 लोगों की जान गई, 10 लाख मकान पानी में डूब गए तथा 1.8 मिलियन लोगों को विस्थापित होना पड़ा। इस विभीषिका के दो कारण थे-चेन्नै में झील के जलग्रहण क्षेत्रों पर कब्जे तथा चेंब्रम बक्कम जल भंडार में जल स्तर नियंत्रित करने में विलम्ब। इस स्थिति पर इस भंडार से 1.5 लाख क्यूज़ेक पानी अडियार नदी में डालने पर ही नियंत्रण हो सका था।

चेन्नै के अनेक 'वेटलैंड' पर विभिन्न समुदायों ने कब्जा कर लिया है। 5000 हेक्टर से अधिक क्षेत्र में फैला पल्लिकरनाई वेटलैंड अब केवल 10 प्रतिशत रह गया है और 500 हेक्टर वेटलैंड ही बचा है। कब्जे न हटाए जाने की स्थिति में भविष्य में ऐसी आपदा से इनकार नहीं किया जा सकता है। स्टार्मवाटर के लिए जलनिकासी पर काम करते हुए नगर निगमों को सीवर लाइनों पर भी ध्यान देना चाहिए। नालों ओर मैनहोलों को ढंकने पर खास ध्यान दिया जाना चाहिए ताकि कोई व्यक्ति इनमें गिरे नहीं। सड़क पर बाढ़ आने और उसके नदी में बदल जाने पर बिना ढके नाले और सीवर लाइनें लोगों की जान जाने का कारण बनते हैं।

मुंबई, दिल्ली, गुरुग्राम व अनेक अन्य महानगरों में बाढ़ का पानी लोगों के घरों के बेसमेंट में भर जाता है। अक्सर इसे पंप से निकाला जाता है जिसमें समय और ऊर्जा खर्च होती है। ऐसे में जमीन में एक 'संप' बनाने की सलाह दी जाती है ताकि बरसात का पानी प्रभावी रूप से नीचे पहुंच जाए। इस प्रकार उसका जल संरक्षण संभव होगा जिसे बाद में अनेक उद्देश्यों के लिए प्रयोग किया जा सकता है। यदि बेसमेंट साफ रखा जाए तो उसमें एकत्रित बाढ़ का पानी इस्तेमाल योग्य हो सकता है। अनेक नगर निगम नए निर्माण में योजना बनाने के समय 'वाटर हार्वेस्टिंग' ढांचों को अनिवार्य बनाते हैं।

लेकिन क्रियान्वयन के स्तर पर ऐसे ढांचे आमतौर से छतों से वाटर हार्वेस्टिंग तक सीमित होते हैं और बेसमेंट की अनदेखी करते हैं जहां बादल फटने के समय बाढ़ आने का खतरा सबसे अधिक होता है। ऐसे में बेसमेंट के लिए वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य की जानी चाहिए और इसका गंभीरता से क्रियान्वयन होना चाहिए। आवश्यक होने पर संबंधित नगर निगमों द्वारा इमारत बनाने के नियमों में संशोधन कर यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि इमारतों के बेसमेंट का प्रयोग केवल वाहन पार्किंग, कबाड़ एकत्र करने तथा वाटर हार्वेस्गिं या जल भंडारण के लिए हो। किसी भी स्थिति में बेसमेंट का प्रयोग आवास, होटलों और बिजनेसों के लिए नहीं करने देना चाहिए।

# प्रधानमंत्री मोदी की यूक्रेन यात्रा के निहितार्थ

**अखिलेश सुमन**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कीव यात्रा अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में एक महत्वपूर्ण क्षण है, जो यूक्रेन में चल रहे संघर्ष के बीच रूस और पश्चिम के बीच भारत के रणनीतिक संतुलन को दर्शाती है। रूस और पश्चिमी देशों दोनों के साथ मजबूत संबंध बनाए रखने वाले देश के पहले नेता के रूप में, मोदी की यात्रा वैश्विक शक्तियों, विशेष रूप से रूस को एक सूक्ष्म संदेश भेजती है। जबकि कुछ पर्यवेक्षकों का सुझाव है कि मोदी की यात्रा का उद्देश्य रूस की उनकी दो हालिया यात्राओं के बाद पश्चिमी देशों की निराशा को शांत करना है, वास्तविकता अधिक जटिल प्रतीत होती है।

मोदी की यूक्रेन यात्रा मुख्य रूप से मास्को को एक सूक्ष्म संकेत के रूप में कार्य करती है कि भारत यूक्रेन के साथ भी जुड़ सकता है। यह यात्रा एक महत्वपूर्ण समय पर हो रही है, जो रूसी सेना के खिलाफ यूक्रेन की हालिया सैन्य सफलताओं के साथ मेल खाती है, जो मोदी द्वारा दिए जाने वाले संदेश को और मजबूत बनाती है। यूक्रेन के साथ भारत के ऐतिहासिक संबंध गर्मजोशी से दूर रहे हैं, फिर भी यूक्रेन में पीड़ा के पैमाने ने भारत के भीतर सहानुभूति जगाई है। यह भावना मोदी के पहले के बयानों में भी झलकती है, जिसमें उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह युद्ध का युग नहीं है और शांतिपूर्ण समाधान की वकालत की। इसके बावजूद, भारत ने रूस के कार्यों की निंदा करने से परहेज किया है, मास्को से तेल खरीदना जारी रखा है, जो संघर्ष के दौरान रूस के लिए महत्वपूर्ण रहा है। हालांकि, चीन के साथ रूस के बढ़ते घनिष्ठ संबंध भारत के लिए चिंता का विषय बन गए हैं, खासकर भारतीय सीमा पर चीन के आक्रामक व्यवहार को लेकर।

2020 की गलवान घाटी की झड़प और उसके बाद के सैन्य तनावों ने भारत-चीन संबंधों को तनावपूर्ण बना दिया है, जिससे भारत की सुरक्षा चिंताओं के प्रति रूस की कथित उदासीनता चिंताजनक हो गई है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच लगातार बैठकों ने इन चिंताओं को बढ़ा दिया है, जिससे भारत को अपनी विदेश नीति की रणनीति का पुनर्मूल्यांकन करने के लिए प्रेरित किया है। मोदी की यूक्रेन यात्रा



को रूस पर चीन के साथ अपने संबंधों पर पुनर्विचार करने के लिए दबाव डालने के कूटनीतिक प्रयास के रूप में देखा जा सकता है। यूक्रेन के साथ बातचीत करके, भारत मास्को को संकेत देता है कि बीजिंग के साथ उसके घनिष्ठ संबंधों को संभावित परिणामों के बिना हल्के में नहीं लिया जा सकता है। ऐतिहासिक रूप से, भारत ने रूस के साथ मजबूत संबंध बनाए हैं, खासकर रक्षा के मामले में, लेकिन विकसित हो रहे भू-राजनीतिक परिदृश्य के लिए भारत को अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है। मोदी की यात्रा भारत की स्वतंत्र विदेश नीति को भी रेखांकित करती है, एक ऐसा सिद्धांत जिसने शीत युद्ध के दौर से ही देश का मार्गदर्शन किया है। भारत ने लंबे समय से अपने गुटनिरपेक्ष रुख पर गर्व किया है, किसी विशेष गुट के साथ जुड़ने के बजाय रणनीतिक हितों के आधार पर निर्णय लेता है। यह दृष्टिकोण 21वीं सदी में भी प्रासंगिक बना हुआ है, क्योंकि भारत वैश्विक राजनीति की जटिलताओं से निपट रहा है। संयुक्त राष्ट्र में रूस की निंदा करने से भारत के इनकार ने पश्चिमी देशों के साथ टकराव पैदा किया है। हालांकि, मोदी की यूक्रेन यात्रा दर्शाती है कि भारत की तटस्थता का मतलब निष्क्रियता या रूसी आक्रामकता को मौन स्वीकृति देना नहीं है।

इसके बजाय, यह एक सूक्ष्म दृष्टिकोण को दर्शाता है, जो रिश्तों और हितों को संतुलित करते हुए रूस को अपनी सैन्य रणनीति पर पुनर्विचार करने के लिए प्रोत्साहित करता है। भारत पश्चिमी देशों के साथ अपने संबंधों को मजबूत करना चाहता है, खासकर इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में, जहां चीन की मुखरता बढ़ती चिंता का विषय है, मोदी की यूक्रेन यात्रा बहुध्रुवीय दुनिया के प्रति भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। भारत अपनी रणनीतिक स्वायत्तता को महत्व देता है, अपने राष्ट्रीय हितों के आधार पर निर्णय लेता है - एक ऐसा रुख जिसकी कभी-कभी उसके सहयोगियों ने आलोचना की है। मोदी की यात्रा का एक और महत्वपूर्ण पहलू यूक्रेन के पुनर्निर्माण प्रयासों में योगदान देने में भारत की रुचि है। युद्ध ने यूक्रेन को बर्बाद कर दिया है, और भारत इसके पुनर्निर्माण की प्रक्रिया में भूमिका निभाने का अवसर देखता है।

यह भागीदारी न केवल एक मानवीय इशारा होगी, बल्कि एक रणनीतिक निवेश भी होगा जो भारतीय अर्थव्यवस्था को लाभान्वित कर सकता है। भारत पहले ही यूक्रेन को मानवीय सहायता प्रदान कर चुका है, और मोदी की यात्रा बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और रसद सहायता सहित अधिक पर्याप्त समर्थन का मार्ग प्रशस्त कर सकती है, जिससे संबंधित भारतीय उद्योगों को भी लाभ होगा। इसके अलावा, यूक्रेन के पुनर्निर्माण में भारत की भागीदारी चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के प्रति संतुलन के रूप में काम कर सकती है। भागीदार देशों की संप्रभुता का सम्मान करने वाले विकास सहयोग के वैकल्पिक मॉडल की पेशकश करके, भारत खुद को ज़रूरतमंद देशों के लिए ज़्यादा अनुकूल भागीदार के रूप में पेश करता है। यह दृष्टिकोण भारत के खुद को वैश्विक नेता और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में एक नैतिक शक्ति के रूप में स्थापित करने के व्यापक लक्ष्य के साथ संरेखित है। चूंकि दुनिया मोदी की यूक्रेन यात्रा पर करीब से नज़र रख रही है, इसलिए संभावित परिणामों का वैश्विक शक्ति गतिशीलता पर दूरगामी प्रभाव पड़ सकता है। अगर मोदी की कूटनीति रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध विराम में योगदान देती है, तो भारत विश्व मंच पर एक महत्वपूर्ण शांतिदूत और समस्या समाधानकर्ता के रूप में उभर सकता है। इससे भारत की प्रतिष्ठा एक ऐसे राष्ट्र के रूप में बढ़ेगी जो अपने सिद्धांतों और रणनीतिक स्वायत्तता को बनाए रखते हुए जटिल भू-राजनीतिक परिदृश्यों को नेविगेट करने में सक्षम है।

## आप की बात

### लड़कियों का बेहतर प्रदर्शन

**शिक्षा मंत्रालय** के अनुसार देश भर के स्कूलों में लड़कियां लड़कों से बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में लड़कियों का पासिंग प्रतिशत लड़कों से ज्यादा है। साइंस और आर्ट्स स्ट्रीम दोनों में लड़कियां आगे हैं। हालांकि, यह विश्लेषण कई गंभीर मसलों की ओर ध्यान खींचता है, लेकिन इसका सबसे अहम पहलू है स्कूलों में लड़कियों द्वारा लिखी जा रही कामयाबी की सुनहरी कथाएं। लड़कियों के प्रति दोहरी मानसिकता के चलते आज भी बहुत से लोग लड़कों को महंगे प्राइवेट स्कूलों में और लड़कियों को मुफ्त के सरकारी स्कूलों मैं पढ़ाते हैं। इसके बावजूद लड़कियां अपनी प्रतिभा के बलबूते पर अच्छे अंकों से पास होती है और परिवार का गौरव बढ़ाती है। अब आम जनमानस भी लड़कियों को पढ़ाने में रुचि लेने लगा है। इससे प्रोत्साहित लड़कियां भी सभी क्षेत्रों में कठोर परिश्रम और प्रतिभा के बल पर निरंतर आगे बढ़ती जा रही है। अब उच्च स्तरीय नौकरियों पर भी उन्हें महत्व मिलने लगा है। इसे देखते हुए शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में महिलाओं को अधिक अवसर दिए जाने चाहिए। बेटियों को पढ़ाने के साथ उनकी सुरक्षा और उनके प्रति सम्मान की भावना पैदा करने के लिए सभी परिवारों में बेटों को पुरुष-वर्चस्व वाली सोच से मुक्त करना भी जरूरी होता जा रहा है।

**-सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### जम्मू कश्मीर में चुनाव

**जम्मू कश्मीर** में धारा 370 हटाने के बाद पहली बार विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। अब बड़ी पार्टियां घाटी की स्थानीय पार्टियों से गठजोड़ में लगी है। देश की एक बड़ी राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस ने नेशनल कांफ्रेंस से समझौता किया है। नेशनल कांफ्रेंस के वचन पत्र में पहला ही वादा धारा 370 बहाल करना है। इसी तरह से जम्मू कश्मीर की दूसरी बड़ी पार्टी पीडीपी भी धारा 370 बहाल करने के एजेंडे के साथ चुनाव मैदान में है। ऐसे में कांग्रेस से यह सवाल पूछना उचित होगा कि अनुच्छेद 370 के बारे में उसकी क्या राय है? क्या कांग्रेस जम्मू कश्मीर को पुराने अंधकारमय समय मे धकेलना चाहती है, जब वहां आतंकवादियों, अलगाववादियों, जिहादियों और पत्थरबाजों का राज था? वैसे तो अनुच्छेद 370 की वापसी लगभग असंभव है, पर सत्ता के लालच में डूबी पार्टियां इसे लेकर अव्यवस्था, अराजकता व अशांति पैदा करने का प्रयास कर सकती हैं। ऐसे में भाजपा को जम्मू कश्मीर में स्वतंत्र रूप से अकेले ही विधानसभा का चुनाव लड़ना चाहिए। कश्मीर घाटी में अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए भाजपा ऐसी छोटी पार्टियों से समझौता कर सकती है जो जम्मू कश्मीर को विकास की वर्तमान दिशा में आगे बढ़ाने पर सहमत हों।

**- मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### परेशान कश्मीरी नेता

**नेशनल कान्फ्रेंस** अध्यक्ष फारुख अब्दुल्ला ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर के लोग बरसों से कठिनाई में हैं। लेकिन वास्तव में जनता के बजाय अब्दुल्ला जैसे नेता ही कठिनाई में हैं। उन्हें याद करना चाहिए कि 1991 में बहुत से लोगों ने जम्मू-कश्मीर छोड़ा था, जबकि अनुच्छेद 370 व 35 ए हटने के बाद से पूरे देश से लोग वहां बसते जा रहे हैं और आतंक बहुत कम हो गया है। स्पष्ट है कि वहां लोग कठिनाई में नहीं हैं बल्कि जिनकी सत्ता के रहते लोग कठिनाई में थे वे बिना सत्ता के तड़प रहे हैं। बरसों से सत्ता सुख भोगने व शाही ठाठबाट से रहने वालों का सुखचैन जो चला गया है। इनमें कांग्रेस, नेशनल कांफ्रेंस, पीडीपी व अन्य दलों के नेता शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी अपने सपने विकसित भारत का लक्ष्य पूरा करने को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। जिसमें कश्मीर कंधे से कंधा मिला कर सबके साथ है। ऐसे में जम्मू कश्मीर के परेशान नेता किसी न किसी तरह जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। हालिया संसदीय चुनाव में जम्मू कश्मीर के मतदाताओं ने दिखा दिया है कि वे बदलते भारत और बदलते कश्मीर से बहुत खुश हैं। इससे विपक्षी नेताओं की नींद उड़ गई है और अब्दुल्ला के बयान या विलाप का यही कारण है।

**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### मुजीबुर रहमान की स्मृति

**बांग्लादेश** में नरसंहार और राजनीतिक घटनाओं की जांच संयुक्त राष्ट्रसंघ की विशेष टीम अगले सप्ताह करेगी। इससे पहले यह टीम 1971 में बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में हुए मानवीय अत्याचारों की जांच करने आई थी। इसके कारण बांग्लादेश में राजनीतिक घटनाओं पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ रहा है। बांग्लादेश के निर्माण के मुख्य नेता और शेख हसीना के पिता बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान की 15 अगस्त 1975 को हत्या कर दी गई थी। इसलिए इस दिन बांग्लादेश में सार्वजनिक अवकाश होता है। लेकिन मौजूदा मुहम्मद यूनुस सरकार ने अवामी लीग और अन्य दलों से पूछे बिना ही इस राष्ट्रीय अवकाश को रद्द कर दिया है। यह एक प्रकार से बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम और उसके नायक शेख मुजीबुर रहमान की स्मृति मिटाने या उसे धुंधली करने की चाल है। यूनुस सरकार ने शेख हसीना और उनके कैबिनेट सहयोगियों पर अनेक मुकदमे थोपने के साथ ही उनका राजनयिक पासपोर्ट भी रद्द कर दिया है। ऐसे में शेख हसीना भारत में ही रहने को मजबूर होंगी। बांग्लादेश में जारी यह उथलपुथल भारत की चिन्ता का विषय है।

**- दत्तप्रसाद शिरोड़कर,** मुंबई

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# बच्चों के दीर्घायु के लिए माताओं ने रखा हल षष्ठी व्रत

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में हल षष्ठी आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया इस पर्व में माताओं ने अपने बच्चों के दीर्घायु के लिए हल षष्ठी व्रत धारण कर पूजा अर्चना किया । इस दिन गांव शहर के विभिन्न स्थानों पर सगरी का निर्माण किया गया था जिसमें जमीन को कुछ गहरा किया गया और उसके उपर जमीन के चारों तरफविभिन्न वृक्षों के टहनी को लगाया था सारी में महिलाओं के द्वारा लौटा में जल भर कर अर्पित किया गया एवं पारंपरिक तरीके से पूजा अर्चना किया गया इसमें लाई भी अर्पित किया जाता है धूप-दीप दीया से आरती किया गया ।



## कब मनाया जाता है पर्व

भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की षष्ठी को 'हल षष्ठी' पर्व मनाया जाता है। धर्म शास्त्रों के अनुसार इस दिन भगवान शेषनागद्वापर युग में भगवान श्रीकृष्णके बड़े भाई बलराम के रूप में धरती पर अवतरित हुए थे। बलराम जी का प्रधान शस्त्र 'हल' व 'मूसल' है। इसी कारण इन्हें 'हलधर' भी कहा गया है। उन्हीं के नाम पर इस पर्व का नाम 'हल षष्ठी' पड़ा। इसे 'हरछठ' भी कहा जाता है। हल को कृषि प्रधान भारत का प्राण तत्व माना गया है और कृषि से ही मानव जाति का कल्याण है। इसलिए इस दिन बिना हल चले धरती का अन्न व शाक, भाजी खाने का विशेष महत्व है। इस दिन गाय का दूध व दही का सेवन वर्जित माना गया है। इस दिन व्रत करने का विधान भी है। हलषष्ठी व्रत पूजन के अंत में हलषष्ठी व्रत की छः कथाओं को आचार्य के द्वारा सुना कर आरती आदि से पूजन की प्रि याओं को पूरा किया गया।

## संतान दीर्घायु व्रत

'हल षष्ठी' के दिन भगवान शिव, पार्वती, गणेश, कार्तिकेय, नंदी और सिंह आदि की पूजा का विशेष महत्व बताया गया है। इस प्रकार विधिपूर्वक 'हल षष्ठी' व्रत का पूजन करने से जो संतानहीन हैं, उनको दीर्घायु और श्रेष्ठ संतान की प्राप्ति होती है। इस व्रत एवं पूजन से संतान की आयु, आरोग्य एवं ऐश्वर्य में वृद्धि होती है। विद्वानों के अनुसार सबसे पहले द्वापर युग में माता देवकी द्वारा 'कमरछठ' व्रत किया गया था, क्योंकि खुद को बचाने के लिए मथुरा का राजा कंस उनके सभी संतानों का वध करता जा रहा था। उसे देखते हुए देवर्षि नारद ने 'हल षष्ठी' का व्रत करने की सलाह माता देवकी को दी थी। उनके द्वारा किए गए व्रत के प्रभाव से ही बलदाऊ और भगवान कृष्ण कंस पर विजय प्राप्त करने में सफल हुए थे। उसके बाद से यह व्रत हर माता अपनी संतान की खुशहाली और सुख-शांति की कामना के लिए करती है। इस व्रत को करने से संतान को सुखी व सुदीर्घ जीवन प्राप्त होता है। 'कमरछठ' पर रखे जाने वाले व्रत में माताएँ विशेष तौर पर पसहर चावल का उपयोग करती है।

# संतान सुख के लिए हलषष्ठी व्रत भारत के संस्कृति में : नीतू कोठारी



पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

भारत की संस्कृति अद्भुत एवं प्रकृति संरक्षण है यहाँ के त्यौहार प्रकृति के अनुसार उनके संरक्षण के रूप में होता है। भगवान कृष्ण के बड़े भाई बलरामजी के जन्मोत्सव की खुशियां व संतान सुख के प्राप्ति हेतु महिलाएं हलषष्ठी व्रत रखकर पूजा करती है बेमेतरा के वार्ड क्रमांक 11 बाबा रामदेव वार्ड में वार्ड वासियों ने कमरछट पूजा की जिसमे वार्ड क्रमांक 11 की पार्षद नीतू कोठारी ने कहा कि हलषष्टि व्रत हम भारतीय महिलाओं के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण व्रत होता है जिसमे महिलाएं अपने संतान सुख हेतु भगवान से प्राथना करती है । इस अवसर पर प्रतिमा चौबे,पूनिया बाई, जानकी यादव, हेमलता साहू,पन्ना यादव, सरस्वती शर्मा भगवती साहू, बिमला साहू,सोनिया मानिकपुरी, मीना यादव,एवं वार्ड की समस्त माताएं- बहनो ने पंडित शिवम दीवान से पूजा अर्चना करवा कर बच्चों के दीर्घायु होने की कामना की।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कृष्ण जन्माष्टमी

## बच्चों ने आकर्षक गोविंदा उत्सव की प्रस्तुति दी, नन्हें-मुन्हें बच्चें राधा-कृष्ण के वेशभूषा में आकर्षक का केन्द्र बने






पायनियर संवाददाता ◀ कवर्धा
www.dailypioneer.com

नगर के प्रतिष्ठित संस्था दिल्ली पब्लिक स्कूल कवर्धा में कृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के संचालकों के द्वारा मां सरस्वती व राधा-कृष्ण की प्रतिमा की पृजा अर्चना द्वारा हुआ। तत्पश्चात कक्षा नर्सरी से पांचवीं के नन्हें-मुन्हें बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिये। बच्चे राधा-कृष्ण, सुदामा व वासुदेव की वेशभूषा में अपनी मनोरम प्रस्तुति व नृत्य के माध्यम से सभी का मन मोह लिया । वहीं दूसरी ओर कक्षा 6वीं से 12वीं के बच्चों के लिए कक्षा सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अन्य गतिविधियों में उच्च कक्षा के छात्र-छात्राओं द्वारा श्री भगवद गीता के श्लोक का वाचन किया गया और दही-हण्डी फोड़ का आयोजन किया गया, जिसने कार्यक्रम को अधिक रोचक बना दिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं व विद्यालय के कर्मचारियों व बच्चों का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संस्था के संचालक अभिषेक अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, शिव अग्रवाल, विजय गुप्ता, मनोज अग्रवाल व प्राचार्य एन.राजेश कुमार एवं शिक्षक-शिक्षिकायें उपस्थित रहें।

# किसानों के केसीसी खातों से 9 लाख 50 हजार रूपये का धोखाधडी करने वाले आईडीबीआई बैंक के सहायक प्रबंधक गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

किसानों के केसीसी खातों से 9 लाख 50 हजार रूपये का धोखाधडी करने वाले आईडीबीआई बैंक के सहायक प्रबंधक, आरोपी गिरफ्तार । प्रार्थी विकास भरती आईडीबीआई बैंक भिलाई उप महा प्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रमुख के द्वारा अपने पदस्थापना के दौरान आडिट रिपोर्ट पर पता चला कि 25.10.2018 से 18.12.2018 तक तत्कालीक सहायक प्रबंधक आईडीबीआई बैंक शाखा बेमेतरा ललित कुमार डेहरी के द्वारा विभिन्न किसानों के केसीसी खातों से बिना कोई खाता धारक के जानकारी एवं बिना कोई चेक व बिना आहरण फार्म भरे 9,50,000/- रूपये की राशि का आहरण कर धोखाधडी कर बैंक से अमानत में ख्यानत किया गया है। कि रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा



409, 420 भादवि पंजीबद्ध कायम कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को मद्देनजर रखते हुये पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिकी के मार्गदर्शन में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी उप निरीक्षक राकेश साहू एवं थाना स्टाफ को अपराध विवेचना कार्यवाही में लगाया गया। प्रकरण में विवेचना कार्यवाही के दौरान आरोपी ललित कुमार डेहरी साकिन तालपटिया थाना व जिला झारसुगुडा उडीसा हाल हाउस नं. 63 थाना सिटी कोतवाली कालोनी न्यू चंगोराभांठा रायपुर थाना डीडी नगर जिला रायपुर को पुछताछ करने पर पता चला कि अपने स्वयं के आईडी से बिना कोई वाउचर एवं बिना विड्राल फार्म के एवं किसानों के केसीसी खातो से बैंक से कुल 9,50,000/- रूपये आहरण कर धोखाधडी करना। तत्कालीन आईडीबीआई बैंक के सहायक प्रबंधक, आरोपी ललित कुमार डेहरी पिता स्व. घासीराम डेहरी उम्र 37 साल साकिन तालपटिया थाना व जिला झारसुगुडा उडीसा हाल हाउस नं. 63 थाना सिटी कोतवाली कालोनी न्यू चंगोराभांठा रायपुर थाना डीडी नगर जिला रायपुर के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने से अग्रिम वैधनिक कार्यवाही कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया। उक्त कार्यवाही वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा उप निरीक्षक राकेश साहू, सउनि ईतवारी डेहरे, सउनि जितेर्न्य कश्यप, आरक्षक राहुल यादव, शिव सेन, रामगोपाल निषाद एवं अन्य स्टाफकी सराहनीय भुमिका रही।

# पीसीसी अध्यक्ष को पत्र कांग्रेस धारा 370 पर अपना रुख स्पष्ट करे : डॉ सौरभ निर्वाणी

## नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस में अलायंस क्या यही है भारत जोड़ो:निर्वाणी

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र लिख अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी ने पूछा है कि जम्मू कश्मीर की पार्टी नेशनल कांफ्रेंस ने कहा है कि अगर उनकी पार्टी जम्मू कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनाव में जीत कर आती है तो वह जम्मू कश्मीर के पुराने स्टेटस धारा 370 की बहाली कराएगी और उसी फारूक अब्दुल्ला,और उमर अब्दुल्ला की पार्टी के साथ कांग्रेस ने साथ मे चुनाव लड़ने के लिए गठबंधन बनाया है,छत्तीसगढ़ प्रदेश की जनता यह जानना चाहती है कि धारा 370 को राज्य में पुनः बहाल करने के मामले में क्या कांग्रेस की सहमति है? डॉ सौरभ निर्वाणी ने कहा



कि धारा 370 को समाप्त कर मोदी सरकार ने भारत को एक विधान और एक निशान दिया , कश्मीर से कन्याकुमारी तक अखंडता के माले में पिरोने का ऐतिहासिक काम किया है,जो अलगाववादी कश्मीर को भारत का हिस्सा न मान पाकिस्तान में मिलना चाहते थे उनके मंसूबो पर पानी फिर गया था,अब वही पाकिस्तान परस्त राजनीति करने वाले चाहते हैं कि धारा 370 फिर से कश्मीर में लागू हो और वो पाकिस्तानी सेना और आई एस आई के इशारों पर भारत की अखंडता को तोड़ने का काम करे, ऐसी पार्टी के साथ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने गठबंधन किया है, जाहिर है कांग्रेस के मनसूबे भी नेशनल कांफ्रेंस से मिलते होंगे। डॉ निर्वाणी ने अपने पत्र में पूछा कि क्या सत्ता पाने की लालसा में कांग्रेस देश के अलगाववादी विचारधाराओं से हाथ मिलाने के हद तक जा चुकी है कांग्रेस पार्टी को या तो जनता के सामने कहना चाहिए वह धारा 370 के पक्ष में है, राष्ट्रीय अखंडता के पक्ष में है या फिर नेशनल कांफ्रेंस के विचारधारा के अनुरूप चाहती है कि जम्मू कश्मीर में धारा 370 की पुनः बहाली जायज है उसका समर्थन करती है।

# उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषणा को लेकर समिति का गठन किया गया

पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com





प्रदेश के लंबित उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषणा को लेकर प्रदेश सरकार ने गंभीरता दिखाते हुए उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषणा समिति का गठन किया गया। समिति में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय समिति अध्यक्ष सहित मंत्रीगण केदार कश्यप, टंक राम वर्मा ,सचिव सामान्य प्रशासन विभाग, सचिव खेल विभाग ,संचालक खेल विभाग समिति के सदस्य होंगे। प्रदेश खेल एवं कला सह प्रमुख भाजपा युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ अमन यादव ने बताया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तथा खेल मंत्री टंक राम वर्मा द्वारा प्रदेश में खेल के विकास तथा खिलाड़ियों के हित को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिया जा रहे हैं। समिति के गठन से प्रदेश के पदक विजेता खिलाड़ी में उत्साह का वातावरण है ।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के कार्यों की समीक्षा बैठक संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में चन्द्रवाल ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत प्रगतिरत् निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत कचरा संग्रहण शेड निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर चन्द्रवाल ने कचरा संग्रहण हेतु ट्राईसाईकिल उपलब्ध ग्राम पंचायतों में डोर टू डोर कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण कार्य निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में स्वच्छग्राहियों को 15वें वित्त आयोग से मानदेय प्रदान करने एवं ग्राम पंचायतों में शत-प्रतिशत यूजर चार्ज लेने के संबंध में चर्चा की। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपलान अधिकारी डॉ. संजय कनौजे ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत जिले की ग्राम पंचायतों को ओ.डी.एफ प्लस बनाने हेतु ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य किया जा रहा है। बैठक में बताया गया कि प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत जिले में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन यूनिट आगामी दिनों में लगाया जाना है। जिससे सिंगल यूज प्लास्टिक का निपटान किया जाएगा। डॉ. कन्नौजे ने बताया कि फिकल स्लज ट्रीटमेन्ट प्लांट के माध्यम से मानव मल का प्रबंधन और उपचार किया जाएगा। उक्त प्लांट में ग्राम पंचायतों में निर्मित सेप्टीक टैंक के मानव मल को वाहन के माध्यम से प्लांट में लाया जायेगा एवं उपचार किया जायेगा। उपचार उपरांत जैविक खाद का निर्माण किया जाएगा। कलेक्टर चन्द्रवाल ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत समस्त कार्य समय-सीमा में पूर्ण कर लिया जाए। जिससे जिले को ओ.डी. एफ प्लस मॉडल की श्रेणी में लाया जा सके। बैठक में उपसंचालक पंचायत आकाश सोनी, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# पुत्र की तरह होनी चाहिए रोपे गए पौधों की देखभाल : नमिता



पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

एक पेड़ मां के नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को चरितार्थ करते हुए दल्ली राजहरा बीएसपी हॉस्पिटल के सामने बीएसपी क्वार्टर नंबर 6 श्री ए टाइप में निवास करने वाली दो महिलाएं नमिता साहू और चित्रलेखा सिन्हा ने देव वृक्ष नीम और बेल का वृक्ष का पौधा लगाए तथा उनकी बड़ा होने तक रक्षा के लिए ड्रम का घेरा भी लगाये ताकि पशुओं के द्वारा पौधे को कोई नुकसान न पहुंचे। उन्होंने कहा कि यदि पौधों को मां बनकर वृक्ष बनने तक उनकी देखभाल किया जाए तो वह भविष्य में बड़ा होने पर पुत्र की भूमिका निभाकर अपनी जिम्मेदारी अवश्य पूरा करता है। जीवनदायिनी ऑक्सीजन, ओजोन परत की रक्षा, छांव के अलावा पौधों से विभिन्न जरूरत की पूर्ति होती है। इस बरसात के मौसम में प्रत्येक व्यक्ति को हर वर्ष एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। लगभग दो से ढाई साल तक पौधे का देखभाल करने के बाद वह स्वयं जीवित रहने लायक बन जाता है। पेड़ लगाने के बाद उनकी देखभाल करना और पशुओं से रक्षा करना बहुत जरूरी है। तभी हमारा पेड़ लगाने का सार्थकता पूरा होगा।

# माताओं ने अपने संतान की रक्षा और उज्जवल भविष्य के लिए रखा हलषष्ठी व्रत

पायनियर संवाददाता ◀ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

नगर के विभिन्न वार्डों में पूर्ण आस्था, श्रद्धा, विश्वास और भक्ति पूर्वक मनाया गया हलषष्ठी। वार्ड नं.15 हाउसिंग बोर्ड कालोनी दुर्गा मंदिर प्रांगण में पंडिताईन केतकी त्रिपाठी जी ने कहा कि बच्चों के लंबी उम्र के लिए माताओं द्वारा उपवास किया जाने वाला छत्तीसगढ़ी संस्कृति का यह एक ऐसा पर्व है जिसे हर जाति व हर वर्ग के लोग मानते हैं हलषष्ठी, हरछठ, कमर छठ, खमरछठ, हलषछ्ठी आदि नामों से इस पर्व को जानते हैं। शनिवार को इस पर्व पर माताओं ने सुबह से महुआ पेड़ की डाली का दातुन कर ,स्नान कर व्रत धारण किये। मंदिर प्रांगण के सामने सगरी बनाई



गई। इसमें पानी भरा गया। मान्यता है कि पानी जीवन का प्रतीक है। बेर की डाली, पलाश, गूलर,आदि पेड़ों की टहनियों और कांसी के फूलों से सगरी की सजावट की गई। इसके सामने गौरी-गणेश, मिट्टी से बनी हलषष्ठी माता की प्रतिमा और कलश की स्थापना कर पूजा की गई। साड़ी समेत सुहाग की दूसरी चीजें भी माता को समर्पित की गई। इसके बाद पंडिताईन द्वारा हलषष्ठी माता की 6 कथा पढ़ी और सुनाई गई। इस पर्व में पसहर चांवल, भैंस का दूध, 6 प्रकार की भाजी एवं इस दिन हल से जोता गया अनाज नहीं खाने की प्रथा है। इस त्यौहार को मनाने की यह प्रथा है कि कंस द्वारा माता देवकी के 6 बच्चों को मारने के बाद माता देवकी ने हलषष्ठी माता की पूजा कर भगवान बलराम जी को जन्म दिया जो भगवान श्री कृष्ण जी के बड़े भाई है। तब से इस त्यौहार को मनाते आ रहे हैं। इस पूजा में वार्ड पार्षद रागिनी राजू निषाद, कमला निषाद, जयश्री बिछिया, संध्या देवांगन, भारती निषाद, रानी वर्मा, शांता शर्मा, सुनैयना सोनी, ललिता चौधरी, दीप्ति चौहान, अंजू निषाद,किरण राजपूत, अंकिता सोमवंशी, लता चंद्राकर, मीरा सोनी, रेखा शुक्ला, लक्ष्मी भारद्वाज, कंचन शुक्ला, पूर्णिमा राव, यदु, पूजा बिछिया, उषा चौहान, ममता गुप्ता, ज्योति पांडेय, स्मिता शुक्ला, मंजू गुप्ता, मंजुला गुप्ता, संगीता गुप्ता, वैशाली रावते सहित अनेक माताओं ने पूजा की।

# डी ए वी स्कूल जांता के 8 बच्चों को मिला बाल वैज्ञानिक सर्टिफिकेट

## रशियन, कजाकिस्तानी अंतरिक्ष यात्रियों सहित नासा व इसरो के वैज्ञानिक ने सम्मानित किए

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा जिला के डी ए वी स्कूल के बच्चों ने एक बार फिर से इतिहास रचा दिया हैं। दरअसल पहली बार 23 अगस्त को चेन्नई में यंग इंटिस्ट इंडिया अवार्ड सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया, इसमे डी ए वी विद्यालय के 8 बच्चे शामिल हुए। प्रथम बार मनाये जाने वाले स्पेश-डे पर रशिया तथा कजाकिस्तान से पधारे 2 अंतरिक्ष यात्रीयो में एडिन एइम्बेटोव, सर्गेई, कोर्साकोव, स्पेश इंडिया के प्रमुख डॉ केसन सहित देश व विदेश से आए वैज्ञानिको व अंतरिक्ष यात्रीयो ने 8 बच्चों को सम्मानित करते हुए बाल वैज्ञानिक के सर्टिफिकेट से सभी को नवाजा गया।स्पेस किड्स इंडिया व यंग साइंटिस्ट इंडिया के प्रमुख डॉ. केशन इस आयोजन के प्रमुख हैं, यह दो दिवसीय यंग साइंटिस्ट इंडिया ग्रैंड फ़िनाले प्रोग्राम विशेष रूप से बाल विज्ञानिकों के लिये आयोजित किया गया है। चंद्रवान 3 के दक्षिणी ध्रुष पर सफलता सूर्वक लैंडिंग को भारत सरकार ने 23 अगस्त को राष्ट्रीय स्पेस-डे के तौर पर मनाने की घोषणा किए हैं। यही उपलब्ध में देश विदेश के वैज्ञानिको को बुलाया गया




था। जिसमे 23 अगस्त को होने वाले नेशनल स्पेश डे सेलेब्रेशन के विशेष आयोजन के यंग साईंटिस्ट इंडिया के 10 वे संस्करण के उपलक्ष्य में तमिलनाडू के राज भवन में नेशनल लेवल इनोवेशन चैलेंज ग्रैंड फ़िनाले प्रोग्राम में डी ए वी के 8 विद्यार्थियों ने अपने प्रोजेक्ट का प्रदर्शन किया। विद्यालय से 22 मॉडल व 25 बच्चों का सलेक्शन हुआ था, जिसमे यंग साइंटिस्ट इंडिया अवार्ड के लिए 8 विद्यार्थियों ने नवाचार मॉडल के साथ ग्रैंड फ़िनाले में शामिल हुए इसमें सत्यम सिंह ठाकुर- अग्नि वाहन यंत्र, एल पी जी गैस से सुरक्षा सेंसर , जेम्स हलधर-सुरक्षा दुर्घटना सेंसर, धर्मेंद्रजायसवाल-सोलर पैनल रिक्शा, आदित्य देवांगन-रोबोट से नई खोज प्रमुख, अभय साहू- वाहन को जाम लगने पर एक जगह से दूसरे जगह कैसे ले जाए,हर्ष गुप्ता ड्राइवर के लिए एंटी स्लीप अलार्म,केशव कुमार साहु यातायात टरबाइन ऊर्जा एवं शिवम सिंह ठाकुर ईवी- वाहन में लगा पोर्टेबल चार्जर,ये मॉडल को सभी वैज्ञानिको ने सराहना किए। 10 वे संस्करण मे यह प्रतियोगिता चेन्नई राज भवन में पहले दिन हुआ,व दूसरे दिन क्लाइनार आरंगम आडिटोरियम में सम्पन्न हुए, अंतरिक्ष और प्रौद्योगिकी के प्रति अपने अभिनव विचारों के साथ विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह स्पेस किड्ज़ इंडिया द्वारा निर्धारित दो दिवसीय कार्यक्रम था और पहले दिन का कार्यक्रम राजभवन चेन्नई में हुआ और मुख्य अतिथि तमिलनाडु के राज्यपाल टीएन रवि थे। यंग साइंटिस्ट इंडिया के आयोजन में पूरे भारत देश के प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें जम्मु कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक के जिसमें आठ केंद्रशासित प्रदेश व 28 राज्य के अलग-अलग जगहों से कुल 1800 छात्र-छात्राओ रजिस्ट्रेशन कराए थे, जिसमें से ग्रांड फिनाले के लिए कुल 103 छात्र- छात्राओं ने भाग लिया था,यंग साइंटिस्ट इंडिया तीनों चरणों के लिए सभी बच्चों ने पूरे भारत भर में अपना प्रतिभा दिखाते हुए चयन होकर अंतिम फइनल में स्थान बना कर ग्रांड फिनाले शामिल हुई । मार्गशक के रूप में अभिषेक दुबे साथ रहे। इस बड़ी उपलब्धि के लिए विद्यालय के प्राचार्य पी एल जायसवाल सहित शिक्षक-शिक्षिकाओ व अभिभावकों ने बधाई व शुभकामनाएं दिए।

# गोकने नाला का उद्गम से लेकर संगम तक होगा संपूर्ण सीमांकन

# कलेक्टर ने नाले का निरीक्षण करने के बाद दिए निर्देश

- अवैध कब्जा हटाने कलेक्टर के निर्देश पर तत्काल अमल
- चला आधा दर्जन बुलडोजर, सड़क व दीवार धराशायी
- कब्ज़ा जमाने प्राकृतिक नाले की दिशा ही बदल दी
- नाला के किनारे किनारे बनेगी सड़क, पक्का बनेगा नाला

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर अवनीश शरण ने शहर से होकर गुजरने वाले गोकने नाला का संपूर्ण रूप से सीमांकन करने को कहा है। नाले की सीमा पर कई जगह अतिक्रमण की शिकायत आई है। सीमांकन के बाद नाले को पक्का बनाया जाएगा और किनारे नया सड़क विकसित जाएगा ताकि लोगों के आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध हो सके। नगर निगम आयुक्त अमित कुमार भी इस अवसर पर उपस्थित थे। कलेक्टर ने घुरू में मौके पर पहुंचकर नाले के मार्ग का अवलोकन करने का प्रयास किया। बेज़ा कब्जाधारियों द्वारा अतिक्रमण कर ऊंची दीवार खड़ी कर दिए जाने के कारण नाले तक नहीं पहुंच पाए। कलेक्टर ने नाले की जमीन पर खड़ी दीवार और निर्मित सड़कों को जमींदोज करने के निर्देश दिए।। कलेक्टर ने भ्रमण के दौरान तिफरा हाई टेक बस स्टैंड के रेनोवेशन कार्य का भी जायज़ा लिया। उल्लेखनीय है कि घुरू में एमजीएम स्कूल के समीप कुछ लोगों द्वारा नाले पर अवैध कब्जा किया गया है। अतिक्रमण करके उनके द्वारा प्राकृतिक नाले की दिशा ही बदल दी गई है। कलेक्टर ने आज निगम और राजस्व अफसरों की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने नक्शा, खसरा से नाले की सीमा का मिलान किया। कई लोगों द्वारा अवैध कब्जे की प्रारंभिक जानकारी सामने आई है। सभी अवैध संरचनाओं को नेस्तनाबूद करने के निर्देश दिए।





## बस स्टैंड के रिनोवेशन कार्य का लिया जायज़ा

कलेक्टर ने घुरू के बाद तीफरा स्थित हाईटेक बस स्टैंड के रिनोवेशन कार्य का जायजा लिया ।उन्होंने जहां बसें खड़ी होती हैं, वहां कीचड़ होने की समस्या को दूर करने के लिए सीसी रोड बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने रेन बसेरा निर्माण कार्य को जल्द पूर्ण करने को कहा। गौरतलब है कि नया बस स्टैंड में 120 क्षमता के दो रेन बसेरा बनाए जा रहे हैं । निर्माण कार्य लगभग पूर्णता की ओर है। इससे कम आय समूह के यात्रियों को ठहरने की सुविधा रहेगी। कलेक्टर ने एसीपी वर्क का भी निरीक्षण किया। सेप्टिक टैंक और ड्रेनेज व्यवस्था को दुरुस्त करने की निर्देश दिए। बस स्टैंड आने जाने वाले कुछ यात्रियों से भी मुलाकात कर यात्री सुविधा की जानकारी ली।

## अवैध निर्माण पर तत्काल चला बुलडोजर

कलेक्टर के निर्देश के तत्काल बाद अवैध कब्जा के विरुद्ध कार्रवाई शुरू हो गई। 6 जेसीबी मशीनों ने काम शुरू कर दिया। एक डेढ़ घंटे में दीवार ढहा दिए गए। सड़कें भी उखाड़ दिए गए। साथ साथ मलबा का परिवहन भी किया जा रहा है। तहसीलदार अश्विनी कंवर के नेतृत्व में तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। नगर निगम का तोड़ू दस्ता और राजस्व और पुलिस बल भी उपस्थित थे।

# मालखरौदा में स्कूल शिक्षा विभाग ने की जिला स्तरीय शालेय एथलेटिक्स प्रतियोगिता

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग एवं खेल युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार शक्ति जिले में जिला स्तरीय शालेय एथलेटिक्स प्रतियोगिता मालखरौदा के दशहरा मैदान में आयोजित की गई, इस कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में कमलेश जाँगडे सांसद जाँजगीर लोकसभा क्षेत्र, रंजीत अजगल्ले जिला मंत्री सक्ती भाजपा, भोजराम साहू पूर्व मण्डल अध्यक्ष भाजपा मालखरौदा की गरिमामय उपस्थिति में हुई, इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती एन. के. चंद्रा के मार्गदर्शन में सफल आयोजन किया गयाद्य इस आयोजन में ए. एस. राज जिला क्रीड़ा अधिकारी सक्ती, ब्लाक कीड़ा अधिकारी झसेन्द्र कुमार गबेल, राजेश कुमार नायक, विनोद उराव, संयोजक राजकुमारी गबेल एवं व्यायाम शिक्षक विजेंद्र पाण्डल, विवेक आदित्य, खगेश भारद्वाज, धनेश्वर पटेल, भोग सिह कंवर,मोहन राठिया, टी. एस. नौरंग,विनोद कुर्रे, यशवंत पटेल, श्रीमति मीना महेश, लता चंद्रा, शशिकला बर्मन, कालेश्वरी साहू,आशीष तिग्गा, हर्षमानी राजपूत, मीनेश मरकाम, चौरेन्द्र सिंह, अजय शाह, निशा साहू, शोभा कुमार आनंद, लोचन पटेल, लोमश बरेठ, संजीव सूर्यवंशी,उमेंद यादव का आयोजन में विशेष योगदान रहा, इस आयोजन में 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया,कार्यक्रम में शक्ति जिले के जिला शिक्षा अधिकारी एनके चंद्रा ने सभी उपस्थित खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि शालेय शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों को खेल के प्रति प्रोत्साहन देने की दिशा में ऐसे कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं, तथा इन खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर भी अपना प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा।

# रायगढ़ में हाथियों की संख्या में एक बार फिर हुआ इजाफा जंगलों में 124 हाथी कर रहे विचरण, दहशत में ग्रामीण

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले में एक बार फिर से जंगली हाथियों की संख्या में इजाफा हुआ है। रायगढ़ व धरमजयगढ़ दोनों वनमंडलो में इन दिनों 124 हाथी अलग-अलग दल में विचरण कर रहे है। जिससे हाथी प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। हाथियों का खौफ ऐसा है कि कई गांव ग्रामीण रतजगा करने पर विवश हो चुके हैं। मिली जानकारी के रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल के अलग-अलग रेंज में इन दिनों जहां 69 हाथी विचरण कर रहे हैं जिसमें बायसी में 05 हाथी, कुमरता में 12 हाथी, लमडांड में 21 हाथी, हाटी में 20 हाथी के अलावा अलग-अलग रेंज में हाथी की मौजूदगी है। इसी तरह रायगढ़ वन मंडल के भी 55 हाथी विचरण कर रहे है। जिसमें पडिगांव में 02 हाथी, बंगुरसिया पश्चिम में 10



हाथी, छोटे पण्डरमुडा में 14 हाथी के अलावा घरघोड़ा के कया में सर्वाधिक 29 हाथी विचरण कर रहे हैं। हाथियों के इस दल में 38 नर, 53 मादा एवं 33 बच्चे शामिल है।

**20 किसानों की फसलों को नुकसान**-वन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक बीती रात रायगढ़ जिले के जंगलों में विचरण करने वाले जंगली हाथियों ने एक ही रात में 20 किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है। जिसमें क्रोन्धा में 02 किसानों की धान की फसल को नुकसान, बरतापाली में 13 किसानों की फसल को नुकसान, मेढरमार में 01 किसान की फसल को नुकसान, जमबीरा, सोखामुडा में 02 किसानों की धान की फसल को नुकसान, के अलावा हाटी और पुरूंगा में भी 02 किसानों की धान की फसल को हाथियों ने नुकसान पहुंचाया है।

**रतजगा करने पर विवश ग्रामीण**-हाथी प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से गांव में हाथियों की मौजूदगी के चलते कभी उनके घरों को तो कभी उनकी फसलों को नुकसान हो रहा है। रात के समय हाथी के गांव में आते ही विद्युत सप्लाई बंद कर दी जाती है जिससे डर और अधिक बढ़ जाता है इस वजह से वे रतजगा करने पर विवश हो जाते हैं।

**बंगुरसिया मार्ग में डरो शाम को**-एक अन्य जानकारी के मुताबिक रायगढ़ जिला मुख्यालय से महज 8 किलोमीटर दूर स्थित बंगुरसिया गांव में इन दिनों हर दूसरे से तीसरे दिन सड़क किनारे हाथी आ जाने से जहां इस मार्ग में वाहनों के पहिये पूरी तरह से थम जा रहे हैं।

# जीएससी इंग्लिश मीडियम स्कूल जैजैपुर बिलालुद्दीन मलिक संभाग स्तरीय एथलेटिक्स में हुआ चयन

पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com

मालखरौदा में आयोजित जिला स्तरीय एक दिवसीय एथेलेटिक्स क्रीड़ा प्रतियोगिता में नगर में संचालित प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान जी.एस.सी. इंग्लिश मीडियम स्कूल, जैजैपुर के कक्षा-10वीं के होनहार छात्र बिलालुद्दीन मलिक पिता फैमुद्दीन मलिक ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर 30 अगस्त को बिलासपुर में आयोजित होने वाले संभाग स्तरीय एथलेटिक्स क्रीड़ा प्रतियोगिता में स्थान बना लिया है।



उल्लेखनीय है मालखरौदा में आयोजित जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में कुल 8 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। सभी को पछाड़ते हुए बिलालुद्दीन मलिक ने 5.5 मीटर का लम्बी छलांग लगाकर संभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अपना जगह बना लिया। संभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में चयन होने पर विद्यालय में हर्ष का माहौल है। इस चयन में खेल प्रभारी हनीफा बेगम, महेश कुमार नारंग का महत्वपूर्ण भूमिका रहा। उक्त छात्र के चयन होने पर विद्यालय के संचालक जी.एस. चन्द्रा, निशा चन्द्रा (प्राचार्य जी.एस.सी. इंग्लिश मीडियम स्कूल), विजय कुमार यादव (प्राचार्य, जी.एस.सी. मॉडल कान्वेंट स्कूल), गायत्री यादव (परीक्षा प्रभारी), रीमा रानी पलांगे (कार्यक्रम अधिकारी, रासेयो इकाई), सुदाम बेहेरा (सहायक कार्यक्रम अधिकारी, रासेयो) एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक/ शिक्षिकाओं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

## छेड़खानी का फरार आरोपी गिरफ्तार, कोतवाली पुलिस ने भेजा रिमांड पर

**रायगढ़।** थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बालिका के साथ पड़ोस के युवक द्वारा छेडछाड किया गया। बालिका की मां ने 23 जुलाई को थाने आकर इस घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट के अनुसार, 21 जुलाई की रात करीब 10 बजे विजय कुमार खांडेल उर्फ बिट्टू बघेल (30 साल) ने बालिका को उसके घर के बाहर छेड़खानी किया। बालिका भागकर घर आई और अपनी मां को घटना के बारे में बताया। बालिका की माता ने तुरंत आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह नाले में कूदकर फरार हो गया।

# पैसे लेन-देन के विवाद पर खलासी ने ड्रायवर को कुल्हाड़ी से मारा

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

रात एसएस ऑक्सीजन प्लांट के लेबर कॉलोनी में मारपीट की घटना घटित हुई, जिसमें 26 वर्षीय विरेन्द्र खम्हारी को उसके साथी आरोपित सूरज राठिया ने टांगी से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिसके मेडिकल कॉलेज ले जाते समय मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक राकेश मिश्रा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि विरेन्द्र खम्हारी निवासी लुकापारा सरिया जो प्लांट में पिकअप चालक था और सूरज राठिया, जो खलासी का काम करता था, दोनों लेबर कॉलोनी में अलग-अलग क्वार्टर में रहते थे। दोनों के बीच अच्छे संबंध थे। घटना के दिन विरेन्द्र ने सूरज से पैसे उधार मांगा। इसी दौरान दोनों के बीच विवाद हो गया, जिसके परिणामस्वरूप सूरज ने



टांगी से विरेन्द्र पर हमला कर दिया। हमले के बाद सूरज राठिया फरार हो गया। वहीं, विरेन्द्र को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित किया। निरीक्षक राकेश मिश्रा द्वारा वस्तुस्थिति से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी की तलाश शुरू की। फरार आरोपी सूरज राठिया अपने क्वार्टर में सामान लेने वापस आया था, तभी पुलिस ने उसे घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपित सूरज राठिया पिता बंधन राठिया उम्र 20 साल, आमागांव थाना धरमजयगढ़ ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और बताया कि विरेन्द्र के पैसे मांगने के कारण विवाद हुआ था।

# ई केवाईसी नहीं होने पर बंद हो सकती है आपकी राशन सामग्री

- शक्ति जिला खाद्य विभाग ने करी कार्ड धारकों से अपील- तत्काल करवाये ई के वाई सी

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राशन कार्ड में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत दी जाने वाली खाद्यान्न सामग्रियों के लिए राशन कार्ड धारकों को ई केवाईसी करवाना अनिवार्य है, तथा शासन की ओर से मिलने वाली मुफ्त राशन का लाभ लेने के लिए ई- केवाईसी करवाना अनिवार्य है। सकती जिला खाद्य विभाग के अधिकारियों से प्राप्त जानकारी अनुसार जिला सक्ती के जिन राशनकार्डधारियों ने अभी तक ई-केवाईसी नहीं करवाया है, वे उनके राशनकार्ड में दर्ज सभी सदस्यों का ई -केवाईसी यथाशीघ्र एक-दो दिन के भीतर करवा लें, ताकि मुफ्त राशन की योजना का उन्हें निरंतर लाभ मिलता रहे एवं कोई असुविधा न हो. विकासखण्ड सक्ती में 25114, मालखरोदा में 30251, जैजैपुर में 36182, डभरा में 30498 इस प्रकार जिले के लगभग 1 लाख 36 हजार राशनकार्डधारी सदस्यों ने अभी तक ई केवाईसी नहीं करवाया है। राशन वितरण व्यवस्था को सुचारू ढंग से संचालित करने की दिशा में पहल करते हुए शासन द्वारा सभी राशनकार्डधारी सदस्यों का ई- केवाईसी करवाया जा रहा है। ई केवाईसी करने की अंतिम तिथि को शासन द्वारा कई बार बढ़ाया जा चुका है, तिथि बढ़ने से हितग्राहियों को काफी राहत तो मिली है, लेकिन कुछ राशनकार्डधारी जानकारी के अभाव में अभी तक ई केवाईसी नहीं करवा सके हैं, जिन्हें जल्द ही ई केवाईसी करवाने की जरूरत है। जानकारी के आभाव में कोई भी राशनकार्डधारी ई केवाईसी से वंचित न रहे इसके लिए कलेक्टर जिला सक्ती अमृत विकास तोपनो के निर्देश पर जिले के सभी दुकान संचालकों को ई-केवाईसी शेष सदस्यों की सूची उपलब्ध कराई गई है।

# कृष्ण जन्माष्टमी पर होंगे विविध आयोजन, विशाल शोभा यात्रा के साथ मोर बहरा बेचागे स्टार'देंगे रंगारंग प्रस्तुति

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव समिति सर्व यादव समाज जिला बिलासपुर द्वारा 26 अगस्त सोमवार को भव्य श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन का यह 17 वां वर्ष है। शोभा यात्रा का इस बार रूट चार्ट बदल गया है। प्रातः 11:00 बजे विशाल शोभा यात्रा लाल बहादुर शास्त्री स्कूल प्रांगण से प्रारंभ होकर गोल बाजार, सदर बाष्जार, नेहरू चौंक होते हुए स्व. बी.आर.यादव की प्रतिमा स्थल बृहस्पति बाजार में दोपहर 02 बजे आमसभा के रूप में समाप्त होगी। शोभायात्रा में समाज की महिलाएं पीली साड़ी पहनकर कलश यात्रा में शामिल होंगी। जीवंत झांकी,शौर्य प्रदर्शन,रावत नाच के अलावा कई तरह के आयोजन इस दौरान दिखाई देंगे। पुरुषों के लिए भी पीला कुर्ता और सफेद पजामा ड्रेस कोड तय किया गया है। शनिवार को सर्व यादव




समाज के अध्यक्ष विष्णु यादव एवं महासचिव रामचंद्र यादव ने संयुक्त रूप से बिलासपुर प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा करते हुए ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोपहर 12 बजे से बृहस्पति बाजार स्थित गार्डन में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध लोक गायक ÷मोर बहरा बेचागे स्टार÷ डॉ. हिलेन्द्र ठाकुर अपने 25 कलाकारों के साथ रंगारंग प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में भव्य कलश यात्रा, लगभग 100 की संख्या में रावतनाच दल द्वारा पारंपरिक वेशभुषा में रावत नृत्य की प्रस्तुति के साथ-साथ शौर्य प्रदर्शन किया जावेगा। आयोजन समिति ने बताया कि इस मौके पर समाज के अधिकारियों का भी सम्मान किया जाएगा बड़ी संख्या में समाज के जुड़ने से एकजुटता दिखाई देती है और लोगों के बीच मेल मिलाप भी बढ़ता है। उन्होंने बताया कि जिले के आसपास के इलाकों से समाज के लोग विभिन्न गाड़ियों और बसों में भरकर इस शोभायात्रा में शामिल होंगे। इस दौरान किसी को भी किसी भी प्रकार का हथियार या स्टिक हॉकी लेकर चलने की मनाही रहेगी। विभिन्न दल समुदाय के लोगों को भी आमंत्रण दिया गया है।श्री यादव ने बताया कि कार्यक्रम में समाज का कोई अलग गुट नहीं है,सब एक ही ग्रुप में शामिल होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। विष्णु यादव ने कहा कि पिछले साल की तरह इस बार भी 10 से 12 हजार लोगों के शोभायात्रा में शामिल होने की संभावना है। निमंत्रण के लिए इस बार समाज ने तरीका बदला है। बिलासपुर जिले के सभी 6 विधान सभा में विधानसभा क्षेत्र वार अलग-अलग आमंत्रण पत्र छापे गए हैं जिनमें स्थानीय समाज के लोगों के नाम प्रमुखता से दर्शाए गए हैं। सर्व समाज के बुजुर्गों के अलावा मेधावी छात्र छात्राओं का यहां सम्मान किया जाएगा।

# प्रधान पाठक ने अपने खर्चे से बांटे बच्चों को टाई बेल्ट एवं अन्य सामग्री, बच्चो के खिल उठे चेहरे

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

विकासखंड बम्हनीडीह के शासकीय प्राथमिक शाला भागोडीह के प्रधान पाठक गीतिका गबेल ने स्वयं के खर्चे से शाला में अध्ययनरत बच्चों को टाई एवं बेल्ट के साथ साथ अन्य सामग्री प्रदानकर अनुकरणीय पहल की है।

सामग्री मिलते ही बच्चों के चेहरे खिल उठे। विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए बच्चों को उनकी रूचि के अनुसार अध्ययन कराया जाता है। सामाजिक सरोकार की दिशा में जरूरतमंद बच्चों को प्रधान पाठक द्वारा सहायता की जाती है ताकि कोई भी शिक्षा से वंचित न हो। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उन्हें रचनात्मक गतिविधियों से जोड़कर उन्हें शिक्षा प्रदान की जाती है। प्रधान पाठक गीतिका गबेल ने बताया कि सरकार द्वारा बच्चों को पुस्तक और गणवेश प्रदान की जाती



है । गणवेश के साथ टाई, बेल्ट हो तो बच्चों में एकरूपता के साथ सुंदरता बढ़ जाती है उनमें समानता की भावना का विकास होता है और बच्चों में अनुशासन, पढ़ाई के प्रति जिम्मेदारी, आत्मविश्वास की भावना जागृत होती है।

जिससे विद्यालय आने में उनकी रूचि बढ़ती है और विद्यालय में घर जैसा माहौल मिलता है इसलिए बच्चों को समय समय पर कुछ न कुछ प्रदान किया जाता है ताकि बच्चों में शिक्षा के प्रति लगाव बढ़े और ताकि वे मन लगाकर पढ़ाई कर सके। प्रधान पाठक द्वारा विद्यालय में सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने पर भी जोर दिया जा रहा है जिसमे पालकों के अलावा जनप्रतिनिधि, समाज सेवीयो को स्कूल से जोड़कर विद्यालय के विकास के लिए पहल की जाएगी। शासन के न्यौता भोज जैसे कार्यक्रम का क्रियांवयन कराकर भी सामुदायिक भागदारी में सहभागिता बढ़ रही है। नवोदय विद्यालय की व्यापक तैयारी भी स्कूल में करायी जा रही है।

## 85 वर्षीय वयोवृद्ध फुटबॉल खिलाड़ी सुंदर प्रधान को किया गया सम्मानित

# सरस्वती शिशु मंदिर की अनुकरणीय पहल-शहर की खेल प्रतिभा का किया सम्मान

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

शहर के अखराभाटा में स्थित 60 वर्ष पुराने सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारा निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को संस्कारिक बनाने के साथ ही रचनात्मक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर योगदान दिया जा रहा है,तथा इसी श्रृंखला में विद्यालय प्रबंधन द्वारा 24 अगस्त को अविभाजित मध्य प्रदेश के समय से शक्ति आंचल में फुटबॉल प्लेयर के रूप में पूरे राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित करने वाले एवं विश्व के प्रसिद्ध फुटबॉल खिलाड़ी मोहन बागान के साथ भी फुटबॉल खेलने का गौरव हासिल करने वाले वार्ड क्रमांक-03 के पूर्व पार्षद सुंदर प्रधान को विद्यालय में बुलाकर जहां उनका शाल श्रीफल से सम्मान किया, तो वहीं विद्यालय के छात्र-छात्राओं को उनका प्रेरणादायक मार्गदर्शन भी मिला- वहीं इस दौरान





सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यालय प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल, पूर्व छात्र शक्ति जिले के पूर्व मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी तथा वर्तमान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शक्ति के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सूरज सिंह राठौर, विद्यालय के प्राचार्य पूरन गिरी गोस्वामी, प्रधानाचार्य बलदाऊ प्रसाद साहू भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे तथा उनके साथ विद्यालय के पूर्व छात्र सरदार हरजीत सिंह सलूजा, भवानी प्रसाद तिवारी एवं दीपक अग्रवाल भी उपस्थित थे, तथा सभी पूर्व छात्रों ने भी सुंदर प्रधान को जहां स्मृति चिन्ह एवं शाल से सम्मानित किया तो वहीं विद्यालय परिसर में भी प्रत्येक शनिवार को होने वाली भारत माता की आरती का भव्य प्रयोजन किया गया इस आरती में जहां दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, तो वहीं विद्यालय परिवार के शिक्षक- शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने भी इस भारत माता की आरती के कार्यक्रम में सहभागिता की, तथा इस दौरान प्रसिद्ध फुटबॉल प्लेयर सुंदर प्रधान ने कहा कि आज फुटबॉल का खेल पूरी दुनिया में लोकप्रिय है, एवं इस अंचल से मुझे सभी के स्नेह एवं आशीर्वाद से फुटबॉल के क्षेत्र में सदैव अग्रणी बनाते हुए अपना सहयोग प्रदान किया तथा विद्यालय परिवार मुझे सम्मानित कर रहा है इससे मैं अभिभूत हूं तथा इस विद्यालय की निरंतर प्रगति की मैं कामना करता हूं, वहीं कार्यक्रम में उपस्थित शक्ति जिले के मुख्य पूर्व मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सूरज राठौर ने भी कहा कि आज सरस्वती शिशु मंदिर पूरे देश में बच्चों को संस्कारिक बनाकर एक बेहतर शिक्षा प्रदान कर रहा है,तथा मेरा सौभाग्य है कि मैंने भी इस विद्यालय से अपनी प्राथमिक शिक्षा ग्रहण की है, तथा विद्यालय के अच्छे संस्कारों से आज मैं भी स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के क्षेत्र में सफ्लता अर्जित कर लोगों को एक चिकित्सक के रूप में सेवाएं प्रदान कर रहा हूं, तथा मैं इस विद्यालय परिवार का बहुत-बहुत आभारी हूं. वही इस अवसर पर उपस्थित पूर्व छात्रों ने भी भारत माता की आरती के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज सरस्वती शिशु मंदिर भले ही हिंदी माध्यम की शिक्षा देता है, किंतु आज हम हिंदुस्तान में रहते हैं एवं हिंदी हमारी मातृभाषा है एवं राष्ट्रीय भाषा है तथा हमें इसका गौरव होना चाहिए एवं हमें भी इस बात का गौरव है कि हमने इस विद्यालय से शिक्षा ग्रहण की है, कार्यक्रम को विद्यालय प्रबंधन समिति के पूर्व कोषाध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल ने भी संबोधित करते हुए कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर शक्ति का साथ वर्षों पुराना विद्यालय है, तथा इस विद्यालय ने सदैव यही प्रयास किया है कि क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के साथ ही क्षेत्र की विभिन्न क्षेत्रों में ख्याति अर्जित करने वाली प्रतिमाओं का भी सम्मान हो,इसी श्रृंखला में विद्यालय में नियमित रूप से ऐसे कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहे हैं।

# कृष्णजन्माष्टमी की सेंट्रल स्कूल में धूम

पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com

संस्कार सेंट्रल स्कूल, जैजैपुर में कृष्ण जन्माष्टमी का भव्य उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर प्राथमिक कक्षा के नन्हे नन्हे छात्र-छात्राएं राधा और कृष्ण के रूप में सजकर आए, जिससे वातावरण अद्भुत और मनोहारी लग रहा था। उत्सव के दौरान मटकी सजावट प्रतियोगिता और मिट्टी की मूर्तिकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी कला और सृजनशीलता का प्रदर्शन किया। अंत में हाउस प्रतियोगिता के तहत मटकी फोड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसे बच्चों ने खूब आनंद के साथ खेला और उत्सव का पूरा मजा लिया। इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन स्कूल द्वारा किया जाना अत्यंत सराहनीय है, क्योंकि यह



हमारे बच्चों को भारतीय संस्कृति से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। संस्कार सेंट्रल स्कूल, जैजैपुर की यह पहल वास्तव में प्रेरणादायक है, जो न केवल बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक है बल्कि उन्हें हमारे समृद्ध सांस्कृतिक धरोहरों के प्रति जागरूक भी बनाती है।

# गाँव शहर अयोध्या कस लागत है, गली गली सुन्दर महकत है.. श्री अखंड रामसप्ताह समापन जूलूस

## श्री अखंड रामसप्ताह के समापन जूलूस मे एक दिन के लिये वृन्दावन अयोध्या बन जाता है भाटापारा, भाटापारा के प्रसिद्ध श्री अखण्ड रामसप्ताह से जुड़ा इतिहास

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com



भाटापारा नगर को धर्म नगरी के रुप मे पहचाना जाता है जो कि चरित्र धवल भारत की पवित्र धरा पर श्रद्धा, आस्था, विश्वास और निष्ठा सदैव विद्यमान रही है। इसी आस्था और विश्वास के परिणाम स्वरूप भाटापारा नगर में श्री अखण्ड राम-नाम सप्ताह का आयोजन प्रतिवर्ष आयोजित होता है जो कि भाटापारा नगर सहित आसपास के क्षेत्रो के लिये उक्त सात दिन का आयोजन वृन्दावन धाम नगरी से कम प्रतीत नही होता

### श्री रामसप्ताह का शुभारंभ वर्ष

आस्था के कडी से सभी श्रध्दालुओं को एक माला मे पिरोकर रखने वाली यह भाटापारा का सबसे बडा धार्मिक आयोजन की प्रारंभिक पृष्ठ भूमि पर वयोवृद्ध लोगों ने बताया कि सन् 1937 में अवर्षा के कारण विकट समस्या उत्पन्न हो गई थी, पुरे क्षेत्र में हाहाकार मच गया, कृषि कार्य रूके पड़े थे। दैवयोग से उस समय अयोध्या निवासी रामानन्द सम्प्रदाय के श्री 1008 महंत सालिगराम दास जी महराज का नगर आगमन हुआ। वर्षा के अभाव से त्रस्त्र धर्म प्रेमी नागरिकों ने इस विकट समस्या से मुक्ति का उपाय पूछा जिस पर महंतजी ने मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान राम के जय रघुपति राघव राजाराम, जय पतित पावन सीताराम मंत्र का साप्ताहिक अखण्ड कीर्तन करने का उपाय बताया। उस समय नगर में मोहनदास मंदिर के पुजारी पं. भगवानदीन दीक्षित के नेतृत्त में एक भजन-कीर्तन मंडली प्रतिदिन नियमित रुप से रात्रि दो घंटा भजन-कीर्तन किया करती थी। नागरिकों के अनुरोध पर पं. भगवानदीन दीक्षित ने अपनी मंडली को साप्ताहिक अखंड रामधुन में परिवर्तित कर भादो कृष्ण द्वितीय से मोहनदास मंदिर में श्री अखण्ड राम नाम सप्ताह प्रारंभ कर दी। श्रद्धा और विश्वास के फलस्वरूप अखण्ड रामधुन प्रारंभ होने के 36 घंटे उपरान्त ही मूसलाधार वर्षा प्रारंभ हो गई जो कि रूक-रूक कर पूरे सप्ताह पर्यन्त होती रही। इसी समय ब्रम्हानिष्ठ विष्णुशंकरजी महराज का भी नगर आगमन हुआ और उन्होंने नगर के तत्कालिन प्रतिष्ठित नागरिक स्व. प्रतापचंद जी चांडक, तुलसीराम मूंदड़ा, तारानाथ मिश्र, सेठ मुरली धर चांडक जैसे आदि लोगों का विशेष सहयोग रहता था वहीं समारोह के समापन दिवस में आयोजित शोभा यात्रा रूपी जुलूस को भव्यता एवं आकर्षण उत्पन्न करने में समीपवर्ती एवं दूरस्थ अंचलों से 100 से अधिक ग्रामीण अंचलों की टोली अपने स्वतः के पूर्ण खर्चे से आकर्षक वेशभूषा में सुसज्जित होकर आने वाली समस्त भजन कीर्तन मंडली का महत्वपूर्ण उल्लेखनीय योगदान प्राप्त होता आ रहा है जो कि अपने संपूर्ण उल्लास के साथ भगवान राम के रथ के आगे-आगे नाचते गाते कीर्तन करते हुये अपनी पूर्ण श्रद्धा व भक्ति का परिचय देते हुये शोभा यात्रा की समाप्ति अर्धरात्रि पर्यन्त तक पूर्ण सहयोग देते हैं। जुलूस में सम्मिलित समस्त भजनकीर्तन मंडलीयों के लगभग 20 हजार लोगों की भोजन व्यवस्था का दायित्व नागरिकों के सहयोग से श्री राम-नाम सप्ताह मंडल द्वारा महेश्वरी राईस मील में आयोजित किया जाता है। जिसमें जातपात, छुआ-छूत के भेदभाव से परे एक ही पंगत में भोजन के लिये बैठते हैं तो वह उपस्थित दर्शकों का हृदय एक अदभूत आनंद के अश्रु सहज ही दृष्टि गोच होने लगते हैं। व्यक्ति भाव विभोर हो उठता है और महोत्सव का पटाक्षेप भी यहीं होता है। इस समरोह का गुरत्व भार सम्हालने मे शहर के स्व. मदन गोपाल लाहोटी, स्व. शिव प्रसाद अग्रवाल स्व. मिट्ठा लाल मल व स्व. आशाराम चांडक अनेक गणमान्य जनों का सहयोग रहता है।

### विष्णुशंकर जी महाराज प्रेरणा स्त्रोत

दुलीचंद गांधी का उल्लेखनीय योगदान रहा है वर्तमान में इसका संचालन स्व. आशाराम चांडक के सुपुत्र अनिल चांडक संभाल रहे हैं। इस समारोह के तत्काल समाप्ति के पश्चात भादो कृष्ण एकादशी से त्रयोदशी तक दो दिन महिलाओं द्वारा भा 2-2 घंटे के क्रम से अखण्ड राम- धून विगत 68 वर्षो से परम्परागत रूप से आयोजित की जा रही है। इस प्रकार नगर की महिलाओं की सहयोगात्मक भूमिका भी इस समारोहक की सार्थकता प्रगट करती है और संपूर्ण आयोजन को सफल बनाने में योगदान करती है। उक्त आयोजन प्रति वर्ष अखंड रामधुन का साप्ताहिक होते रहता है, ताकि इसकी सार्थकता नगर का दैविक विपदाओं से कल्याण रहेगा व लोगों में धर्म के प्रति आस्था विश्वास बनी रहे। गुरूजी द्वारा बताया वर्तमान स्थल पूर्व के समय मे सुनसान व पड़ा हुआ था। यहां मृत्यु उपरांत पीपल के नीचे क्रिया-कर्म हुआ करता था एवं भ्रमणकारी साधु महात्मा रूक कर प्रवचन दिया करते थे और यह स्थल तुलसी चौरा के नाम से जाना जाता था। इसी तुलसी चौरा पर विष्णु शंकर जी की प्रेरणा से प्रथम वर्ष टीन की अस्थायी छाया कर श्री अखण्ड राम नाम सप्ताह प्रारंभ किया गया पश्चात खपरे (कवेलू) की छपरी निर्माण की गई। आजादी पश्चात महात्मा गांधी के हरिजन अछूतोधात के आह्वान पर अखंड रामनाम सप्ताह में हरिजनों का भी प्रवेश प्रारंभ हो गया। श्री अखण्ड राम नाम सप्ताह के प्रेरणा स्त्रोत व आरंभ करने वाले अनेक महान आत्माएं थी जिनके द्वारा प्रारंभ किया गया यह धार्मिक आयोजन संपूर्ण भारतवर्ष में अपने ढंग का अनोखा महोत्सव है। जिसमें एक ही ताल व धुन पर सभी धर्मावलम्बी निस्वार्थ, जात-पात, ऊंच-नीच, छूआछूत की भावना से परे होकर इस धर्म रूपी रथ को पिछले 86 वर्षो से खींचते चले आ रहे हैं। इस आयोजन को सफल बनाने में जहां स्थानीय नागरिकों का सक्रिय योगदान रहता है।

### टेंट लगाकर अनेक धार्मिक राजनीतिक सामाजिक व्यापरिक संगठन करते जूलूस का आत्मीय स्वागत

गौरतलब है कि रामसप्ताह के समापन जूलूस मे विभिन्न सामाजिक राजनीतिक व धार्मिक व्यापरिक संगठन जूलूस मार्ग के विभिन्न स्थलों मे टेंट लगाकर आत्मीय स्वागत करते है व रामनाम जूलूस के दौरान पानी नास्ता व विभिन्न आकर्षक उपहार टोलियों को प्रोत्साहित करने हेतु निशुल्क प्रदाय किया जाता है।

# छत्तीसगढ़ प्रदेश राइफल एसोसिएशन शूटिंग प्रतियोगिता का समापन

## ये खेल न जितने के लिए जरुरी हैं न हारने के लिए जरुरी हैं, जिंदगी एक खेल हैं इसीलिए इसको खेलना जरुरी हैं : टंकराम वर्मा

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com





नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में छ ग राइफल एसोसिएशन द्वारा निशानेबाजी प्रतियोगिता माना के शूटिंग रेंज में आयोजित की गयी, स्पर्धा में 385 निशानेबाजों ने हिस्सा लिया, छ ग के मुख्यतः सभी जिलों से आये शूटर्स ने अपनी शूटिंग से सबका ध्यान अपनी ओर खिंचा। यह प्रतियोगिता हर वर्ष जिंदल स्टील एवं पावर लिमिटेड द्वारा आयोजित की जाती हैं। 13 अगस्त से शुरू हुई इस चैंपियनशिप का समापन 23 अगस्त को खेल मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा किया गया। टंकराम वर्मा ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए प्रदेश के खिलाडी को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए प्रोत्साहित किया, साथ ही जिंदल स्टील को भी इस आयोजन के लिए बधाई दी एवं जो प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में आगे नहीं जा सके उनको उनके लिए प्रतियोगिता में भाग लेना ही एक एक उपलब्धि बताया। वही प्रधानमंत्री की खेलो इंडिया योजना का भी जिक्र जहां खेल गतिविधि को आगे बढ़ाने के लिए खेल अलंकरण समारोह जो की बंद हो चुका था उसे पुनः शुरू करने के भी बात कही। इस बार 385 इस प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमे 115 खिलाडी ने मावलंकर में अपनी जगह बनायीं। इस प्रतियोगिता में अलग अलग श्रेणी में 50 मीटर राइफल,10 मीटर पिस्टल, राइफल 25 मीटर और एयर तथा सेण्टर फायर पिस्टल के इवेंट हुए। जिसमें सबसे अच्छे खिलाडी के श्रेणी में रहे फ़ैज़ा मेमन गोल्ड मैडल, सौम्या बनर्जी -50मीटर राइफल प्रोन गोल्ड मैडल, हरमन सेंडो 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल गोल्ड मैडल, कमल प्रीत सिंह-25 मीटर पिस्टल गोल्ड मैडल, वैभव अग्रवाल 25 मीटर पिस्टल गोल्ड मैडल, कार्तिक सिंघदेव-50 मीटर राइफल 3 पोजीशन गोल्ड मैडल, भक्तिशक्ति चंद्र 10मीटर एयर पिस्टल गोल्ड मैडल, अनुप्रिया ब्रोंज, अवनि ब्रोंज इन सभी खिलाड़ियो ने सर्वश्रष्ठ प्रदर्शन किया। समापन समारोह में छत्तीसगढ़ प्रदेश राइफल एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी राकेश गुप्ता, जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के वाइस प्रेजिडेंट यु पी सिंघ विशिस्ट अतिथि विवेक शर्मा संचालक सैनिक कल्याण बोर्ड एवं अधिकारीगण मौजूद रहे।

# पी के राघव छत्तीसगढ़ इकाई के अध्यक्ष निर्वाचित




पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के सेवानिवृत कर्मचारियों के सम्मेलन में पी के राघव को छत्तीसगढ़ इकाई का अध्यक्ष चुना गया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर पी के राघव ने अपने साथियों का आभार व्यक्त किया। जिन्होंने उन पर विश्वास जताते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी। इस अवसर पर राष्ट्रीय पदाधिकारी व्ही रेड्डी महासचिव सगुण शुक्ला, अध्यक्ष गणपति हेगड़े एनएफआरआरबीएस के महासचिव महेंद्र सिंह और महासचिव शिवकरण ने सेवानिवृत कर्मचारियों को संबोधित किया और पेंशन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। इनके मार्गदर्शन और नेतृत्व के लिए सभी उपस्थित सदस्यों ने आभार व्यक्त किया। सम्मेलन के दौरान छत्तीसगढ़ इकाई का गठन किया गया, जिसमें पी के राघव को अध्यक्ष, अरूण मिश्रा को महासचिव, और आर एस ठाकुर को कोषाध्यक्ष चुना गया।

# बेटी बचाओ मंच विप्र नगर ने पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन का लिया संकल्प

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



बेटी बचाओ मंच विप्र नगर के पदाधिकारियो ने आसपास के घरों के उद्यानों में जाकर पपीता, बिही, रातरानी, गुड़हल, बेला व अन्य पुष्प युक्त पौधों का रोपण किया। वहीं तालाब किनारे आम, जामुन, बेल के पौधे लगाए। उक्त अवसर पर मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने पदाधिकारियो को पर्यावरण संरक्षण तथा संवर्धन के लिए शपथ दिलाया। आयोजन में मुख्य रूप से विप्र नगर अध्यक्ष शशि यादव, उपाध्यक्ष नमिता डडसेना, रश्मि कश्यप, प्रचार सचिव लीना सिन्हा सहित पदाधिकारी श्रद्धा उपाध्याय, रीता शर्मा, सीमा कश्यप, कविता शर्मा, आरती जैन, भावना ग्वाल व सदस्य गण शामिल हुए।

# बैसाखू सागर बीरगांव ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त



पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

कांग्रेस आई.टी. सेल के संगठन सचिव ज्वाला गोस्वामी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा की अनुशंसा पर रायपुर ग्रामीण विधानसभा अध्यक्ष तीरथ साहू ने बीरगांव ब्लाक कांग्रेस युवा कांग्रेस अध्यक्ष के पद पर बैसाखू सागर को अध्यक्ष के पद पर नियुक्ति प्रदान की है इसके साथ ही अन्य युवा कांग्रेस जन की भी नियुक्ति हुई है। बैसाखू सागर ने उपरोक्त नियुक्तियों पर हर्ष व्यक्त करते हुये छ.ग.प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा, पंकज शर्मा का आभार व्यक्त किया है। आगे उन्होने कहा कि कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने के लिये वे जमीनी स्तर पर कार्य करेंगे तथा जनता के हितो के लिये सड़क की लडाई भी लडेंगे। उक्त नियुक्तियों पर बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से जीत निर्मलकर, भूपेन्द्र साहू, जानू भार्गव, रौशन यादव, सौरभ सिंह, सतीश पांडे, अजहर अंसारी, दलबीर सिंह, अरविंद सिंह, मुकेश तिवारी आदि सम्मिलित है।

# संतान की सुदीर्घ आयु के लिए माताओं ने रखे हलषष्ठी व्रत

पायनियर संवाददाता ◀ लवन
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों विभिन्न शहरों सहित ग्रामीण अंचलों की माताएं अपने अपने सुपुत्रों की सुदीर्घ आयु की लम्बी कामना सहित उत्तम स्वास्थ्य के लिए हलषष्ठी पर्व पर निर्जला व्रत धारण कर विधिवत हलषष्ठी कथा रसपान किये।इस अवसर पर निषाद समाज की महिलाओं में हेमलता सागर निषाद भी अपने सन्तान की लंबी आयु के लिए व्रत धारण कर विधिवत कथा सुने।पौराणिक कथाओं के अनुसार आज के दिन जो भी माताएं हलषष्ठी व्रत का नियम पूर्वक पालन करती हैं उसकी संतान की आयु लम्बी होती है कि कथा सदियों से प्रचलित हैं।उन्हीं आस्थाओं के चलते प्रदेश के विभिन्न शहरो ग्रामीण क्षेत्रों में माताओं ने श्रद्धा भाव से हलषष्ठी व्रत धारण किये गए थे।

# जगत विहार कालोनी के महिलाओ ने रखा हलषष्ठी व्रत



**महासमुंद।** जगत विहार कालोनी में आज कालोनी के महिलाओं ने अपने पुत्र के दीर्घायु हेतु हलसष्ठी का व्रत रख कर सगरी बना के हलसष्ठी देवी का पूजन किये,आज पूजन के बाद बिना हल से जूते पसहर चावल और भाजी तथा भैंस के दूध, दही घी का सेवन कर व्रत तोड़े,आज महिलाओं में इस व्रत को लेकर भारी उत्साह था,इसकी तैयारी वे सब पिछले 3 दिनों से कर रहे थे। हलषष्ठी पूजा में दुलारी चन्द्राकर,मंजू चन्द्राकर, किरण चंद्राकर,अन्नू वर्मा ,लता साहू ,भूमिका चंद्राकर , एकता गुप्ता,जया लोनारे ,मीनाक्षी चन्द्राकर, पम्मी चन्द्राकर,वर्षा चंद्राकर,ज्योति कन्नौजे,केवरा ध्रुव,,उषा साहू,ममता चंद्राकर ,रोशनी पाण्डे,लीना चन्द्राकर वंदना शुक्ला,पदमनी चन्द्राकरआदि जगत विहार कालोनी की महिलाएं शामिल रही।

# सैमसंग ने भारत में गैलेक्सी वॉच में इरेगुलर हार्ट रिदम नोटीफिकेशन का फीचर पेश किया




पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने गैलेक्सी वॉच के लिए सैमसंग हेल्थ मॉनिटर ऐप पर इरेगुलर हार्ट रिदम नोटीफिकेशन फीचर पेश करने की घोषणा की है। ऐप के मौजूदा ब्लड प्रेशर और इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम मॉनिटरिंग फीचर्स के साथ, यह नया फीचर एट्रियल फिब्रिलेशन का संकेत देने वाली हार्ट रिदम का पता लगाने में मदद करता है। इससे गैलेक्सी वॉच पहनने वालों को उनके हृदय की सेहत के बारे में ज्यादा बेहतर जानकारी मिलती है। सैमसंग हेल्थ मॉनिटर ऐप में एक्टिव होने के बाद, फीचर गैलेक्सी वॉच के बायोएक्टिव सेंसर का इस्तेमाल करके बैकग्राउंड में अनियमित हृदय गति (इरेगुलर हार्ट रिदम) की लगातार जांच करता है। अगर लगातार माप की एक निश्चित संख्या अनियमित पाई जाती है, तो गैलेक्सी वॉच अपने यूजर्स को संभावित एक्टिविटी की चेतावनी देता है और यूजर को अधिक सटीक माप के लिए अपनी घड़ी का इस्तेमाल करके ईसीजी लेने की सलाह देता है। मौजूदा रक्तचाप और हृदय गति की निगरानी के साथ, यह नया फीचर यूजर्स को उनके हृदय के स्वास्थ्य के बारे में ज्यादा गहन जानकारी प्रदान करता है।

# शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया जन्माष्टमी महोत्सव



पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल चंगोराभाटा रायपुर में प्री जन्माष्टमी महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस महोत्सव को विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षक-शिक्षिकाएं भी बहुत ही हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाये। सर्वप्रथम इस कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के मुख्य अतिथिगण मुकेश गुप्ता, ज्योति गुप्ता, स्कूल के प्रबंधक एवं संचालक के द्वारा कृष्ण जी की पूजा आरती करके की गई। बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम जैसे नृत्य, रासलीला इत्यादि प्रस्तुत किए गए एवं कक्षा 6 से 12वी के विद्यार्थियों ने झूला सजावट पूजा थाली सजावट मटकी सजावट मटकी फोड़ जैसे कार्यक्रम रखें गये जन्माष्टमी उत्सव में नर्सरी से कक्षा 2 री के बच्चे राधा कृष्ण के वेशभूषा में स्कूल आयें ये बच्चे बहुत ही सुन्दर लग रहें थे इनके लिए अलग से मटकी फोड़ने की व्यवस्था की गयी थी। कार्यक्रम के अन्त में कक्षा 12वी के विद्यार्थियों के द्वारा दही हांडी फोड़ते हुए उत्साह पूर्वक कार्यक्रम का अंत किया गया।

# दिशा कॉलेज एवं विप्र कॉलेज द्वारा नई शिक्षा नीति पर दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

दिशा कॉलेज एवं विप्र कॉलेज द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 पर दो दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की दीप प्रज्वलित के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर बलदेव शर्मा वाइस चांसलर कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता यूनिवर्सिटी उपस्थित थे। मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर जी ए घनश्याम जॉइंट डायरेक्टर डायरेक्टरेट ऑफ हायर एजुकेशन रायपुर एवं डॉ डी के श्रीवास्तव ओएसडी डायरेक्टरेट ऑफ हायर एजुकेशन एवं डॉ ए के तिवारी प्रिंसिपल दिशा कॉलेज रायपुर एवं डॉ मेघेश तिवारी प्राचार्य विप्र कॉलेज उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रोफेसर बलदेव भाई शर्मा वाइस चांसलर कुशा भाऊ ठाकरे पत्रकारिता यूनिवर्सिटी ने अपने उदबोधन में नई शिक्षा नीति 2020 के विभिन पक्षों को बताया जिसमें उन्होंने भारत की राष्ट्रीयता का विकास एवं आध्यात्मिक चेतना के विकास की बात कही साथ कहा की शिक्षा का अर्थ जीवन का निर्माण करना है विद्या जीवन को विवेकशील बनाती है। इस अवसर पर डॉ ए के तिवारी प्राचार्य दिशा कॉलेज में अपने उद्बोधन में कहा की छात्रों को ज्यादा से ज्यादा अवसर प्रदान करें तभी विकास की अवस्था तक लाया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि उठो जागो और तब तक प्रयास करते रहो जब तक आप अपने लक्ष्य को प्राप्त ना कर लो। उन्होंने चेतना के साथ-साथ शिक्षा पर जोर दिया नई शिक्षा नीति के तहत कहा कि छात्रों का सर्वांगीण विकास तभी संभव है जब हम एक अच्छी शिक्षा प्रदान करें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति पारंपरिक शैक्षिक पाठ्यक्रम में एक महत्वपूर्ण बदलाव हेतु पाठ्यक्रम में नवाचार सफल प्रयास है इसी के साथ डॉ मेधेश तिवारी प्राचार्य विप्र कॉलेज ने अपने उद्बोधन में नई शिक्षा नीति 2020 पर जोर देते हुए कहा कि यह एक अपने आप में एक नया बदलाव है जो प्रत्येक छात्रों के सर्वांगीण विकास के साथ उनमें मूल्यों को भी विकसित करेगा जो उसके भावी जीवन के लिए आवश्यक है।

# जन्माष्टमी विशेष : कलर्स के कलाकारों ने बताया कि वे भगवान कृष्ण का जन्मदिन कैसे मनाते हैं



पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

कलर्स के 'सुहागन' में वेदांत की भूमिका निभा रहे अक्षय खरोड़िया कहते हैं, हमेशा से मेरे दिल में जन्माष्टमी की खास जगह रही है। इससे मेरे बचपन की यादें ताज़ा हो जाती हैं, जब मैं और मेरे दोस्त हमारी सोसायटी में भगवान कृष्ण की मूर्ति लाते थे, और पूरी सोसायटी साथ मिलकर पूजा करती थी। मैं अभी भी मानव पिरामिड में सबसे ऊपर चढ़ने और हांडी फोड़ने के उत्साह को महसूस कर सकता हूं। अब, हमारे सेलिब्रेशन ज़्यादा घनिष्ठ हो गए हैं घर पर एक छोटी सी पूजा और सेट पर मेरे सुहागन परिवार के साथ एक विशेष उत्सव। इसके बाद भी, इस त्योहार की खुशी और भावना अभी भी वैसी ही है। मेरी कामना है कि इस खूबसूरत दिन पर आप सभी को भगवान कृष्ण का आशीर्वाद मिले। वह आपके जीवन को शांति और समृद्धि से भर दें। हैप्पी जन्माष्टमी। कलर्स के 'मंगल लक्ष्मी' में अदित की भूमिका निभा रहे नमन शॉ कहते हैं, मेरे गृह नगर, कोलकाता में मेरे परिवार में एक परंपरा है जहां इस शुभ दिन पर बुजुर्ग आधी रात तक उपवास करते हैं, महा आरती करते हैं और भगवान कृष्ण की मूर्ति को झूला झुलाते हैं। मुंबई में, मैंने पूजा करने के लिए अपने परिवार के साथ यहां इस्कॉन मंदिर जाने की परंपरा को जारी रखा है। इस साल, मैं मंगल लक्ष्मी के सेट पर जन्माष्टमी मनाने के लिए उत्साहित हूं, क्योंकि उस दिन हमारी शूटिंग का शेड्यूल रहेगा। यह एक खास समय है जो मुझे अपनी जड़ों से जोड़ता है। मेरा सपना है कि एक दिन, मैं अपने बेटे के साथ मथुरा में जन्माष्टमी मनाऊं, और इस त्योहार के सबसे पवित्र स्थान में ही इसका अनुभव करूं। इस शुभ दिन पर, मुझे आशा है कि भगवान कृष्ण आपकी सभी चिंताओं को दूर करेंगे और आपका जीवन प्रेम व आनंद से भर देंगे। कलर्स के 'मेघा बरसेंगे' में, मेघा की भूमिका निभा रहीं नेहा राणा कहती हैं, इस साल, मैं मुंबई में जन्माष्टमी मनाने के लिए उत्साहित हूं। भगवान कृष्ण के भजन सुनने से मुझे हमेशा शांति और स्पष्टता मिलती है। मैं अपने दोस्तों के साथ बाहर जाने और शहर में प्रसिद्ध दही-हांडी उत्सव देखने के लिए उत्सुक हूं। हम अपने सह-कलाकारों के साथ मेघा बरसेंगे के सेट पर सुंदर उत्सव मनाएंगे और पंजीरी, खीर और माखन मिश्री जैसे प्रसाद का भी लुत्फ उठाएंगे। भगवान कृष्ण हम सभी को आशीर्वाद दें। कलर्स के 'परिणीति' में पार्वती की भूमिका निभा रहीं अंचल साहू कहती हैं, मैं इस जन्माष्टमी मंदिर जाकर और भगवान कृष्ण को धन्यवाद देकर अपने दिन की शुरुआत करूंगी!


AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

**एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड** (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)
रजिस्टर्ड ऑफिसः 19–ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001 (CIN: L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV [ देखें नियम 8 (1) कब्जा सूचना ]**

जबकि, अद्योहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनगर्ठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002" (2002 का 54) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 13 (12) का सपठित नियमों के नियम 3 के तहत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमितकर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था।

| ऋणी / सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | स्थावर सम्पत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060122429045 & L9001060826349902, बृजेश कुमार निर्मलकार ( ऋणी ), सुमन निर्मलकार ( सहऋणी ) | 15-अप्रैल-24 ₹ 7,44,511/- सात लाख चवालीस हजार पांच सौ ग्यारह रूपये मात्र एवं ₹ 4,36,357/- चार लाख छत्तीस हजार तीन सौ सत्तावन रूपये मात्र 12-अप्रैल-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 63/5, पीएच नं. 43, ग्राम बोडतराखुर्द, तहसील पंडरिया, खवरधा, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 3444.45 वर्ग फीट | 20-अगस्त-24 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती हैं कि अद्योहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्तियों का कब्जा ग्रहण कर लिया है।
ऋणियों का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।
ऋणियों को विशिष्टतया तथा सर्व साधारण को सामान्यतया एतद द्वारा सम्पत्तियों के साथ काई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती हैं। और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक "एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड" (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

**दिनांकः 23/08/2024** **स्थानः कबीरधाम, छत्तीसगढ**
**प्राधिकृत अधिकारी**
**एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

# स्वाईन फ्लू से दो मौतें... मृतकों के संपर्क में आया कोई भी पॉजिटिव नहीं मिला, जिले से बाहर एक का इलाज जारी

## स्वास्थ्य विभाग ने एहतियात बरतने के हिदायत दी

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




राजनांदगांव और केसीजी जिले में स्वाईन फ्लू ने डरावनी दस्तक दी है। बीते दिनों में स्वाईन फ्लू से संक्रमण के तीन मामले में सामने आए हैं जिनमें दो की मौत हो चुकी है। मृतकों में छुईखदान ब्लॉक का एक युवक और डोंगरगढ़ ब्लॉक का एक बालक शामिल है। प्रोटोकॉल के तहत दोनों मृतकों का अंतिम संस्कार किया गया है। जबकि इनके संपर्क में आए लोगों की भी जांच की गई है। राहत की खबर है कि, इनमें से कोई भी पॉजिटिव नहीं पाया गया है। ये दोनों ही मरीज राजनांदगांव के एक निजी नर्सिंग होम में उपचाररत थे। जबकि एक अन्य संक्रमित मरीज का जिले के बाहर इलाज जारी है।

जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया, राजनांदगांव और केसीजी जिले में अब तक स्वाईन फ्लू के 3 मामले सामने आए हैं। इनमें से दो की मौत हो चुकी है। एक मरीज का जिले से बाहर उपचार चल रहा है। सीएमएचओ डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया, संक्रमित मरीजों की ट्रेवल हिस्ट्री रही है। आशंका है कि, इसी दौरान ये स्वाईन फ्लू से संक्रमित हुए। मरीजों के परिजनों और उनके पास के लोगों के भी टेस्ट किए गए हैं इनमें से किसी की रिपोर्ट पॉजिटिव नहीं आई है।

मिली जानकारी के मुताबिक डोंगरगढ़ ब्लॉक के एक मरीज को सर्दी-खांसी से पीड़ित होने के बीच सेहत में लगातार गिरावट के बाद नांदगांव के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इस दौरान उसकी सेहत लगातार बिगड़ती चली गई। जांच में स्वाइन फ्लू के वायरस एच-1 एन-1 से ग्रसित होने की पुष्टि हुई। एहतियातन अस्पताल प्रबंधन ने सीएमएचओ कार्यालय को सूचित कर दिया।

इस बीच खैरागढ़ जिले के छुईखदान का रहने वाला एक युवक भी इसी बीमारी की चपेट में गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती हुए। वह भी काफी कमजोर स्थिति में अस्पताल पहुंचा। दोनों की एक-दो दिन के अंतराल में मौत हो गई। मृतक छुईखदान में अस्थाई तौर पर रहते हुए कपड़ा प्रेस करने का पुश्तैनी काम करता था। अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। गंभीर स्थिति होने के कारण वह वायरस से लड़ नहीं सके, जिससे उनकी मौत हो गई।

# जिले की कई पंचायतों में एक साल से जल जीवन मिशन के काम ठप

## 15 दिवस की अवधि के भीतर कार्य प्रारम्भ करने के निर्देश




पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन राजनांदगांव संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्य करने वाले कान्ट्रेक्टर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्य करने वाले ठेकेदार उपस्थित हुए। कलेक्टर ने 4 माह से अधिक समय से कार्य को बंद करने वाले ठेकेदारों से चर्चा की। उन्होंने विगत 1 वर्ष से कार्य बंद रखने वाले ठेकेदारों को 15 दिवस की समय अवधि के भीतर कार्य प्रारम्भ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्य प्रारंभ नहीं करने पर अनुबंध को निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। जिन ठेकेदारों ने टंकी निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया है, उन्हें 1 से डेढ़ माह में पूर्ण कर टंकी के माध्यम से पेयजल सप्लाई चालू करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन अंतर्गत आबंटित सभी कार्यों को दिसंबर 2024 तक पूर्ण करने कहा। कलेक्टर ने ठेकेदारों को आबंटित कार्यों को शीघ्र एवं गुणवत्तायुक्त कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि बिल भुगतान में विलम्ब न हो। बैठक में पीएचई विभाग की प्रभारी कार्यपालन अभियंता प्रिया सोनी, सहायक अभियंता पलक कोठारी, विभागीय उप अभियंताओं सहित जिला प्रभारी क्रेडा विभाग पूर्णिमा गुप्ता एवं अन्य अधिकारी व ठेकेदार उपस्थित रहे।

# कालेज में योगेश पटेल जभा समिति अध्यक्ष नियुक्त



**डोंगरगांव नगर।** नगर के शासकीय महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति अध्यक्ष बतौर योगेश पटेल की नियुक्ति की गई है। उक्त नियुक्ति राज्यशासन में गृह एवं जेल, तकनीकी शिक्षा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, रोजगार, विज्ञान व प्रौद्योगिकी तथा जिले के प्रभारीमंत्री विजय शर्मा के अनुमोदन पर की गई है। इस आशय को लेकर राज्यशासन के आदेश पत्र के प्रतिपालन में जिला प्रशासन ने भी सूची जारी की है। उल्लेखनीय है कि नगर के योगेश पटेल भाजयुमो के विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए भाजपा में प्रदत्त दायित्वों का लगातार निर्वहन करते आ रहे हैं। इनके अलावा पटेल धार्मिक गतिविधियों में सहभागिता सहित ब्लड डोनर बतौर 64 बार रक्तदान कर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर चुके हैं। कालेज में जनभागीदारी समिति अध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने शुभकामनाएँ दी है।

# सुमति मंडल द्वारा धूमधाम से की जाएगी गणेश

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

संस्कारधानी की सबसे प्राचीन गणेशोत्सव समिति 'सुमति मंडल' कामठी लाइन इस वर्ष अपनी स्थापना के 102 वा वर्ष में गणेशोत्सव पर्व बड़ी श्रद्धा, भक्ति के साथ धूमधाम से मनाने जा रहा है। 07 सितंबर को श्री गणेश स्थापना कामठी लाइन में भारत माता चौक के समीप स्थित उदयाचल संस्था की लाइब्रेरी वाली जगह पर आकर्षक सजावट कर की जाएगी। सुमति मंडल गणेशोत्सव समिति की नई कार्यकारिणी का गठन समिति के संरक्षक विमल पोद्दार एवम श्याम सुंदर लोहिया की अध्यक्षता में गत दिवस श्री सत्यनारायण धर्मशाला में आयोजित बैठक में किया गया। जिसमे सर्वसम्मति से अशोक लोहिया को पुनः अध्यक्ष मनोनित किया गया तथा मयंक गिड़िया को सचिव एवम पियूष अग्रवाल का कोषाध्यक्ष के रूप में चयन किया गया। संरक्षक मंडल में विमल पोद्दार, श्याम सुन्दर लोहिया, विष्णु प्रसाद लोहिया, अभिषेक शुक्ला, हिंदूराव पवार, संतोष लोहिया, सुभाष चौरडिया, नंदकिशोर अग्रवाल, संतोष अग्रवाल ( बालाजी ), राजकुमार शर्मा, अजय खंडेलवाल, मनोज शर्मा, पंकज पोद्दार, गोवर्धन खंडेलवाल, विजय खंडेलवाल, आनंद डागा शामिल किए गए। उपाध्यक्ष - निलेश शुक्ला, सूरज अग्रवाल, राजेश डागा, दीपक सोनी, कृष्णा लोहिया, आडिटर - सीए नमन पोद्दार, सहसचिव - करण जेठवा, सुधित लोहिया, राजू शर्मा, विशाल डागा, विकास गोयल, सत्यम शर्मा, रक्षित अग्रवाल, विज्ञापन प्रभारी - आदित्य लोहिया, गोविंदा शर्मा, हर्ष खंडेलवाल, सुमित गांधी, चंदा प्रभारी - हर्ष लोहिया, शुभम डागा, तन्मय खंडेलवाल, शिवम शर्मा, सुनंदन लोहिया, प्रमोद सोनी, हरीश अग्रवाल, झांकी प्रभारी - विनय चौरडिया, राहुल लोहिया, अर्पित पारख, उज्जवल ललवानी, तनिष्क अग्रवाल, हेमंत गिड़िया, हरदीप अरोरा, कार्यकारिणी सदस्य - जितेंद्र शर्मा (जीतू), महेश शर्मा, धर्मेंद्र जैन, हितेश कोटक, महेश डागा, हेमंत सोनी, धर्मेंद्र बोथरा, गोपाल भट्टड, रोहन लोहिया। बैठक में इस वर्ष भी विसर्जन झांकी भव्य रूप से दो जीप वाली निकालने का निर्णय लिया गया।

# छात्र संघ चुनाव की मांग



**राजनांदगांव।** महा विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही एक बार फिर छात्र संघ चुनाव की मांग ने जोर पकड़ रही है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर इसकी मांग की है। 2016 के पश्चात प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव पर रोक लगा दी थी। पिछले दो सालों से छात्र संघ चुनाव नहीं हुए हैं।

## कृष्ण जन्माष्टमी पर्व, 26 अगस्त को मटन मार्केट बंद

राजनांदगांव। राज्य शासन के आदेशानुसार कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में 26 अगस्त दिन सोमवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग से कहा कि उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करते हुये 5 हजार रूपये तक जुमार्ना वसूल करे। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिये है।

# चिखली में शराब दुकान का विरोध, फिर ज्ञापन सौंपा



पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

रेवाडीह स्थित शासकीय शराब दुकान को चिखली स्थानांतरित किए जाने का विरोध हो रहा है। पूर्व में भी आबकारी की इस कार्रवाई रोक लगाने की मांग की गई थी। शुक्रवार को एक बार फिर इस मामले पर महापौर हेमा देशमुख ने पार्षदों के साथ ज्ञापन सौंपा है। महापौर देशमुख ने ज्ञापन के माध्यम से कहा द्वारा संचालित विदेशी मदिरा दुकान को चिखली वार्ड नं. 6 राजनांदगांव में संचालित किया जाना प्रस्तावित है। उक्त जानकारी वार्डवासियों को होने पर इसका विरोध किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि चिखली में विदेशी मदिरा दुकान संचालित के प्रस्तावित कार्रवाई को निरस्त कर अन्यत्र स्थान पर संचालित करें। यदि चिखली में मदिरा दुकान संचालित की जाएगी तो वार्डवासियों द्वारा उग्र आंदोलन व चक्काजाम किया जाएगा। जिसकी संपूर्ण जवाबदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान पार्षद मधुकर वंजारी, पूर्णिमा नागदेवे, दुलारी साहू, प्रतिमा बंजारे, अरविंद वर्मा, बेनाबाई टुरहाटे, सुरेन्द्र देवांगन समेत अन्य लोग शामिल थे।

# चिरचारी खुर्द में स्वास्थ्य मेला का आयोजन, 467 मरीजों का उपचार



पायनियर संवाददाता छुरिया
www.dailypioneer.com

एकदिवसीय विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन चिरचारी खुर्द विकासखंड छुरिया में किया गया। शिविर में आयुर्वेद व होम्योपैथी उपचार के साथ ही रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु आयुष काढ़ा का वितरण भी किया गया।

शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि भोलाराम साहू विधायक खुज्जी, गिरधारी लाल साहू कार्यकारिणी अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुमरदा, डुमेश्वर साहू पूर्व जनपद सदस्य, शिविर प्रभारी डॉ अनिरुद्ध पटेल, डॉ वर्षा नागवंशी विशेषज्ञ चिकित्सक,डॉ तपेश्वर सिंह, डॉ हर्षा चौरसिया, के द्वारा भगवान धन्वन्तरि की पूजा अर्चना कर किया गया। शिविर में कुल 467 मरीज़ों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें लोगों को निःशुल्क आयुर्वेद / होम्योपैथी औषध एवं आयुष काढ़ा प्रदान किया गया। निःशुल्क औषधि वितरण के साथ ही शिविर में निःशुल्क बी पी की भी जाँच किया गया। इस शिविर में देवदास साहू, बसंत राजपूत, धीरजी राम सिन्हा, भारत सूर्यवंशी सूर्यवंशी, आदि आयुर्वेद फ़ार्मासिस्ट, तोमन लाल ठाकुर, दीपक कुमार कोर्राम, गजेंद्र ठाकुर, रूपेश कुमार, औषधालय सेवक, शंकर लाल कंवर, तेजपाल यादव, छगन राम वर्मा (योग प्रशिक्षक)इत्यादि ने अपनी सेवाये दी।

# शिक्षक के लिए धरने पर बैठे बच्चे, वापसी की मांग



**राजनांदगांव।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जोरातराई (ब) के एक शिक्षक को अन्यत्र पदस्थ किए जाने पर नाराज शाला प्रबंधन एवं विकास समिति समेत पंचायत पदाधिकारी और स्कूली बच्चों ने गुरुवार को बीईओ कार्यालय का घेराव करते उक्त शिक्षक की वापसी की मांग करते कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। शाला प्रबंधन समिति और पंचायत पदाधिकारियों ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि बिना शिकायत और जांच बगैर शिक्षक पवन देशलहरे को बजरंगपुर नवागांव में अध्यापन व्यवस्था के लिए भेज दिया गया है, जो बेबुनियाद है। जबकि शा.पूर्व.मा. शाला ग्राम जोरातराई (ब) में शिक्षक की कमी है। फिलहाल शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# क्रेडा कार्यालय निर्माण में भ्रष्टाचार, फिर भी जोनल कार्यालय में आभार हास्यास्पद : रूपेश दुबे

- अवैध निर्माण में 55 लाख के काम में 91 लाख भुगतान का मामला ईओडब्लू में है लंबित

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने क्रेडा जोनल कार्यालय के नाम पर भाजपाइयों द्वारा जो वाहवाही लूटने का काम किया जा रहा है। उसे महज ढकोसला बताते हुए हास्यास्पद करार दिया है। प्रवक्ता दुबे ने कहा कि 15 वर्षीय भाजपा कार्यकाल में राजनांदगांव क्षेत्रीय कार्यालय के भवन निर्माण के लिए शासकीय नियमों के विपरीत ग्रीन बेल्ट में निर्माण कर नियमों की धज्जी उड़ा दी गई। क्योंकि टाउन एंड कंट्री प्लानिंग ने अपने पत्र में स्पष्ट रूप से उसे स्थान पर भवन निर्माण पर अनापत्ति देने से साफ मना कर दिया था उसके बाद भी अवैध क्रेडा बिल्डिंग बनाने का खेल खेला गया। उन्होंने कहा कि बिल्डिंग के लिए 50 लाख रूपये का इस्टीमेट तैयार किया गया। उसके पश्चात तकनीकी स्वीकृति में वह राशि 55 लाख रु किया गया और 55 लाख रु के टेंडर को 17 प्रतिशत एबोव में टेंडर स्वीकृत करते हुए लगभग 65 लख रु का वर्क ऑडर जारी कर दिया गया। निर्माण एजेंसी ने नियमों को ताक में रखकर बिल्डिंग के नियत ड्राइंग डिजाइन बिल्डिंग के विपरीत निर्माण कार्य किया उसके बाद भी सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार के चलते 65 लाख रु के टेंडर के भुगतान में प्रशासनिक अधिकारियों ने अंधेरगर्दी मचाते हुए 8 चेक के माध्यम से 91 लाख का भुगतान कर दिए। जब मामले का खुलासा हुआ तो विभाग अपने कारगुजारियों को छुपाने के लिए अतिरिक्त राशि को बाउंड्री वॉल निर्माण का बताने का प्रयास किये लेकिन 20 लाख रु से अधिक की राशि का टेंडर अनिवार्य है। फिर भी विभाग ने जो भ्रष्टाचार का घिनौना खेल खेला था वह अपने आप में सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार का उदाहरण है। मामले की दस्तावेजों के साथ शिकायत ई ओ डब्लू में की गई जो लंबित है। अब देखना यह है कि भाजपा सरकार भ्रष्टाचार के नाम पर बड़ी-बड़ी बातें करते हैं तो इस प्रमाणित भ्रष्टाचार के मामले में क्या कार्यवाही करते या कराते हैं।

## चंदा मामा को पत्र लिखकर जताई मिलने की इच्छा

# विद्यार्थियों ने बनाए चंद्रयान 3 मॉडल, रील व वीडियो



पायनियर संवाददाता डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला चिचदो में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर बच्चों ने चंद्रयान 3 मॉडल बनाकर अपनी प्रतिभा दिखाई। दरअसल भारत सरकार ने चंद्रयान मिशन की सफलता को पर्व के रूप में मनाने हेतु प्रति वर्ष 23 अगस्त को राष्ट्रीय पर्व मनाये जाने की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई है। इस दिवस को प्रत्येक शालाओं में मनाने हेतु जिला कोर टीम के प्रमुख डीएमसी सतीश ब्यौहारे, एपीसी अंसारी, मरकाम, श्रीझाड़े के निर्देश व बीईओ आरएल पात्रे, बीआरसी, एबीईओ जयंत साहू, रश्मि ठाकुर व क्षितिज सोरी के मार्गदर्शन में शासकीय प्राथमिक शाला के शिक्षकों ने बच्चों को सोशल मीडिया से जोड़ते हुए स्मार्ट टीवी के माध्यम से चंद्रयान-3 के संबंध में बताया। वीडियो के माध्यम से चन्द्रमा पर लैंडिंग को दिखाया गया। बच्चों ने चंदा मामा के लिए पत्र लिखकर चंद्रमा से मिलने की इच्छा भी जताई। विद्यार्थी बच्चों ने शिक्षकों के सहयोग से चंद्रयान मॉडल निर्माण भी किया। इस दौरान बच्चों ने मॉडल के साथ रिल और वीडियो बनाए तथा गीत कविता, पेंटिंग व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया। अंतरिक्ष के प्रति बच्चों में जागरूकता व रुचि बढ़ाने के लिए प्राथमिक शाला चिचदो के शिक्षक रूपेंद्र देवांगन एवं शिक्षिका कोनिका सोनी ने उल्लेखनीय योगदान प्रदान किया।

# नक्सल प्रभावित मुंजाल पहुंचे एसपी, स्कूली बच्चे से मिले

पायनियर संवाददाता मोहला
www.dailypioneer.com



नक्सल प्रभावित क्षेत्र ग्राम पंचायत मुंजाल के शासकीय प्राथमिक स्कूल में सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मानपुर मयंक तिवारी, रक्षित निरीक्षक भुनेश्वर कश्यप, निरीक्षक संजय यादव की उपस्थिति में स्कूल के बच्चों को खेल सामग्री वितरित किया गया। इस मौक़े पर पुलिस अधीक्षक सिंह ने बच्चों से उनके भविष्य के बारे में बात की और अच्छे से पढ़ाई लिखाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा पूछे जाने पर कुछ बच्चों ने पुलिस अधिकारी तो कुछ बच्चों ने डॉक्टर बनने की इच्छा जताई। पुलिस अधीक्षक सिंह ने बच्चों को इसके लिए मोटिवेट भी किया और कहा कि इसके लिए जब भी आपको पुलिस की मदद की जरुरत पड़े निः संकोच संपर्क कर कर सकते हैं। कार्यक्रम में बच्चों को शतरंज, कैरम, फुटबाल, व्हालीवाल, नेट, स्किपिंग रोप, बैडमिंटन रेकेट, नेट व कॉक वितरित किया गया। सिंह ने कहा कि पढ़ाई के साथ साथ हमें खेल पर भी ध्यान देना चाहिए। क्योंकि खेल से हमारा समग्र विकास होता है। इस मौक़े पर थाना मदनवाड़ा से सहायक उप निरीक्षक धनसिंह महिलांगे, स्कूल के शिक्षक खेमलाल साहू और अंगद सिंह सलामे उपस्थित रहे।

# बीजेपी का सदस्यता अभियान एक पर्व और पूरे उमंग और उत्साह के साथ मनाया जाएगा : राय

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




भारतीय जनता पार्टी के देशव्यापी सदस्यता अभियान के परिप्रेक्ष्य में जिला भाजपा कार्यालय जशपुर में जिला स्तरीय बैठक/कार्यशाला आयोजित की गई। बैठक में भाजपा के पूर्व प्रदेश संगठन महामंत्री रामप्रताप सिंह, पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय, पत्थलगांव विधायक गोमती साय, जशपुर विधायक रायमुनी भगत, जिला संगठन सह प्रभारी भरत सिंह सिसोदिया एवं जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता ने उपस्थित पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों का मार्गदर्शन किया। भाजपा के पूर्व प्रदेश संगठन महामंत्री रामप्रताप सिंह ने अपने मार्गदर्शन में कहा कि यह संगठन पर्व की शुरुआत है और इसमें पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाना है। आज हमारे लिए वातावरण अनुकूल है। देश में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्रित्व में तीसरी बार सरकार बनी है और प्रदेश में भी भाजपा की सरकार है। पिछली सदस्यता समाप्त हो गई है,अब फिर से सभी को सदस्य बनाकर,भारत के विकसित देश बनने की यात्रा में सहभागी बनाना है। देश की आजादी के बाद जो नीतियां थीं, वह देश के अनुकूल नहीं थी। डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी कश्मीर के मुद्दे पर शहीद हो गए। यह ध्यान रखें कि जनसंघ का गठन जिस भाव से हुआ वह सभी के बीच पहुंचे। पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने कहा कि आज भाजपा कार्यकर्ताओं की तपस्या और त्याग के बल पर ही सबसे बड़ी पार्टी बनी है। हमने कभी विचारधारा के साथ कोई समझौता नहीं किया। धारा 370 खत्म करके , लाल चौक पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर हमने अपनी इसी वैचारिक प्रतिबध्दता का परिचय दिया है। एक पर्व की तरह हम इस सदस्यता अभियान को मनाएं। राय ने 2014, 2019 से लेकर अब तक के सदस्यता अभियान की जानकारी देकर बताया कि पार्टी की सदस्यता ऑनलाइन इस बार भी होगी। सदस्यता के लिए जाते समय साहित्य के साथ सरकार की उपलब्धियां बताना है और पार्टी के उत्कृष्ट चाल, चरित्र, चेहरे के बारे में भी बताएं। ऑनलाईन सदस्यता के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुए राय ने कहा कि जिन सदस्यों के पास स्मार्ट फोन नहीं है, वे मिस्ड कॉल करेंगे। इसके बाद उनके पास लिंक आएगा जिसे अन्य सदस्य के स्मार्ट फोन पर भेजकर सदस्यता ले सकेंगे। राय ने कहा कि सदस्यता अभियान के लिए 31 अगस्त तक बूथ स्तर पर बैठकें करनी है। सदस्यता के विभिन्न चरणों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सदस्यता विस्तारक अब सदस्यता सहयोगी होंगे। सभी बूथों पर विधायकों एवं जि.पं. अध्यक्ष को भी लक्ष्य दिए जाएंगे और सभी बूथ स्तर तक जाएंगे।

उक्त जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी फैजान सरवर खान ने बताया कि जिला कार्यशाला में जिला महामंत्री द्वय भरत सिंह, मुकेश शर्मा, रौतीय समाज राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश साय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेश नंदे, जिला पंचायत अध्यक्ष शांति भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष उपेन्द्र यादव, भाजयुमो अध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, जिला उपाध्यक्ष शंकर गुप्ता, सुनील अग्रवाल, आनंद शर्मा, नपा उपाध्यक्ष राजू गुप्ता, श्याम नारायण गुप्ता, रूपेश सोनी, राजकपूर भगत, देवधन नायक, डीडीसी गेंदबिहारी सिंह, ममता कश्यप, अनिता सिंह, रीना बरला, उमा देवी, रजनी प्रधान, संतोष सिंह, संजीव ओझा, श्याम लाल भगत, हरिशंकर यादव, सलोने मिश्रा, गणेश जैन, अनिल मित्तल, श्रीनायक मिश्रा, संतोष सहाय, कपिल देव साय, कपिलेश्वर सिंह, प्रभाकर यादव, केशव यादव, असलम आाद, मुनेश्वर सिंह केसर, अनूप नारायण सिंह बाईक, शरद चौरसिया, विजय सहाय, कृपा शंकर भगत, शारदा प्रधान, सुनीति भोई, अनुजा पैंकरा, पिंकी गुप्ता, विजय शर्मा, अमन शर्मा, गोपाल कश्यप, राजकुमार गुप्ता, तुलाधार यादव, प्रतीक सिंह, अरविंद भगत, निखिल गुप्ता, आकाश गुप्ता, अभिषेक मिश्रा, नमित सिंह, अमीर इस्लाम जिन्ना, आशु राय, सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल रहे।

# आंबा कार्यकर्ताओं को पदोन्नति के लिए 20 हजार की मांग

## बड़े अधिकारी के नाम पर मांग रहा था बाबू, हुआ निलंबित

- एकीकृत बाल विकास परियोजना मनोरा के सहायक ग्रेड-01 निलंबित

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने परियोजना एकीकृत बाल विकास परियोजना मनोरा के सहायक ग्रेड-01 सुकुल साय टोप्पो को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। तहसीलदार मनोरा के प्रेषित जाँच प्रतिवेदन अनुसार सुकुल साय टोप्पो, सहायक ग्रेड-01 कार्यालय परियोजना एकीकृत बाल विकास परियोजना मनोरा के द्वारा मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के पद में पदस्थ करने के लिए राशि की मांग करने एवं कर्तव्य निर्वहन में लापरवाही बरतने के कारण छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण व अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1) (क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में सुकुल साय टोप्पो, सहायक ग्रेड-01 का मुख्यालय



जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास जशपुर कार्यालय रहेगा तथा नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा।

### 20-20 का लेने का आरोप

शुक्रवार को मनोरा विकास खंड के महिला बाल विकास विभाग के मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद पर पदोन्नत किए जाने के एवज में अवैध रूप से पैसे की मांग करने का मामला सामने आया। उक्त मामले में एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय मनोरा में पदस्थ कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगा प्रशासन के पास कार्यकर्ताओं ने शिकायत दर्ज कराते हुए कार्यवाही की मांग की।

### कार्यकर्ताओं का लिया गया बयान

एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय मनोरा में जांच के लिए पहुंचे तहसीलदार राहुल कौशिक को कार्यकर्ताओं ने विस्तार से शिकायत बताते हुए मामले पर कार्यवाही की मांग की थी। साथ ही नियमतः उन्हें शासन से मिले पदोन्नति पर ज्वाइनिंग कराए जाने के लिए कहा था। इस दौरान तहसीलदार ने सभी कार्यकर्ताओं का बयान दर्ज किया था। जिसपर जिला कलेक्टर की ओर से निलंबन की कार्रवाई की गई है।

# सड़कों के बीच गड्डे या गड्डों के बीच सड़क, ये है कोटा के मुख्य मार्ग का हाल

पायनियर संवाददाता ✓ कोटा
www.dailypioneer.com



कोटा नगर के मुख्य मार्ग की सड़क की जर्जर हो चुकी है। सड़कों को देखकर ये अनुमान लगाना मुश्किल है की सड़को के बीच गड्डे है या गड्डों के बीच सड़क। कोटा क्षेत्र में पिछ्ले एक सप्ताह से लगातार बारिश हो रही पानी निकासी की ऐसे में गड्ढों में पानी भर कर तालाब जैसी स्थिति निर्मित हो जाती है। जिससे कोई बड़ी सड़क दुर्घटना भी हो सकती है।

शायद प्रशासन को किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार है।पिछले दिनों विभाग द्वारा जी एस बी डालकर केवल खानापूर्ति की गई। कुछ वर्ष पहले लोरमी से कोटा होते हुए रतनपुर तक रोड का निर्माण कराया गया था। परंतु कोटा में रोड निर्माण नाका चौक से थाना तक ही हो सका शेष रोड निर्माण कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हो सका है। मिली जानकारी के अनुसार नागरिकों को रोड निर्माण के एवज में मुआवजा भी प्राप्त है। पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा की जब से राज्य में भाजपा की सरकार बनी है कोटा के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है और अधिकारी अब रिपेयरिंग कार्य भी नही करवा पा रहे है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा की यदि जल्द से जल्द रोड का निर्माण नहीं किया गया तो पार्टी द्वारा उग्र आंदोलन दिया जाएगा।

### आखिरकार कब जागेगा प्रशासन

कोटा नगर के मुख्य मार्ग को देखकर पहले से ही अंदाजा लगाया जा सकता था कि बरसात में रोड की स्थिति जर्जर हो सकती है । तो प्रशासन ने बरसात के पहले ही सड़क को मरम्मत कराना जरूरी नहीं समझा। सड़को की इस स्थिति को देखकर। अंदाजा लगाया जा सकता है की अधिकारियों को जनता की समस्या से कोई सरोकार नहीं है।

# शिवरतन शर्मा ने पैदल मार्च एवं श्रद्धांजलि अर्पित कर पश्चिम बंगाल सरकार के प्रति नाराजगी व्यक्त की

पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com




कोलकाता के एक अस्पताल में महिला डॉक्टर से कथित दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या की घटना को लेकर बुधवार को दुर्गा वाहिनी भाटापारा द्वारा आयोजित पैदल मार्च एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने भी सहभागिता कर भारत माता चौक पर दीपक जलाकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर इस जघन्य अपराध के लिए पश्चिम बंगाल सरकार के प्रति अपनी नाराजगी व्यक्त की.. कार्यक्रम में उपस्थितजनो से शिवरतन शर्मा ने कहा कि आरजी कार चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल में प्रशिक्षु महिला डॉक्टर की हत्या की घटना के बाद वहां पर शुरू किये गये मरम्मत कार्य से स्पष्ट प्रतीत होता है कि सबूतों के साथ छेड़छाड़ कर और उन्हें मिटाने के लिये कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के राज्य में पश्चिम बंगाल में अपराधियों को बचाया जा रहा है। शिवरतन शर्मा ने कहा कि घटना के बाद के पहले 24 घंटे सबूत जुटाने की दृष्टि से अहम थे, लेकिन बनर्जी ने बयान दिया कि वह इस मामले को कुछ दिन बाद सीबीआई को सौंपेंगी। उन्होंने सीबीआई को मामले सौंपने में हुयी देरी की वजह पर सवाल खड़ा करते हुये कहा कि अगर सीबीआई को यह मामला पहले सौंप दिया गया होता, तो वह घटनास्थल को सुरक्षित कर सकती थी और अपराधी सलाखों के पीछे पहुंच गया होता। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में पश्चिम बंगाल में जंगलराज कायम हो गया है। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा की एक तरफपश्चिम बंगाल में प्रदर्शन कर रहे डॉक्टर्स पर टीएमसी के गुंडे मेडिकल कॉलेज में घुस कर हमला करते और डराते है। साथ ही अपराध के बाद मौजूद साक्ष्य को नष्ट करने की कोशिश करते हैं। दूसरी तरफ ममता बैनर्जी खुद ममता बनर्जी के खिलाफ प्रदर्शन कर सरकार से इंसाफ की मांग कर रही हैं।पश्चिम बंगाल की स्वास्थ्य मंत्री-ममता बैनर्जीगृह मंत्री-ममता बैनर्जी मुख्यमंत्री-ममता बैनर्जीऔर इन सब के खिलाफ प्रदर्शन करने वाली भी ममता बैनर्जी है..उक्त कार्यक्रम में राकेश तिवारी, आशिष जायसवाल, आशिष पुरोहित, अभिषेक दास, अभिषेक मोदी, सतीश साहू, अभिषेक मिश्रा, कान्हा मिश्रा, नीरा साहू, आयशा खान, अंजली जायसवाल, मधु सोनी, हेमंत व्यास, कुणाल नायडू, सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय की छात्राएं एवं नगरवासी उपस्थित थे।

# "एक पेड़ मां के नाम" अधिकारियों ने कलेक्टोरेट परिसर में किया पौधारोपण

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिला कलेक्टोरेट परिसर में "एक पेड़ मां के नाम" के तहत पौधारोपण किया गया। कलेक्टर राहुल देव, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गिरिजाशंकर जायसवाल एवं वनमंडलाधिकारी संजय यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया। कलेक्टर ने औषधीय पौधा नीम, एसएसपी, वनमंडलाधिकारी, अपर कलेक्टर श्रीमती निष्ठा पाण्डेय तिवारी और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने बादाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल ने जामुन सहित अन्य अधिकारियों ने पीपल, आम तथा गुलमोहर का पौधा लगाकर जिलेवासियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। कलेक्टर श्री देव ने कहा की पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना जरूरी हैं। ये हमें जीवन के लिए आक्सीजन, खाने के लिए फल और गर्मी में छांव देते हैं। उन्होंने बताया कि नीम छाया प्रदान करने के साथ तमाम प्रकार के औषधीय गुणों से युक्त होता है। उन्होंने अधिकारियों को अपने द्वारा लगाए गए पौधों की देखभाल करने कहा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि धरा को हरा-भरा रखने सबको पौधारोपण का संकल्प लेते हुए "एक पेड़ मां के नाम" जरूर लगाना चाहिए। वनमंडलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप जिले में "एक पेड़ मां के नाम" के तहत पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। पेड़-पौधा धरती का तापमान कम करने, भूजल स्तर को ऊपर लाने और प्रदूषण नियंत्रण में महत्वपूर्ण है।

# ग्राम कंतेली में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में 234 आवेदनों का हुआ मौके पर निराकरण

- विधायक एवं कलेक्टर ने किया विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन
- सभी पात्र लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com



शासन के निर्देशानुसार आमजनों के समस्याओं का त्वरित निराकरण और विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने तथा उन्हें लाभान्वित करने के उद्देश्य से मुंगेली विकासखंड के ग्राम कंतेली में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। विधायक पुन्नूलाल मोहले एवं कलेक्टर राहुल देव ने विभिन्न विभागों द्वारा शिविर में लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया और शतप्रतिशत पात्र लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। साथ ही स्टॉलों में प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। विधायक एवं कलेक्टर ने बच्चों को 06 माह के बच्चों को अन्नप्राशन भी कराया तथा गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को सुपोषण किट का वितरण किया। शिविर में 355 लोगों ने आवेदन प्रस्तुत किए, जिसमें 234 आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया। शेष आवेदनों का नियमानुसार निराकरण किया जा रहा है। शिविर में विधायक मोहले ने प्रत्यक्ष रूप से आमजनों से संवाद किया और उनकी बारी-बारी से समस्याएं सुनी और संवेदनशीलता के साथ निराकरण के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन सीधे आपके द्वार पर पहुंचा है। 40 से अधिक विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी यहां उपस्थित हैं। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने विभागों द्वारा स्टॉल भी लगाया गया है। सभी की पानी, बिजली, पेंशन, आवास, शौचालय, राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड बनाने सहित विभिन्न समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर लाभ उठाएं। कलेक्टर ने कहा कि शिविर में प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार निराकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप जिला प्रशासन आमजनों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। कलेक्टर ने शिविर में जनपद सीईओ, तहसीलदार, ग्राम सेवक, पंचायत सचिव, पटवारी, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पुलिस विभाग के स्थानीय अमलों को आमजनों के समक्ष उपस्थित कराकर पूछा, किसी का कोई काम तो नहीं रूका है।

# संतान की मंगल कामना व लंबी उम्र के लिए महिलाओं ने कमरछठ का व्रत रखा

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com



संतान की मंगल कामना व लंबी उम्र के लिए महिलाएं 24 अगस्त शनिवार को खमरछठ का व्रत रखी। पर्व के अवसर पर माताएं सगरी बनाकर पूजा-अर्चना की। दिन भर उपवास रखकर माताएं पसहर का चावल व 6 प्रकार के बिना जूते हुए सब्जी एवं भैंस के दूध, दही, घी का उपयोग कर व्रत रख मंदिरों में पूजा-अर्चना करती रही। गोलबाजार चैक में पूजन सामग्री एवं 6 प्रकार की सब्जी खरीदने के लिए भीड़ लगी रही। शनिवार को माताएं घर के आंगन में तालाब बनाकर झरवेरी, ताश, पलाश की शाखाओ में दोपहर में सामूहिक रूप से माताएं श्रद्धाभक्ति एवं विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। चना, गेंहू, धान, अरहर, मूंग, मक्का, जौ एवं महुवा के साथ नारियल, वस्त्र एवं श्रृगार सामग्री चढ़ाकर हलष्ठी की कथा सुनी। व्रत के दौरान हल द्वारा जुता हुआ अन्न एवं गाय का दूध, दही खाना वर्जित रहता है। इसलिए माताएं पसहर चावल, भैस का दूध-दही व केले आदि का खाने में उपयोग करती है। शहर के प्रमुख स्थानों पर समूह में महिलाएं इक्कठे होकर पूजा करती रही। राम मंदिर, पुलपारा के पास, दाऊपारा महामाया मंदिर, करही के दुर्गा मंदिर, बड़ा बाजार के पास एवं घरों में भी महिलाएं एकत्रित होकर पूजा करती रही। घर के आंगन में ही सगरी बनाकर पूजा की। कुछ घरो में खमरछट माता का चित्र बनाकर भी पूजा किया गया।भैंस के गोबर एवं जौ से बनाये गये चित्र की भी पूजा की गई।हलषष्ठी में भैंस के दूध, दही, घी तथा लाल रंग वाले पसहर चावल का अत्यधिक महत्व होने की वजह से ग्राहकों द्वारा पूजन सामग्री खरीदने के लिए बाजार तथा डेयरी में काफी भीड़ रही।मान्यता है कि इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम का जन्म हुआ था लिहाजा एक तरह से यह श्री बलराम के जन्मोत्सव का त्यौहार भी माना जाता है।इस दिन बिना हल चले अनाज का विशेष महत्व है। हलषष्ठी की पूजा में बिना हल चला अनाज ही चढ़ाया जाता है वहीं महिलाएं भी इस दिन बिना हल चले वाले अनाज पसहर चावल तथा बिना काटी सब्जी जैसे भाजी को ही भोजन के रूप में ग्रहण करती है।

## एसपी ने कहा, पैसा कमाना तो मुश्किल है ही, लेकिन उसकी बचत करना और भी कठिन है

# तीन दिवसीय "वित्तीय साक्षरता" कार्यशाला का हुआ शुभारंभ, एसपी सिंह ने दिए वित्तीय प्रबंधन के टिप्स

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




जिला के विकासखंड मनोरा में स्थित जनपद पंचायत बैठक हॉल में डीएसटी, भारत सरकार, आईबी आईटीएफ आईआईटी भिलाई के सौजन्य से पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ एवं जय हो कार्यक्रम टीम मनोरा के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय "वित्तीय साक्षरता" विषय पर कार्यशाला आयोजित किया गया है जिसमें मुख्य अतिथि शशि मोहन सिंह पुलिस अधीक्षक, जशपुर? उपस्थित रहे उन्होंने बताया कि आज के समय में पैसा कमाना तो मुश्किल है ही, लेकिन सबसे ज्यादा आज के समय में पैसा बचाना बहुत ही कठिन कार्य है वित्तीय साक्षरता में साइबर सिक्योरिटी के विषय में बहुत ही विस्तृत और लाभकारी जानकारी दिए, विशेष अतिथि के रूप में डॉक्टर विजय कुमार रक्षित भूतपूर्व प्राचार्य एवं समाजसेवी उपस्थित रहे उन्होंने वित्तीय साक्षरता विषय में जानकारी देते हुए कहा कि यह कार्यक्रम का उद्देश्य तभी सफल होगा जब आप इन जानकारी को अपने साथ-साथ सभी तक साझा करेंगे और इसको अपने जीवन में उतारेंगे। फिंनटेक परियोजना के डायरेक्टर डॉ.सुनील कुमेटी के मुख्य आतिथ्य और जय हो कार्यक्रम के जिला समन्वयक तेजराम सारथी के विशेष मार्गदर्शन में अतिथि वालेंटर भेंगरा एल डी एम जशपुर, राजेंद्र प्रेमी शिक्षक व संगीतकार, डॉक्टर राजीव रंजन तिग्गा सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी,एलडीओ जनपद पंचायत मनोरा, दीपक साहू सोशल वर्कर, सुमित पटेल साइकोलॉजिस्ट पंडित रवि शंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर की अध्यक्षता में मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर और एनएसएस इकाई बगीचा द्वारा स्वागत गीत के माध्यम से कार्यशाला का शुभारंभ किया गया प्रथम रिसोर्स पर्सन डॉ राजीव रंजन तिग्गा महाविद्यालय बगीचा द्वारा कहा गया की वर्तमान समय को देखा जाए तो लोगों के जीवन में पैसे की बहुत बड़ी भूमिका है हर व्यक्ति पैसे के लिए काम करता है, जितना मेहनत से पैसा कमाया जाता है उससे ज्यादा जरूरी है उस पैसे का सही प्रबंधन बचाव, बर्ताव और सुरक्षा करने का, दूसरे रिसोर्स पर्सन के रूप में शिखा शर्मा संरक्षण अधिकारी उपस्थित रही उन्होंने वित्तीय साक्षरता के साथ ही साथ लैंगिक उत्पीड़न और महिला जागरूकता संबंधित जानकारी विस्तार से प्रतिभागियों को प्रदान किए, नेहा केश वर्कर ने भी बहुत अच्छी जानकारी सभी तक साझा की साथ जय हो टीम मनोरा ने सभी को कार्यशाला संपन्न कराने में योगदान देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। अगली कड़ी में पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से आये फिनटेक परियोजना के को-कोऑर्डिनेटर डॉ.टी.के. सिंह के द्वारा वित्तीय प्रबंधन को लेकर अपने उद्बोधन में कहा गया की वित्तीय अनिमियत्ता को रोकने के लिए वित्तीय व्यवहार की जानकारी होना बहुत ही आवश्यक है, एलडीएम जशपुर ने कहा कि हमारा भारत देश वित्तीय संकट की दौर से गुजर रहा है, इसका कारण है की वित्तीय प्रबंधन को लेकर सजग नहीं है ऑनलाइन फ्रॉड में फंस कर एक लिंक को टच करके मेहनत की पूरी कमाई मिनटों में गंवा दे रहे हैं जो की बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण बात है।

# एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन



पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com

भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव की गिरफ्तारी का मामला दिनों दिन गहराता जा रहा है। जिसको लेकर कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा पुरे प्रदेश स्तर पर धरना प्रर्दशन किया जा रहा है। इसी कडी में जिला/ब्लाक/शहर कांग्रेस कमेटी के त्तवाधान में एक दिवसीय धरना पदर्शन का आयोजन नगर के पढाव चैक में भी किया गया । गौरतलब हो कि भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव सहित अन्य कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी का विरोध पुरे प्रदेश में किया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर पुरे प्रदेश भर में एक दिवसीय धरना प्रर्दशन आयोजित की गई। जिसके परिपेक्ष में मुंगेली के पढाव चैक में वरिष्ठ कांग्रेसियों सहित युवा कांग्रेस, ब्लाक कांग्रेस,एन एस यू आई, शहर कांग्रेस कांग्रेसी पार्षद गणो ने बलौदाबाजार में हुए घटना में भिलाई से युवा विधायक देवेन्द्र यादव की हुई गिरफ तारी के विरोध में धरने पर बैठ गये । उक्त कार्यक्रम प्रभारी बिलासपुर के पूर्व विधायक शैलेश पांडे उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होने पत्रकारो से रूबरू होकर कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा विधायक देवेन्द्र यादव को गिरफ्तार किया जाना निंदनीय है।

